8 page 1_01.qxd 11/7/2023 10:00 PM Page 1



बिजली मंत्री के दारू वाले बयान पर आप ...

P8


दैनिक

# भरोसा मित्र

ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की


तिरंगे पर कंपनी का लोगो देख गुस्सा ...

P8



वर्ष:1 ■ अंक: 60 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ बुधवार ■ 8 नवंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

## न्यूज डायरी

### दिसंबर में शुरू हो सकता है भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पिछले साल 7 सितंबर से 30 जनवरी, 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा के पहले चरण का नेतृत्व किया था। इस दौरान उन्होंने 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों में 4,081 किलोमीटर की यात्रा की थी। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण इस साल दिसंबर से फरवरी 2024 के बीच होने की संभावना है। सूत्रों ने मंगलवार को इस बात की जानकारी दी। राहुल गांधी ने पिछले साल 7 सितंबर से 30 जनवरी, 2023 तक कन्याकुमारी से कश्मीर तक यात्रा के पहले चरण का नेतृत्व किया था। इस दौरान उन्होंने 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों, 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों में 4,081 किलोमीटर की यात्रा की थी। कांग्रेस ने हाल ही में कहा था कि भारत जोड़ो यात्रा 2.0 विचाराधीन है। कांग्रेस कार्य समिति के कुछ सदस्यों ने आग्रह किया था कि यात्रा चरण 2 को देश के पूर्वी हिस्से से पश्चिम तक चलाया जाए।

### पंचकूला में खाद्य विभाग की छापेमारी

**चंडीगढ़।** पंचकूला में जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. गौरव शर्मा ने सेहत विभाग कर्मियों के साथ दूध की डेयरी, ढाबा, किराना स्टोर और खाद्य पदार्थ बनाने वाली फैक्ट्रियों पर रेड की। इस दौरान उन्होंने दुकानों से खाद्य पदार्थों के सैंपल एकत्रित करते हुए जांच के लिए लैब भेजा। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के तहत खाद्य पदार्थों के नमूने लेने के बाद उन्हें खाद्य प्रयोगशाला करनाल में विश्लेषण के लिए भेजा जाता है। इसके उपरांत जो खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं थे, उनको मौके पर नष्ट करवा दिया गया। रिपोर्ट आने के बाद यदि नमूने फेल होते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी दुकानदारों को दूषित व बासी मिठाई न बेचने की चेतावनी दी गई है। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी दुकानदार दूषित व मिलावटी खाद्य पदार्थ/मिठाई बेचता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बढ़ते प्रदूषण को रोकने में सरकार नाकामयाब

**फरीदाबाद।** पूर्व मंत्री हरियाणा करण सिंह दलाल के नेतृत्व में क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण को रोकने में नाकामयाब रही सरकार सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई।इस अवसर पर मीडिया से रूबरू होते हुए करण दलाल ने कहा कि वायु प्रदुषण आज सम्पूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय बना हुआ है लेकिन आज हमारे फरीदाबाद जिले में साँस लेना मुश्किल हो गया है। वर्तमान राज्य की बीजेपी सरकार इस तरफ कोई ध्यान नही दे रही है और आमजन को इस समस्या से अकेले ले ने के लिए छो दिया है। फरीदाबाद में हवा की गुणवत्ता अभी हानिकारक है। यह आज पांच सिगरेट पीने के बराबर है। औद्योगिक जिला फरीदाबाद देश के सबसे प्रदूषित शहरों में पांचवे स्थान पर था। आज हम तथाकथित विकास के नाम पर कई ऐसे काम कर रहे हैं जिनका असर वायु की शुद्धता पर पे रहा है। औद्योगीकरण के बाद से लगातार उत्पादन क्षमता बढ़ता जा रहा है। कल हम सब मिलकर सैक्टर 12 फरीदाबाद सचिवालय के बाहर इस मुद्दे को लेकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगें ।

---

लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में पड़ी दरार

# आम आदमी पार्टी ने 10 लोकसभा सीटों में से मांगी पांच सीटें

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़ । सत्तारूढ़ भाजपा के विरुद्ध बनाए गए विपक्षी दलों के गठबंधन आइएनडीआइए में हरियाणा की लोकसभा सीटों के बंटवारे को लेकर जबरदस्त तरीके से दरार पड़ गई है। आइएनडीआइए में शामिल आम आदमी पार्टी ने जहां राज्य की 10 लोकसभा सीटों में से कम से कम पांच लोकसभा सीटों पर दावेदारी जताई है, वहीं कांग्रेस पार्टी ने इस पर सवाल खड़े करते हुए आम आदमी पार्टी की मांग को गैर जिम्मेदाराना करार दिया है। कांग्रेस ने कहा है कि मांगने को कोई कितनी भी सीटें मांग सकता है। यदि कोई 10 में से 11 लोकसभा सीटें मांगने लगे तो उसका कोई इलाज नहीं है। आम आदमी पार्टी हरियाणा के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सदस्य डा. सुशील गुप्ता ने सोमवार को कहा था कि हरियाणा में यदि लोकसभा सीटों का बंटवारा हुआ तो पांच-पांच सीटों का बंटवारा होगा। हरियाणा में आम आदमी पार्टी का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है, लेकिन कांग्रेस पिछले नौ साल से अपना संगठन तक तैयार नहीं कर पाई है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी पूरी मजबूती के साथ लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार है। हम राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने बूते चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं। बात जब सीटों के बंटवारे की आएगी तो हम पांच से कम सीटों पर नहीं मानेंगे। डा. सुशील गुप्ता से पूर्व आम आदमी पार्टी हरियाणा की प्रचार समिति के



**कांग्रेस ने कहा, मांगने में क्या जाता है, आप 10 में से 11 सीट भी मांग सकती थी**

अध्यक्ष डा. अशोक तंवर भी कह चुके हैं कि प्रदेश में कांग्रेस का कोई जनाधार नहीं है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पूर्व में किए गए सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने तथा आम आदमी पार्टी को एक भी सीट नहीं देने के दावे को आधार बनाते हुए कहा था कि जो लोग अपना संगठन नहीं बना सकते, वह आम आदमी पार्टी को सीटें नहीं देने की बात करते हैं। अशोक तंवर के बाद अब डा. सुशील गुप्ता ने कांग्रेस पर हमला बोलकर आइएनडीआइए गठबंधन में दरार होने के संकेत दे दिए हैं। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने डा. सुशील गुप्ता के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि मांगने में किसी का कुछ नहीं जाता। मुंह में बात आए तो कुछ भी मांग लो। मांगने में तो पांच की जगह 10 में से 11 सीट भी मांग सकते थे। आम आदमी पार्टी के बयानों में कोई गंभीरता नहीं है। उसके नेता गैर जिम्मेदारी पूर्ण तरीके से बात करते हैं। इस प्रकार के गैर जिम्मेदारान बयान का जवाब देने का समय नहीं है। आज समय चुनाव लड़ने की तैयारी करने का है। दीपक बाबरिया के अनुसार सीटों के बंटवारे को लेकर सभी दलों के हाईकमान फैसला लेंगे। दिल्ली में प्रदूषण बढ़ रहा है। आम आदमी पार्टी के नेताओं को जुमलेबाजी छोड़कर इस तरफ ध्यान देना चाहिए कि दिल्ली का प्रदूषण कैसे कम हो सकता है। अपने झूठ और विफलताओं को छिपाने के लिए आम आदमी पार्टी की पुरानी आदत अगल-बगल का रास्ता ढूंढने की रहती है। पार्टी प्रभारी दीपक बाबरिया के अनुसार दिल्ली में लगकर काम करने की बजाय दूसरों पर आरोप लगाना आम आदमी पार्टी की आदत बन चुकी है। दिल्ली में आज जो भी स्थिति है, उसके लिए आम आदमी पार्टी पूरी तरह से जिम्मेदार है। पंजाब में भी आम आदमी पार्टी की सरकार है। आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के 10 साल बर्बाद कर दिए। आने वाले चुनाव में उसका जवाब भी देखने को मिलेगा। अरविंद केजरीवाल कल को यह भी कह सकते हैं कि दिल्ली में जो प्रदूषण फैल रहा है, उसके लिए इजरायल की बमबारी जिम्मेदार है। हरियाणा दौरे को लेकर बाबरिया ने कहा कि अरविंद केजरीवाल तो पूरे देश में सरकार बनाने के ख्वाब देख रहे है। जुमलेबाजी के लिए प्रख्यात केजरीवाल अगर सपने लेना चाहते हैं ते लेते रहें। कांग्रेस को इसमें क्या आपत्ति हो सकती है।

---

मुख्यमंत्री ने हिसार, सिरसा और फतेहाबाद के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ की बैठक

# गरीबों को हक दिलाना सरकार की पहली प्राथमिकता : मनोहर लाल

■ सरकार का ध्येय पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देकर प्रदेश के हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ाना

**शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र**

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार गरीब व जरूरतमंदों कल्याणार्थ योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। हमने पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने की शुरुआत की है, ताकि वे मुख्यधारा में आकर समाज का हिस्सा बन सकें। सरकार ने गरीब व जरूरतमंदों को समय पर सहायता देकर उनके जीवन को सरलयापन किया है। अब वे गर्व से कह रहे हैं कि वे भी समाज के अभिन्न अंग हैं और उनके अधिकारों को कोई दबंग नहीं छीन सकता है। मुख्यमंत्री आज चंडीगढ़ में अपने निवास संत कबीर कुटीर पर हिसार, सिरसा और फतेहाबाद जिलों के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ बैठक कर रहे थे। मनोहर लाल ने कहा कि प्रबुद्ध नागरिकों का समाज में एक अहम स्थान होता है। वे सरकार और जनता के बीच एक सेतु की भांति होते हैं, इसलिए उन्हें जनता को सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से अवगत करवाना चाहिए, ताकि अधिक से अधिक पात्र लोग इनका लाभ उठा सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शासन संभालते ही सबसे पहला काम राजकाज में ई-गवर्नेंस लाने का किया, जिससे हर प्रक्रिया को ऑनलाइन किया। इससे सभी काम जल्दी होने लगे और पारदर्शिता भी आई, जिससे जनता का जीवन सुगम बना। पहले लोगों को छोटे-छोटे कामों के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ते थे और बिचौलियों का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन हमारी सरकार ने इन सारी व्यवस्था में परिवर्तन लाते हुए ऑनलाइन सिस्टम लागू किया।



**हरियाणा के हैप्पीनेस इंडेक्स को बढ़ाना सरकार का लक्ष्य**

मनोहर लाल ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश को विकास की दृष्टि से आगे ले जाने का काम किया है। हमने हरियाणा एक- हरियाणवी एक के नारे पर चलते हुए हर विधानसभा क्षेत्र का एक समान विकास सुनिश्चित किया है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया और प्रदेश में उद्योगों की गति को बढ़ाया है। अब राज्य सरकार की प्राथमिकता अपने नागरिकों के लिए एक उच्चतम ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स पर फोकस करना है, ताकि प्रदेश के लोगों का जीवन आर्थिक रूप से मजबूत होने के साथ-साथ सुखमय हो सके।

### दिवाली के नाम के कर्मचारियों 501 रुपए देगी सरकार

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेशवासियों और सभी कर्मचारियों को दीपावली की दी अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए ऐलान किया कि इस बार कर्मचारियों को 501 रुपए की राशि सरकार भेजेगी, वह इस पैसे से मिठाई खरीदकर अपना और अपने परिवार का मुंह मीठा करें। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी सफाई कर्मचारी (ग्रामीण और शहरी), सभी चौकीदार (ग्रामीण और शहरी) और सभी ट्यूबवेल ऑपरेटर्स को दिवाली की मिठाई के 501 रुपए सरकार देगी।

---

# भोजन में मोटे अनाज को शामिल कर रह सकते हैं स्वस्थ : दत्तात्रेय

बोले, हरियाणा सरकार भी मोटे अनाज को दे रही है बढ़ावा

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़ । राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मोटे अनाज का प्रयोग छोड़ देने के कारण देश में कई तरह की बीमारियां बढ़ी है, खासकर शुगर, ब्लड प्रेशर दिल, किडनी, कैंसर जैसी रोगों से ग्रस्त मरीजों की संख्या में बड़े स्तर पर इजाफा हुआ है। राज्यपाल ने कहा कि जब तक भोजन में अनाज नहीं बदलेंगे तो देश का स्वास्थ्य नहीं बदल सकता है, इसलिए मोटे अनाज का प्रयोग हमें बड़े स्तर पर करना होगा। राज्यपाल नई दिल्ली स्थित राजघाट के सेमिनार हाल में तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार मोटे अनाज का उपयोग स्वस्थ मानव जीवन व सुरक्षित पर्यावरण को संबोधित कर रहे थे। इस राष्ट्रीय सेमिनार में पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली मनोहर जोशी, पदमश्री डा. खादर वली, पद्मश्री राम बहादुर राय, आर.के. सिन्हा, विजय गोयल, डा. सच्चिदानंद जोशी, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने भी संबोधित किया। इस सेमिनार में अनाज के बदलाव से स्वास्थ्य में आई गिरावट पर चर्चा की गई और मोटे अनाज का प्रयोग बढ़ाने पर बल दिया गया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मोटे अनाज विशेष कर बाजरा की पैदावार बढ़ाने पर जोर दे रही है और इस दिशा में किसान को समृद्ध करने के लिए बाजरा को भाव भावांतर योजना में शामिल किया गया है। भारत सरकार के खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ने 2022-23 से 2026-27 के दौरान 800 करोड़ रूपए के पीएलआईएसएमबीपी को मंजूरी दे दी है।



**बचपन में खाते थे ज्वार की रोटी, मां की शुगर भी हुई ठीक**

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि 1954 में जब वे बाल्य अवस्था में थे तो उनका परिवार गरीब रहा । माँ हर रोज ज्वार की रोटी खिलाती थी, हम सभी एक स्वस्थ जीवन यापन कर रहे थे। ब` होने पर शहर जा कर रहने लगे। तब तक मामा जी अफसर बन गये थे। इस से घर में चावल खाने की शुरूआत हुई। चावल लगातार खाने से माँ को शुगर की बीमारी हो गई। मैने देखा कि ज्वार की रोटी छो ने से मां को शुगर की बीमारी हुई। हम सभी ने फिर से ज्वार की रोटी को अपने भोजन में इस्तेमाल करना शुरू किया। ज्वार की रोटी से माँ फिर से स्वस्थ हो गई। मोटे अनाज की यह अहमियत है जो हमे समझने पड़ेगी।

---

# सरकार ने गन्ना के रेट में मामूली वृद्धि कर किसानों के साथ किया धोखा:अभय चौटाला

■ कहा, गठबंधन सरकार किसानों को कमजोर कर शूगर मिल मालिकों को फायदा पहुंचा रही

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

चंडीगढ़। इनेलो के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर द्वारा गन्ने की फसल का रेट मात्र 14 रूपए प्रति क्विंटल बढ़ा कर 386 रूपए प्रति क्विंटल करने को नाकाफी बताते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने एक बार फिर से किसानों के साथ धोखा किया है। पिछले कई सालों से महंगाई लगातार बेतहाशा बढ़ती जा रही है जिसको ध्यान में रखकर गन्ने की फसल का रेट तय किया जाना चाहिए। अभय चौटाला ने कहा कि भाजपा गठबंधन सरकार किसानों को कमजोर करने में लगी है और शूगर मिल मालिकों को फायदा पहुंचाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि चीनी उद्योग ऊर्जा आधारित उद्योग है जिसमें गन्ने को कच्चा माल के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है और गन्ने की पिराई करने से चीनी के अलावा चार और बाय प्रोडक्ट निकलते हैं। पहला, बगास (खोई) निकलता है जो अगले साल चीनी उत्पादन में ही एक फ्यूल के तौर पर काम आता है। दूसरा, प्रेसमड निकलता है जिसमें सल्फर की मात्रा अधिक होने से सल्फर की खाद के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है। तीसरा मोलासिस (सीरा) निकलता है जो इथनॉल और शराब बनाने के साथ-साथ और भी उद्योगों में इस्तेमाल होता है और चौथा चीनी बनाते समय जो ट्रबाइन चलती है, उससे जो बिजली पैदा होती है वो जरूरत से अधिक पैदा होती है जिसे बेच कर भी शूगर मिल मालिक मोटा मुनाफा कमाते हैं।



**450 रुपए प्रति क्विंटल दे सरकार**

उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी तरफ गन्ना उत्पादक किसानों को गन्ना की फसल के उत्पादन में खाद, बीज, दवाइयां, डीजल और अन्य चीजों के दाम का जो खर्च आता है वो बहुत अधिक बढ़ गया है। आम उपभोक्ता को भी चीनी महंगी मिल रही है जिससे किसानों के साथ आम जनता को भी लूटा जा रहा है। इस साल सरकारी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता 8 प्रतिशत के हिसाब से दिया गया है तो किसानों को गन्ने के रेट में 3.76 प्रतिशत की बढ़ोतरी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि गन्ना उत्पादन की लागत बढ़ गई है तो गन्ना का रेट भी उसी अनुपात में बढ़ना चाहिए और किसानों को गन्ना का रेट 450 रूपए प्रति क्विंटल के हिसाब से देना चाहिए।

---

# गुरुग्राम में बीएस 3-4 वाहनों पर रोक

**गुरुग्राम।** हरियाणा सरकार राज्य में प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए गंभीरता से कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में गुरुग्राम जिला में बीएस तीन (पेट्रोल) व बीएस चार (डीजल) श्रेणी के वाहनों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। डीसी निशांत कुमार यादव ने जानकारी देते हुए



बताया कि परिवहन आयुक्त, हरियाणा द्वारा गुरुग्राम व फरीदाबाद जिला में बीएस तीन (पेट्रोल) व बीएस चार (डीजल) श्रेणी के चार पहिया लाइट मोटर व्हीकल के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। जिला में इन आदेशों की पालना गंभीरता से सुनिश्चित की जाएगी। प्रदूषण नियंत्रण के लिए जिला वासियों को भी प्रशासन का सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला में अगर कोई इन श्रेणी के वाहनों का प्रयोग करेगा तो उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट, 1988 की धारा 194 (1) के तहत चालान और कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला में यह आदेश तुरंत प्रभाव से लागू कर हो चुके है, जोकि आगामी 30 नवंबर या ग्रैप की स्टेज तीन हटने तक प्रभावी रहेंगे।

---

# वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को लगाई फटकार

कहा, यह राजनीतिक मामला नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

दिल्ली व दिल्ली एनसीआर में लगातार बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने वायु प्रदूषण को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वायु प्रदूषण पर सिर्फ दोषारोपण का खेल जारी है। कोर्ट ने कहा कि पंजाब में अब भी पराली जलाई जा रही है। यह कोई राजनीतिक मामला नहीं है। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस एसके कौल ने कहा कि पंजाब में अब भी पराली जल रही है, जबकि तकनीक उपलब्ध है, इसकी तस्वीरें भी दिखाई जा रही हैं। मैं पिछले सप्ताह पंजाब से गुजर रहा था और सड़क के दोनों ओर पराली जल रही थी। दिल्ली को इस तरह साल दर साल आगे नहीं बढ़ाया जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि पराली जलाना हर हाल में रुके। हम नहीं जानते की यह किस प्रकार होगा। ये सरकार का काम है। इसके साथ सुप्रीम कोर्ट ने पूछा राज्य पराली न जले इसके लिए क्या कर रहा है। कोर्ट ने कहा कि हम कल का भी इंतजार नहीं कर सकते पराली जलाना तत्काल रुकना चाहिए। कोर्ट चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगर हमने अगर सख्त रवैया अपना लिया तो रुकेंगे नहीं। कोर्ट ने पंजाब सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि ये इंसानों की सेहत की हत्या करने के बराबर है। सभी को अपनी अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। वहीं केंद्र सरकार ने कहा कि 3 हजार करोड़ रुपये हमने राज्यों को पराली की समस्या से निपटने के लिए जारी किया है।



---

# कांग्रेस प्रभारी दीपक बावरिया जींद में कार्यकर्त्ताओं की टटोलेगें नब्ज

**संगठन गठन से ठीक पहले आपत्तियां कर रहे दर्ज**

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

जींद। हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बावरिया 9 नवंबर यानि कल जींद के विश्राम गृह में दोपहर बाद पार्टी नेताओं और क र्यकर्त्ताओं से रूबरू होगें। इस दौरान हरियाणा प्रभारी पार्टी संगठन के गठन को लेकर नेताओं के साथ रायशुमारी करेगें। दीपक बावरिया प्रदेश की जिम्मेदारी संभालने के बाद पहली बार जींद आ रहे है। उनके आगमन से पार्टी नेताओं और कार्यकर्त्ताओं में उत्साह का माहौल बना हुआ है। पार्टी कार्यकर्त्ताओं में यह बात हिलोरे मारने लगी है कि जिस तरह शीर्ष नेतृत्व हरकत में है, उसके नतीजन संगठन का गठन निकट है। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस के संगठन का गठन पिछले 10 वर्षो से नहीं हो पाया। भले ही पार्टी आला ने प्रदेशाध्यक्ष की नियुक्ति कर दी हो, किंतु जिला और



ब्लॉक स्तर पर संगठन के नाम से जिम्मेदारियों का स्थान खाली है। मौजूदा प्रदेशाध्यक्ष चौधरी उदयभान सिंह हो या फिर अतीत में रहे कुमारी शैलजा और डॉ. अशोक तवर संगठन का गठन नहीं कर पाये। चौधरी उदयभान सिंह की ताजपोशी के बाद कांग्रेस के गलियारों में यह बात चल पड़ी थी कि जल्द ही संगठन का गठन होगा। किंतु कई माह बाद भी उदयभान जिले स्तर पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्त्ताओं को पदाधिकारी तय नहीं कर पाये। हरियाणा के कांग्रेसियों में खींचतान के कारण संगठन का गठन नहीं हो पाया। कांग्रेसी इस बात को भांपते है कि 2014 और 2019 के चुनाव में संगठन न होने का खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा है। क्योंकि जिम्मेदारी न मिलने पर जिले स्तर पर पार्टी नेता और कार्यकर्त्ता तरीके और सलीके से कार्यक्रम आयोजित नहीं कर पाये। संगठन गठन से पहले कार्यकर्त्ताओं के गिले-शिकवे सुनने के बाद किंतु-परंतु के सवालो पर फुल स्टॉप लगना तय है। इसलिए माना जा रहा है कि सूबे में राजनीतिक करंट दौड़ाने वाली जींद की धरा पर पार्टी नेताओं और कार्यकर्त्ताओं से रूबरू होने के बाद संगठन गठन की प्रक्रिया एक्टिव मोड में आकर सिरे चढ़ेगी। सोनीपत लोकसभा प्रभारी मंयक पटेल ने बताया कि 9 नवंबर को हरियाणा प्रभारी दीपक बावरिया जींद में कार्यकर्त्ताओं से रूबरू होगें।

---

उद्घाटन

दीपावली से पहले गृहमंत्री ने अंबाला वासियों को दी सौगात

# मल्टीलेवल पार्किंग से बदलेगी शहर की सूरत : अनिल विज

■ बोले, दिल्ली का मॉडल तो यही है कि जेल के अंदर से सरकार चलाओ

**भरोसा मित्र ब्यूरो**

अंबाला। गृह मंत्री अनिल विज ने अंबाला छावनी निवासियों को मल्टी लेवल कार पार्किंग की एक और बड़ी सौगात दी। अंबाला छावनी की रेलवे रोड पर 19.38 करोड़ की लागत से बनी इस पार्किंग में 3 फ्लोर है, जहां लगभग 400 गाड़िया एक साथ खड़ी हो पाएगी। अम्बाला छावनी में अक्सर पार्किंग को लेकर बड़ी समस्या बनी रहती थी। जिससे अब अंबाला छावनी की जनता को निजात मिल जाएगी। अंबाला छावनी में आज हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने 19.38 करोड़ की लागत से 3 मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग का उद्घाटन किया। इस मल्टीलेवल पार्किंग में लगभग 400 के करीब चौपहिया वाहन और 350 दो पहिया वाहनों को खड़ा किया जा सकेगा। इन वाहनों को खड़ा करने की व्यवस्था के लिए 3 शिफ्ट में 15 कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है, ताकि वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था बनाई जा सके। वहीं पत्रकारों से बामचीत में गृह मंत्री अनिल विज ने एक बार फिर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर हमला बोला है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि केजरीवाल आजकल अच्छा मॉडल पेश कर रहे हैं। वह जहां-जहां चुनाव हैं, वहां जाकर कह रहे हैं कि वह उस राज्य में दिल्ली मॉडल पेश करेंगे, जबकि दिल्ली के चार मंत्री जेल में हैं। वहां के कितने मंत्री अंदर होंगे क्योंकि दिल्ली का मॉडल तो यही है कि जेल के अंदर से सरकार चलाओ। उन्होने कहा कि पार्किंग बनानी जरूरी थी, जगह न होने की वजह से नाले के ऊपर ये मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। जिसमें लगभग 350 बड़े वाहन तो 300 छोटे वाहन खड़े हो सकते है। जिसके लिए एक शुल्क भी तय किया गया है, आने वाले समय में लिफ्ट भी लगाई जाएगी। जिसमें वाहन चालक लिफ्ट में बैठे देख सकेगा की कौन से फ्लोर पर जगह है जहां पार्किंग करनी है।




### राहुल पर कसा तंज, चुनाव के समय कुछ लोग जनेऊ खरीद लेते हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की केदारनाथ यात्रा पर तंज कसते हुए अनिल विज ने कहा कि जब भी चुनाव आते हैं, तो कुछ लोग जनेऊ खरीद लेते है और जगह-जगह मंदिरों में जाते हैं, इससे उन्हें कोई एतराज नहीं है लेकिन जो लोग दिखावे के लिए जाते है वो ठीक नहीं लगता। प्रदूषण के बढ़ते स्तर पर पूछे गए सवाल के जवाब में गृह मंत्री अनिल विज ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि प्रदूषण बड़ी समस्या है, इस पर सभी को मिलजुल कर काम करना चाहिए और राजनीति नहीं करनी चाहिए।

## खबर फटाफट

### हनुमानबगीची में भंडारे का आयोजन



**सोहना ।** यहां पर अनाजमंडी स्थित प्राचीन श्री हनुमानबगीची प्रांगण में मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के सौजन्य से भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में विकास सिंगला विक्की, मनोज ग्रोवर, दिनेश सिंगला आदि ने अपने साथियों समेत श्रद्धालुओं को पक्तिबद्ध बैठाकर प्रसाद ग्रहण कराया। भंडारे में श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति के तमाम सदस्यों व पदाधिकारियों के साथ-साथ समिति सदस्यों के परिजनों, मित्र मंडली, सहयोगियों, स्वयंसेवकों तथा आमंत्रितजनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हाथ बंटाया। भंडारे में महिलाओं ने भी खासी तादाद में हिस्सा लिया। भंडारे में विकास सिंगला विक्की, दिनेश सिंगला, मनोज ग्रोवर आदि स्वयंसेवी कार्यकर्ताओं का खासा योगदान रहा। भंडारे में शहर के अलावा आसपास लगते गांवों से आए श्रद्धालुओं ने बड़ी तादाद में हिस्सा लिया और प्रसाद ग्रहण किया।

### मृतक सफाई कर्मचारियों के परिवारों को मुआवजा दे सरकार : घोडारोप

**सोहना ।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी महेश घोडारोप ने यहां पर सेक्टर तिरानबे स्थित रहेजा नवोदय सोसायटी स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की सफाई करने आए 2 सफाई कर्मचारियों 25 वर्षीय परजीत निवासी गांव कासनी, जनपद झज्जर और 40 वर्षीय राजकुमार निवासी गांव बलिया, बिहार की एसटीपी प्लांट में बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करने व जहरीली गैस की चपेट में आने पर हुई मौत पर गहरा दुख जताया है और मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार से मांग की है कि सरकार दोनों मृतकों के परिवारों को राजकोष से कम से कम 50-50 लाख रुपए की आर्थिक मदद और मृतकों के एक-एक परिजन को सरकारी नौकरी देने का काम करे। साथ ही इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर जो भी दोषी पाए, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए। रहेजा नवोदय आरडब्ल्यूए सोसायटी को भी चाहिए कि वह मानवता के नाते मृतकों के परिवारों की आर्थिक मदद करने में आगे आए।

### दिवाली पर गरीबों पर खर्च करें पैसे : तंवर

**सोहना ।** यहां पर गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ ने गांव रामगढ़ में मंगलवार को दीवाली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में खंड के विभिन्न गांवों और दूरदराज स्थानों से आए आमंत्रित लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए प्रमुख समाजसेवी व गांव बादशाहपुर के सेक्टर सड़सठ में अंसल एसेंसिया आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान धर्मेन्द्र तंवर रामगढ़ ने उपस्थित लोगों को दीवाली, गोवर्धन, भैया दौज, छठ पूजा की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्योहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर दीवाली की मुबारकबाद दी और आपस में गले मिलकर दीवाली उत्सव मनाया।

### इस बार प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाएं : बंसल

**सोहना ।** भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान रहे सेठ सुभाष बंसल रेवासनिया ने लोगों से दीवाली पर बम-पटाखे ना छोडऩे की अपील की है। उन्होंने कहा कि ये चीजें गंदगी तो फैलाती ही है, साथ में प्रदूषण को भी बढ़ावा देती है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में जब राम वापिस आए तो नगरवासियों ने सफाई करके दीप जलाए थे। उन्होने कहा कि रात को लक्ष्मी पूजन के लिए हम खुशबूदार धूपबत्ती जलाकर लक्ष्मी को प्रसन्न करते है। वही आस-पडोस में जहरीला धुआं छोड़ते है जो पूरे वातावरण को दूषित करता है। ऐसा कदापि ठीक नहीं है। इससे सारा आयोजन उल्टा पड़ सकता है। उन्होंने जनता से दीवाली पर जहरीले पटाखे ना चलाने का आग्रह किया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान रहे सेठ सुभाष बंसल रेवासनिया का कहना है कि पटाखों से बचाए गए पैसों से मिठाई और वस्त्र आदि खरीद कर अपने आसपास रहने वाले गरीब परिवारों में मिठाई और वस्त्र वितरित की जाए ताकि अत्यंत निर्धन परिवारों के बच्चे भी दीवाली के त्योहार का आनंद उठाए।

### कैंसर से समय रहते बचाव संभव

**सोहना ।** यहां पर मंगलवार को राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय पुराने बसअडडा क्षेत्र में स्थित सूरज स्वास्थ्य केन्द्र में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। अस्पताल निर्देशक डाक्टर राशिद खान के अनुसार इस मौके पर प्रवर चिकित्सा अधिकारी रहे डाक्टर गोविंदशरण ने उपस्थितों के साथ-साथ आम जनमानस को कैंसर रोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कैंसर रोग शरीर में कही भी और किसी भी उम्र में हो सकता है। इस अवसर पर अग्रवालसभा के पूर्व उपाध्यक्ष उमेश अग्रवाल, भाजपा नेता व नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन सुभाष सिंगला, नगरपार्षद निर्मला सैनी, नगरपार्षद राखी बागड़ी, युवा समाजसेवी रूपचंद सैनी, सरदार गुरूचरण सिंह, मुजाहिद खान, दिनेश नंबरदार लोहटकी, मुकेश राजपाल, गांव सिरसका से कर्मपाल बोकन, सैंकी सिंगला आदि प्रमुख लोगों के साथ-साथ अस्पताल के सभी चिकित्सक महिला चिकित्सकों के साथ-साथ औषधि वितरक और सभी कर्मचारी भी मौजूद रहे ।

### महिलाएं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का उठाएं लाभ : यादव

**सोहना ।** हरियाणा में जन सूचना आयुक्त रहे व सेवानिवृत एचसीएस अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव ने मंगलवार को यहां पर ब्लाक के कई गांवों का दौरा कर लोगों की जनसमस्याएं जानी और भरोसा दिया कि वह संबंधित विभागों के अधिकारियों से मिलकर इन समस्याओं का तत्परता से निवारण कराएंगे। इस मौके पर उन्होने लोगों से जागरूक बनने का आहवान किया और कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की तरफ से जनहित में जो योजनाएं चलाई जा रही है, उन योजनाओं से प्रत्येक लाभार्थी को लाभ उठाना चाहिए। इससे पूर्व गांवों में पहुंचने पर हरियाणा में जन सूचना आयुक्त रहे व सेवानिवृत एचसीएस अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव का ग्रामीणों ने फूलमालाएं पहनाकर शानदार स्वागत किया। विभिन्न गांवों में अपने सम्मान में आयोजित लघुसभाओं में उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए हरियाणा में जन सूचना आयुक्त रहे व सेवानिवृत एचसीएस अधिकारी नरेन्द्र सिंह यादव ने ग्रामीण महिलाओं से अनुरोध किया कि वह प्रधानमंत्री उज्जवला योजना का लाभ उठाए। उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तीसरे चरण में देश के 75 लाख निर्धन परिवारों की महिलाओं निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिए जाएंगे।

# मिठाइयों के नाम पर बिक रहा जहर

## दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी मिठाइयां ग्राहकों को आकर्षित करने लगी हैं

**इतना ही नहीं सरकार की दी गई हिदायतों और बनाए गए उस कानून की पालना भी नहीं कर रहे हैं**



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना। ज्यो-ज्यो दीपावली का त्यौहार निकट आ रहा है, त्यो-त्यो यहां के बाजारों में मिठाई विक्रेताओं की दुकानों पर सजी रंग-बिरंगी मिठाइयां ग्राहकों को आकर्षित करने लगी हैं। मिठाई विकेता पाउडर व सिंथेटिक दूध, नकली खोया, मावे से बनी और घातक रंग डालकर रंग-बिरंगी मिठाइयां बनाने के नाम पर लोगों को मुंह मांगे दामों पर मीठा जहर बेच सरेआम लोगों के जीवन से खिलवाड़ कर जमकर चांदी कूटने में लगे है।

इतना ही नहीं सरकार की दी गई हिदायतों और बनाए गए उस कानून की पालना भी नहीं कर रहे हैं, जिसमें कहा गया है कि प्रत्येक हलवाई अपनी दुकान पर बेची जा रही मिठाई वाली ट्रे में यह भी प्रतिदिन प्रदर्शित करेगा कि अमुक मिठाई कब बनाई गई और कितने दिन तक यह खाने योग्य रहेगी। लोगों का कहना है कि सोहना में सिंथेटिक व पाउडर युक्त दूध, घातक रंगों व नकली, घटिया खोया से बनी मिठाइयों, नकली पनीर, देशी घी आदि की दिन-रात हो रही बिक्री के बावजूद ना केवल संबंधित स्वास्थ्य विभाग बल्कि आला प्रशासन भी इस तरफ से आंखें मूंद जान-बूझकर अंजान बना हुआ है। आम जनमानस के बीच स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली संदेह के घेरे में आती जा रही है। यहां दूध की खपत ज्यादा होने व त्यौहारों पर मिठाइयों की खातिर दूध, खोया, पनीर, घी आदि की खपत कई-कई गुणा ज्यादा बढने के बावजूद यहां ग्रामीण क्षेत्र से पशुधन से प्राप्त होने वाले दूध की पर्याप्त आपूर्ति के अभाव में शहर और आसपास लगते गांवों, क्षेत्र में अधिकतर हलवाई सिंथेटिक तथा सूखे दूध और तावडू, भिवाड़ी से नकली घटिया व मिलावटी मावा मंगवाकर मिठाइयां तैयार कर रहे है और स्वास्थ्य विभाग समेत समूचा प्रशासन सब कुछ जानते हुए भी अंजान बना हुआ है। गौरतलब हो कि दीपावली के त्यौहार के लिए अभी से मिठाइयों की जबरदस्त मांग और बड़े-बड़े उद्योगपतियों और फैक्ट्रियों, कारखानों आदि से प्राप्त मिठाइयों के बड़े-बडे आर्डरों की पूर्ति के लिए यहां हलवाई कई दिनों से मिठाइयां बनाने में दिन-रात जुटे हुए है। दो किरयाणा दुकानदारों ने नाम गुप्त रखते हुए बताया कि उनकी दुकानों से धड़ाधड़ सूखा पाउडर वाला दूध इतनी भारी तादाद में बिक रहा है कि उन्हें मांग के अनुरूप इसकी पूर्ति करने में दिक्कतें आ रही है। कुछ हलवाइयों ने तावडू, भिवाड़ी से मावा मंगवाया है। बताया जाता है कि कई हलवाई बढ़ती महंगाई, प्रतिस्पर्धा और ज्यादा आर्डरों की पूर्ति की आड़ में सूखे दूध में पामआयल घी तो बेशन की बर्फी में मक्की का आटा, घटिया मिलावटी सिंथेटिक दूध समेत लोभ से वशीभूत होकर घटिया सामग्री से मिठाइयां तैयार कर लोगों के स्वास्थ्य से जमकर खिलवाड़ कर रहे है। एक हलवाई ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि दीवाली के त्यौहार को लेकर अभी से मिठाइयों की बढ़ती मांग और अच्छी क्वालिटी का पर्याप्त दूध ना मिलने पर वे सूखे दूध का प्रयोग कर रहे है जबकि मावा तावडू, भिवाड़ी से मांग रहे है। इस बाबत सिविल सर्जन डाक्टर विरेन्द्र यादव ने बताया कि सोहना में भी सिंथेटिक दूध, सूखे पाउडर, मावा, खोया, पनीर, देशी घी आदि के सैंपल भरने के निर्देश दे दिए गए है। सैंपल भरने वाली टीम जल्द सोहना के बाजार में आएगी और जगह-जगह छापेमारी कर सैंपल भरेगी।

# पुलिस ने अभियान चलाकर 17 हुड़दंगी शराबियों को किया गिरफ्तार

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना। पुलिस प्रशासन द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर लालपरी का शौक फरमाने वाले शराबियों के खिलाफ अभियान चलाते ही सार्वजनिक स्थान, हाथ रेहड़ी, ठेले, पनवाड़ी आदि की दुकानों पर मदिरापान करने वाले लोगों के बीच खासा हड़कंप बन गया है। एसीपी क्राईम वरूण दहिया का कहना है कि पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा के आदेशों के दृष्टिगत सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान करने वाले लोगों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों के पकड़ में आते ही ना केवल पुलिस थाने में उनके खिलाफ नामजद मामले दर्ज किए जा रहे है बल्कि उन्हें सलाखों के पीछे बंद कर जेल की हवा भी खिलाई जा रही है ताकि कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान का शौक ना फरमा पाए। पुलिस का कहना है कि इसी क्रम में पुलिस ने बाजार में सार्वजनिक स्थान पर मदिरापान का शौक फरमाते 17 युवकों को पकड़ा है। पकड़ में आए आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग पुलिस थानों में मुकदमा दर्ज किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मनोज गुप्ता, मोहम्मद शहजाद, शिवम, हबीब इस्लाम, जिया उल हक, गांव सिरहोल के रहने वाले विकास कुमार, जाकिरहुसैन, भोला शर्मा, रमनजीत, अनुज कुमार, अलेस कुमार, सिद्धार्थदीप, शिवम सिंह तथा



वजीराबाद सब्जीमंडी में शराब पी रहे गुरप्रीत सिंह और आशीष कुमार के रूप में हुई है। आरोप है कि आरोपी सडक़ पर आने-जाने वाले लोगों को शराब के नशे में परेशान कर रहे थे और आपस में झगड़ रहे थे। जिनके खिलाफ पुलिस ने संबंधित पुलिस थानों में मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन ने आम जनमानस से भी आग्रह किया है कि यदि किसी भी सार्वजनिक स्थान पर कोई व्यक्ति मदिरापान करता मिले तो उसकी फौरन सूचना सीधे संबंधित पुलिस थाना प्रभारी के मोबाइल नंबर अथवा 112 नंबर पर दी जाए ताकि ऐसे लोगों को पुलिस मौके पर ही पकड़ सके। उन्होने साफ कहा कि किसी भी शराबी के पकड़ में आने पर उसे हर्गिज छोड़ा नहीं जाएगा। शराबी का चिकित्सा परीक्षण कराने के साथ-साथ उसके खिलाफ तत्काल पुलिस थाने में आपराधिक मामला भी दर्ज किया जाएगा।

## अंधेर नगरी-चौपट राजा वाली लोक कहावत मार्किट कमेटी पर हो रही चरितार्थ

# एक लाइसेंस पर चल रही तीन दुकानें

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

**लाइसेंसों की आड़ में सब्जी के करीब 2 दर्जन से ज्यादा थोक विक्रेताओं ने मार्किट कमेटी के सरकारी फड़ पर कब्जा जमा लिया है**



सोहना। शिवनगरी सोहना में सर्कल एसडीएम व मंडी प्रशासक तथा मार्किटकमेटी अधिकारियों की बरती जा रही अनदेखी व लापरवाही का आलम ये है कि सब्जी की थोक मंडी में मार्किटकमेटी से थोक में सब्जी बेचने के लिए लिए गए लाइसेंसों की आड़ में सब्जी के करीब 2 दर्जन से ज्यादा थोक विक्रेताओं ने मार्किट कमेटी के सरकारी फड़ पर कब्जा जमा लिया है। हैरानी की बात तो ये है कि कई ऐसे भी है, जो मार्किटकमेटी से थोक में सब्जी बेचने के ना पर एक लाइसेंस लेकर उसी लाइसेंस पर 3-3 लोग थोक में सब्जी बेचने का काम कर प्रशासन की आंखों में धूल झोकने के साथ-साथ मार्किट फीस की चोरी करने और चांदी कूटने से बाज नही आ रहे है। वही अनाजमंडी के भीतर सरकारी फड़ पर थोक सब्जी विक्रेताओं के कब्जा कर सुबह 3 बजे से दोपहर 11-12 बजे तक सब्जी बेचने से आने-जाने वाले राहगीर व वाहन चालक खासे परेशान है। थोक में सब्जी बेचने के नाम पर सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके बैठे दुकानदार मार्किटकमेटी प्रशासन पर भारी पड़ते नजर आ रहे है। नाम व पहचान का खुलासा ना किए जाने की शर्त पर सूत्रों ने बताया कि कुछ दुकानदारों ने थोक में सब्जी बेचने के नाम पर लाइसेंस लेने के लिए मार्किटकमेटी के संबंधित अधिकारियों से साठगांठ कर किसी से किराए का एग्रीमेंट बनवा लिया तो किसी ने किसी की दुकान दिखाकर लाइसेंस लेने में कामयाबी पा ली लेकिन अब लाइसेंस मिलने के बाद थोक में सब्जी बेचने वाले यह कारोबारी उन दुकानों पर काम करने की बजाय सरकारी जमीन पर कब्जा कर खुले में फड पर सब्जी बेचने का काम कर रहे है। जिस कारण अनाजमंडी में धान-जीरी लाने वाले किसानों को स्थानाभाव के चलते परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और बेचने के लिए मंडी में लाई गई अपनी फसल को जगह ना मिलने पर सडक़ों के बीच में डालना पड़ रहा है। जिससे बार-बार जाम लग रहा है पर कोई देखने-सुनने वाला नही है। ऐसे में लोग अब मार्किटकमेटी प्रशासन की पोल खोलने और सरकारी फड पर कब्जा कर सब्जी बेचने वाले थोक सब्जी विक्रेताओं को यहां से उठाने के लिए सीएम विंडो पर शिकायत दर्ज करने का मन बना रहे है।

# बंधवाड़ी से दमदमा झील तक जंगल सफारी

**गठबंधन सरकार में सोहना के लोगों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है**



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना। विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे और क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया की माने तो जजपा-भाजपा गठबंधन सरकार में सोहना के लोगों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। उन्होंने बताया कि गुलाबी नगरी जयपुर में बनी झालाना लेपर्ड सफारी की तर्ज पर सोहना अरावली में गांव बंधवाड़ी से दमदमा झील तक जंगल ट्रेल बनेगी। 15 किलोमीटर लंबी जंगल ट्रेल बनाए जाने से वन्य जीवों की सुरक्षा और अच्छे कारगर तरीके से हो सकेगी। पर्यटकों को यहां भी झालाना लेपर्ड सफारी की तर्ज पर जिप्सी सफारी की सुविधा मिलेगी। साथ ही अरावली की 10 हजार एकड़ भूमि पर जंगल सफारी भी बनाई जाएगी। इस योजना को सिरे चढ़ाने के लिए वन विभाग और वन्य जीव विभाग मिलकर काम कर रहा है तो सोहना अरावली में गांव बंधवाड़ी से दमदमा झील तक जंगल ट्रेल बनाए जाने के लिए एक टीम जल्द ही झालाना लेपर्ड सफारी का दौरा कर रिपोर्ट बनाकर सरकार को सौपेंगी। सोहना विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे और क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया ने बताया कि यहां पर अरावली क्षेत्र में जंगल ट्रेल बनने से आसपास बसे गांवों के लोगों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने को तरजीह दी जाएगी। वन्य जीवों के लिए अरावली में पानी व भोजन की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वह आबादी क्षेत्र की तरफ ना आए और वन्य जीवों की सुरक्षा तथा जीव-जंतुओं की अहमितय से लोगों को जागरूक किया जाएगा ताकि वह चोरी-छिपे वन्य जीव-जंतुओं की तस्करी ना करे। इतना ही नही अरावली में अवैध गतिविधियां रोकने और अरावली संरक्षण के लिए एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। अरावली रिजुगेशन बोर्ड एक्शन प्लान तैयार करेगा। सोहना विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे और क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया ने बताया कि अरावली में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रस्तावित 15 किलोमीटर लंबी जंगल ट्रेल गांव बंधवाड़ी लैंडफिल साइट से शुरू होकर गांव मांगर के जंगल से होते हुए दमदमा झील तक जाएगी।

# त्योहार पर ऑनलाइन खरीद से बचें ग्राहक



**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति में प्रचारमंत्री और युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा ने ग्राहकों से आग्रह किया है कि वह राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए ऑनलाइन खरीददारी करने से बचे और स्वदेशी वस्तुओं की खरीद को प्राथमिकता दे। अपने शहर के बाजारों में ही खरीददारी करनी चाहिए क्योकि अगर किसी सामान में कोई खामी है तो उसका समाधान भी हाथोंहाथ संभव है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर प्रबंधन समिति में प्रचारमंत्री और युवा समाजसेवी विनीत रतड़ा ने बताया कि ऑनलाइन में आजकल ठगी की घटनाएं भी ज्यादा सामने आ रही है। वही ऑनलाइन व्यापार को बढ़ावा मिलने से बाजारों में व्यापारियों का कामधंधा चौपट हो रहा है। दुकानों का किराया, सहायकों का वेतन और घरेलू खर्च चलना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि हम ऑनलाइन खरीद को नजरअंदाज कर अपने ही स्थानीय बाजारों से जरूरत की हर वस्तु की खरीद करे और विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को बढ़ावा देने की बजाय स्वदेशी उत्पाद बनाने वाली अपनी कंपनियों को ही बढ़ावा देने में आगे आए।

# दीवाली से पहले सरकार ने किसानों को दिया तोहफा

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना। गांव खेड़ला में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव का कहना है कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार ने दीवाली से पहले ही गन्ने के दामों में इजाफा कर प्रदेश के गन्ना उत्पादक किसानों को दिवाली का तोहफा देने का काम किया है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने इस वर्ष के लिए गन्ने का मूल्य अगेती किस्म के लिए 372 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 386 रुपए प्रति क्विंटल घोषित कर गन्ना उत्पादक किसानों का दिल जीतने का काम किया है। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव की माने तो मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए इस बार गन्ने की कीमतों में 14 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने अगले साल के लिए भी गन्ने के रेट में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष जिन दिनों गन्ने का रेट घोषित होता है, उन दिनों में आचार संहिता लगी होगी। इसलिए मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने संबंधित विभाग से परामर्श करके अगले वर्ष के लिए गन्ने का रेट 400 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता योगी राघव की माने तो मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार द्वारा लिए गए इस निर्णय का उददेश्य यह सुनिश्चित करना है कि गन्ना किसानों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए उचित मूल्य मिले। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने गन्ने की दरों में उल्लेखनीय वृद्धि करके गन्ना किसानों को प्रोत्साहित किया है और अगले वर्ष भी सरकार की ओर से समर्थन जारी रखने का वादा किया है। उन्होने कहा कि प्रदेश के किसान भाई बहुत ही परिश्रम से खेती करते हैं और अपनी उपज बाजार में बेचकर हरियाणा की आर्थिक स्थिति को मजबूत करते हैं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार भी सदैव किसान हित में निर्णय लेती है और हम उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्धता हैं। इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप हरियाणा एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां 14 फसलों की खरीद एमएसपी पर की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस कदम से गन्ना किसानों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पडऩे और हरियाणा के कृषि क्षेत्र की समृद्धि में योगदान होने की उम्मीद है।

### जजपा की ताली से खुलेगा विधानसभा का ताला

**सोहना ।** इनसो के राष्ट्रीय महासचिव मोहित तंवर एडवोकेट की माने तो राजस्थान में लोगों का रूझान जजपा की तरफ तेजी से बढ़ रहा है और जिस तरह राजस्थान मे जजपा का कुनबा लगातार बढ़ रहा है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों के बाद नई विधानसभा का ताला राजस्थान में जजपा की चाबी से ही खुलेगा। इस बार कांग्रेस पार्टी राजस्थान चुनावों में बुरी तरह करारी हार का सामना करेगी। उन्होने खुलासा किया कि जजपा राजस्थान में कानून व्यवस्था की बिगड़ रही स्थिति, बहू-बेटियों की इज्जत से हो रहे खिलवाड़, भ्रष्टाचार को लेकर तैयार लाल डायरी, नौकरियों में भेदभाव, पेपर लीक मामले में राजस्थान की कंट्रोवर्सी आदि मुददों पर कांग्रेस को घेरने का काम करेगी।

**तानाशाही** केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण की रोक के बावजूद

# होटल-ढाबों में तंदूर जलाने से बढ़ रहा प्रदूषण

**भारी वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण प्रदूषण का स्तर ज्यादा बढ़ा नजर आ रहा है**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**



सोहना। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण प्राधिकरण के एनसीआर में डीजल वाले वाणिज्यिक वाहनों के प्रवेश पर रोक वाले फैसले ने सोहना को और ज्यादा प्रदूषण की आग में झोक दिया है। हालत ये है कि सोहना में जाम के चलते यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। भारी वाहनों के बढ़ते दबाव के कारण प्रदूषण का स्तर ज्यादा बढ़ा नजर आ रहा है। सोहना शहर में दमदमा मोड वाले चौक के साथ-साथ सोहनाघाटी में बार-बार लग रहे जाम से लोग परेशान है। जाम में वाहनों के आड़े-तिरछे फंसने से लोग बार-बार हार्न बजाकर ध्वनि प्रदूषण को बढ़ावा दे रहे है। शहर में आज भी जगह-जगह होटल, ढाबों पर तंदूर खुलेआम चल रहे है, जिनमें कही लकड़ी से तो कही कोयले से काम करने से प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। इतना ही नही शहर में जगह-जगह कही सर्विस रोड पर तो कही बाजार, गली-मोहल्लों में खुले में बालू रेत, डस्ट, रोड़ी, रेता, ईंट आदि निर्माण सामग्री पड़ी है। रेत और बालू के उडऩे से प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है लेकिन नगरपरिषद ना तो खुले में पड़े इस सामान को ढकवा पा रही है, ना ही इनके खिलाफ प्रभावी तरीके से कोई अभियान चला पा रही है। शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेरों में सरेआम आग लगाकर वातावरण को दूषित कर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है तो कही खेतों में पराली जलाने का काम हो रहा है। वायु प्रदूषण से वैसे तो हर उम्र के लोगों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है लेकिन सबसे ज्यादा खतरा सडक़ों पर रोजाना काम करने वाले मजदूरों को है। सोहना की जहरीली हो चुकी आबोहवा के बीच प्रतिदिन सडक़ पर काम करके अपना व अपने परिवार का पेट भरने वाले श्रमिक जाने-अनजाने में जहरीले कण वाली हवा को सांस के माध्यम से झेल रहे है और वायु प्रदूषण से प्रभावित है। ताज्जुब तो ये है कि श्रमिक हो या मजदूर, रेहड़ी वाला हो या ढाबे वाला, रिक्शा चालक हो या हाथ ठेले वाला, दुकानदार हो या ग्राहक आम जनमानस को प्रदूषण के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए सरकार के पास कोई ठोस कारगर नीति नही है। लागू करना तो दूर की बात है। देखने में आ रहा है कि सडक़ों पर यातायात संभालने के लिए यातायात पुलिस के जवान प्रदूषण से घिरे है तो सफाई कर्मचारियों को मास्क आदि सुविधाएं नही मिल पा रही है। रेहड़ी, पटरी पर खोमचा लगाने वाले अथवा फल विक्रेता या फिर बाजार में जगह-जगह हाथ रेहड़ी, ठेला, रिक्शा चलाने अथवा रेहड़ी पटरी पर सामान बेचकर आजीविका चलाने वाले लोग प्रदूषण के बीच काम करने को मजबूर है। पूर्व जिलापार्षद धर्मेन्द्र खटाना, पूर्व जिलापार्षद पूनम भामला, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट, कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता चौधरी महेश घोडारोप, राकेश शर्मा सांचौलिया, युवा समाजसेवी विनायक गुप्ता एडवोकेट आदि पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि जीवन के लिए स्वच्छ जल, स्वच्छ हवा व पौष्टिक भोजन जरूरी है। सोहना समेत पूरा एनसीआर प्रदूषण की चपेट में है। जिससे स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है। फिर भी हमारा इंफोर्समेंट सिस्टम काम नही कर रहा है। सडक़ों की मैकेनिकल सफाई नही हो रही है। ना सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव हो रहा है। ठोस कचरा अब भी जलाया जा रहा है। पुराने डीजल वाहन सडक़ों पर फर्राटे भर रहे है। प्रदूषण पर रोक के लिए जरूरी है कि सभी विभागों की जवाबदेही तय की जाए ताकि प्रदूषण पर रोक लगे।

# दीपक जलाकर मनाएं प्रदूषण मुक्त दीवाली : नितिन यादव

**बम-पटाखों से होने वाले नुकसान और प्रदूषण से होने वाली हानियों से अवगत कराया**

**उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र**

सोहना। नगरपरिषद के वार्ड-चार के तहत लगने वाले गांव बालूदा में दीवाली मिलन जागरूकता समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के संयोजक व बाबा खाटूश्याम के परम भक्त सुंदर चौहान के अनुसार समारोह में विशेष आमंत्रण पर सपरिवार आए प्रमुख लोगों ने सपरिवार बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। इस मौके पर दीवाली मिलन समारोह में उपस्थितों के बीच मुख्यातिथि पद से बोलते हुए नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया ने क्षेत्रवासियों को दीवाली की अग्रिम बधाई देते हुए प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि दीपावली दीपों का त्यौहार है लेकिन हमें ऊर्जा बचाने के लिए अपने घरों पर लगने वाली लाइटों का कम से कम प्रयोग करना चाहिए और 60 व 100 वाट के बल्बों के स्थान पर एलईडी, 6, 9, 12 व 18 वाट की सीएफएल व स्लिम टयूब लाइटों को इस्तेमाल में लाना चाहिए। उन्होने बताया कि दीवाली पर बमों व पटाखों से त्यौहार मनाना कोई अनिवार्य नहीं है। अपनी खुशी का इजहार तो मिठाई, उपहारों, रंगोली व दीयों के साथ कर सकते है। त्योहार का सही आनंद स्वच्छ व प्रदूषण रहित वातावरण में ही आएगा। नगरपार्षद नितिन यादव बालूदिया ने दीवाली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि लोग अपने घर को दीयों से सजाए। इससे बिजली की खपत कम होगी। त्यौहारों के अवसर पर बिजली की बढ़ती मांग के मददेनजर बचत करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होने बम-पटाखों से होने वाले नुकसान और प्रदूषण से होने वाली हानियों से अवगत कराते हुए बताया कि धुएं से दमा, ब्रोकाईटिस और दिल का दौरा पडने जैसी अन्य अनेक बीमारियां पैदा होती है। पटाखे छोडने से प्रदूषण का स्तर बहुत अधिक बढ जाता है जोकि बहुत हानिकारक है। इससे आप और हम सब मिलकर ही छुटकारा पा सकते है। उन्होने लोगों से आग्रह किया है कि वह स्वयं धुआं और धमाका मुक्त त्यौहार मनाने के साथ साथ अन्य लोगों को भी इसकी प्रेरणा दे।

दैनिक भरोसा मित्र
गुरुग्राम, बुधवार
8 नवंबर 2023
www.dainikbharoosa.com

अंदर देखे
सरकार ने हकदारों तक पहुंचाया उनका हक...



# गुरुग्राम



अंदर देखे
युवा योग्यता के आधार पर प्राप्त कर रहे सरकारी ...



dainikbharoosa

## खबर फटाफट

### अंडर 19 में गुरुग्राम का आया दूसरा स्थान



गुरुग्राम। पंचकूला में स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया द्वारा आयोजित अंडर 19 और अंडर 17 लडकियों की क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुग्राम का बेहतरीन प्रदर्शन रहा। अंडर 19 में गुरुग्राम की टीम ने दूसरा स्थान हासिल किया और अंडर 17 टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। कोच आरती ने बताया कि अंडर 19 टीम की कप्तान राजश्री यादव हैं और अंडर 17 टीम की कप्तानी तेजस्विनी यादव कर रही हैं। दोनों टीमों में बहुत शानदार प्रदर्शन किया। अंडर 17 में पहला मुकाबला भिवानी और गुरुग्राम के बीच हुआ। इसमें गुरुग्राम ने भिवानी टीम को 45 रन पर आल आउट कर दिया। दूसरे मुकाबले में 69 रन पर फतेहाबाद को आल आउट कर दिया। तीसरे मुकाबले में गुरुग्राम को रोहतक टीम ने हराया। चौथे मुकाबले में सिरसा की टीम को 41 रनों से हराकर गुरुग्राम टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। टीम में दिव्यांशी, मंजिनी पाटिल, तन्नू, प्रिया, हर्ष, चिंकी, इशिका, दीक्षा और डोली शामिल हुई। वहीं, अंडर 19 में पहला मुकाबला महेंद्रगढ और गुरुग्राम के बीच हुआ जिसमें गुरुग्राम को जीत मिली। दूसरे मुकाबले में गुरुग्राम ने फरीदाबाद को 65 रनों से हराया। सेमीफाइनल में मुकाबले में गुरुग्राम ने कैथल टीम को हराया। फाइनल मुकाबले में जींद की टीम के साथ हुए कडे मुकाबले में गुरुग्राम को 18 रनों से हार मिली। इस टीम में वंशिका, मंजिनी पाटिल, प्रिया, काजल, रिंकी और सिमरन ने भाग लिया।

### मेगा लीगल सर्विसिज कैंप कल

गुरुग्राम। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा 9 नवंबर को जिला प्रशासन के सहयोग से मेगा लीगल सर्विसिज कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप जिला कोर्ट परिसर के गेट नंबर 2 के नजदीक लगाया जाएगा। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के प्रवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण के मार्गदर्शन में लोगों को कानूनी अधिकारों के बारे में जागरूक करने व आवश्यक सरकारी सुविधाओं व सेवाओं का लाभ देने के उद्देश्य से यह कैंप आयोजित किया जा रहा है। शिविर में आवश्यक सरकारी सेवाओं जैसे - आधारकार्ड, वोटरकार्ड बनवाने, स्वास्थ्य सेवाओं, अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र, रेजीडेंस सर्टिफिकेट, बिजली निगम संबंधी सेवाओं, पेंशन,किसान कल्याण विभाग की योजनाओं, विवाह शगुन योजना, ऋण उपलब्ध करवाने, सौर उर्जा, ट्रेफिक चालान संबंधी सेवाओं का लाभ दिया जाएगा। प्रवक्ता ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे कोर्ट परिसर में आयोजित होने वाले इस कैंप में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचते हुए इसका लाभ उठाएं।

### बरामद किए गए मादक पदार्थों को पुलिस ने किया नष्ट

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस द्वारा बरामद किए गए मादक पदार्थों को पुलिस आयुक्त की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा नष्ट किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि नशे के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा अलग-अलग मामलों में बरामद किए गए मादक पदार्थों को मंगलवार को पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित कमेटी द्वारा सैक्टर 37 इन्डस्ट्रीयल एरिया में नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में 98.857 किलोग्राम गांजा, 1.389 किलोग्राम चरस, 82.179 गर्म हेरोइन, 2.50 ग्राम एमडीएमए व 25.4 ग्राम स्मैक थे। गुरुग्राम पुलिस द्वारा मादक पदार्थों के सेवन के दुष्परिणामों एवं अवैध मादक पदार्थों के व्यापार के प्रति लोगों को विभिन्न माध्यमों से जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है। इस दौरान पुलिस उपायुक्त मुख्यालय दीपक गहलावत, व अतिरिक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय सुशीला मौजूद रहे।

### एक गुमशुदा बच्ची का पुलिस ने किया रेस्क्यू

गुरुग्राम। ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने एक गुमशुदा बच्ची का रेस्क्यू किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हरियाणा राज्य अपराध के निर्देशन में ऑपरेशन मुस्कान के तहत गुरुग्राम पुलिस द्वारा गुमशुदा, बन्धक, शोषित बच्चों, महिलाओं व व्यक्तियों को ढूंढकर उनके परिजनों से मिलाया जाता है। 31 अगस्त को थाना सैक्टर 65 में एक सूचना गांव उल्लावास से एक 13 वर्षीय बच्ची की गुमशुदगी के संबंध में प्राप्त हुई। पुलिस उपायुक्त दक्षिण सिद्धांत जैन के दिशा निर्देश पर कार्यवाही करते हुए थाना सैक्टर 65 की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए ऑपरेशन मुस्कान के तहत प्रत्येक माध्यमों से सूचनाएं एकत्रित की व 7 नवम्बर को गुमशुदा हुई बच्ची को जीरकपुर, पंजाब से बरामद किया गया तथा बच्ची को उसके परिवार से मिलवाया गया।

एक्शन में संयुक्त आयुक्त : बोले, राजनीति के अलावा कुछ नहीं सफाई कर्मचारियों की बेबुनियादी हड़ताल

# सफाई कार्य में बाधा डालने वाले कर्मचारी होंगे बर्खास्त

- हर बार की बैठक में अपनी मांगें बदल रहे यूनियन के प्रतिनिधि

राजेश कुमार, भरोसा मित्र

## 13 कर्मचारियों की सूची तैयार, जल्द भेजे जाएंगे नोटिस



गुरुग्राम। नगर निगम द्वारा विभिन्न एजेंसियों, आरडब्ल्यूए, वरिष्ठ नागरिकों व अन्य गणमान्य नागरिकों के सहयोग से सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन बेबुनियादी हड़ताल कर रहे सफाई कर्मचारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने की कोशिश कर रहे हैं। ऐसे में अब नगर निगम द्वारा उन कर्मचारियों को टर्मिनेट करने का मन बना लिया है, जो सफाई कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। ऐसे 13 कर्मचारियों की सूची भी तैयार की जा रही है तथा उन्हें नोटिस दिए जाएंगे। नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई तथा हर बार की तरह उनकी सभी मांगों के बारे में चर्चा हुई। यूनियन प्रतिनिधियों को हर बार की तरह बताया गया कि उनकी मांगों के बारे में सरकार को अवगत करवाया जा चुका है तथा सरकार के स्तर पर ही निर्णय होना है। यूनियन प्रतिनिधि मीडिया के माध्यम से यह अफवाह भी फैला रहे हैं कि निगम अधिकारी उनके साथ बातचीत नहीं कर रहे हैं, जबकि कई बार यूनियन प्रतिनिधियों के साथ बातचीत हो चुकी है और नगर निगम द्वारा बार-बार कर्मचारियों से अपील की गई है कि वे काम पर वापिस लौट जाएं, लेकिन यूनियन प्रतिनिधि हर बार अपनी मांगें बदल रहे हैं। पहले जहां उनकी मांग थी कि हटाए गए कर्मचारियों को वापिस लिया जाए। इस पर एजेंसियां पुरानी दरों पर उन्हें काम पर रखने को तैयार हैं, लेकिन राजनीति के चलते यूनियन प्रतिनिधि सफाई कर्मचारियों को बरगला रहे हैं तथा आम जन को परेशान कर रहे हैं। अब यूनियन की मांग है कि कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से लिया जाए, जबकि पूर्व में उन्हें जब यह मौका दिया गया था, तो वे इसके लिए भी राजी नहीं हुए थे। इसका साफ मतलब यही निकलता है कि यह हड़ताल केवल कर्मचारियों को बरगलाने के लिए की जा रही है।

### सफाई व्यवस्था को जल्द कर लिया जाएगा दुरूस्त

संयुक्त आयुक्त ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा अतिरिक्त मैनपावर, ट्रैक्टर-ट्रॉली व अन्य सफाई संसाधन आरडब्ल्यूए, वरिष्ठ नागरिकों, पूर्व पार्षदों तथा अन्य गणमान्य नागरिकों को उपलब्ध करवाए जा रहे हैं, ताकि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवा सकें। सभी संयुक्त आयुक्तों को उनके जोन की इच्छुक आरडब्ल्यूए के साथ बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से सफाई व्यवस्था को जल्द ही पूरी तरह से दुरूस्त कर लिया जाएगा।

## ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान की गंभीरता से की जा रही पालना



सड़कों व पेड़ों पर किया जा रहा पानी का छिड़ाव

गुरुग्राम। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा लागू ग्रेडिड रैस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) की पालना नगर निगम गुरूग्राम द्वारा गंभीरता से की जा रही है। धूल को उडऩे से रोकने तथा प्रदूषण स्तर को कम करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम गुरूग्राम की पर्यावरण एवं स्थिरता विंग के नोडल अधिकारी संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार ने बताया कि नगर निगम गुरूग्राम द्वारा सडे ों व पेड़ों पर पानी का छिडे ाव तेज गति से किया जा रहा है, ताकि प्रदूषण का स्तर कम किया जा सके। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा पूरे दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में जीआरएपी का चौथा चरण लागू किया हुआ है तथा कड़े प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। नियम के तहत सभी प्रकार की निर्माण एवं तोडे ोड़ गतिविधियां बैन कर दी गई हैं तथा निर्माण सामग्री पर नियमति पानी का छिडे ाव व उसे कवर रखना अनिवार्य है। अगर कोई व्यक्ति प्रतिबंध के बावजूद भी इस प्रकार की गतिविधि करता है, तो उसका नियमानुसार चालान किया जा रहा है। इसके अलावा, कचरा व मलबा डंपिंग, कचरे में आग लगाना आदि भी पूरी तरह से प्रतिबंधित है। नोडल अधिकारी ने कहा कि नगर निगम गुरूग्राम व दमकल विभाग द्वारा पर्यावरण प्रदूषण के स्तर को नियंत्रित करने के लिए सड़कों व पेड़ों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

शहरी स्थानीय निकाय के आयुक्त एवं सचिव ने की अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक

# नियमित हुई कॉलोनियों में विकास कार्य शुरू करवाएं अधिकारी : विकास गुप्ता

- विकास परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

राजेश कुमार, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। शहरी स्थानीय निकाय विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना, मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना, प्रॉपर्टी टैक्स डाटा, कॉलोनी नियमितीकरण, सीएम घोषणाओं सहित बड़ी विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान निगम अधिकारियों ने बताया कि नगर निगम गुरूग्राम को योजना के तहत 50 हजार स्पांसरिंग का लक्ष्य मिला हुआ है, जिसमें से 40 हजार स्पांसरिंग की जा चुकी हैं। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवेदन सैंक्शन तथा डिसबर्समैंट की प्रक्रिया चल रही है। इस पर गुप्ता ने कहा कि बैंकर्स के साथ साप्ताहिक बैठक करें तथा अधिक से अधिक आवेदन सैंक्शन करवाकर ऋण राशि डिस्बर्समैंट करवाएं। अगर कोई समस्या आती है, तो उन्हें इस बारे में अवगत करवाया जाए। उन्होंने 30 नवम्बर तक लक्ष्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री स्वामित्व योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि नगर निगम गुरूग्राम के पास कुल प्राप्त आवेदनों में से 615 को स्वीकृत किया गया है तथा 246 आवेदन रद्द हुए हैं। इसके अलावा, 56 आवेदन दूसरे विभागों से संबंधित पाए गए हैं और केवल 19 आवेदनों पर निर्णय लंबित है। गुप्ता ने कहा कि जल्द से जल्द लंबित आवेदनों पर भी निर्णय लें तथा कन्वैंस डीड जल्द से जल्द करवाएं। प्रॉपर्टी आईडी की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी ऑब्जैक्शन निर्धारित समय सीमा के बाहर नहीं जाना चाहिए तथा पुराने बैकलॉग को जल्द से जल्द खत्म करें। उन्होंने कहा कि ऑब्जैक्शन की संख्या 700-800 से अधिक नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों को प्रॉपर्टी टैक्स डाटा का सैल्फ सर्टिफिकेशन करने के लिए प्रेरित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने नगर निगम में हैल्प डैस्क पर नियुक्त कर्मचारियों का प्रशिक्षण करवाने की बात भी कही। इसके साथ ही उन्होंने नियमित हुई कॉलोनियों में विकास कार्य शुरू करवाने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम गुरूग्राम की तरफ से अतिरिक्त आयुक्त अमरदीप सिंह, संयुक्त आयुक्त संजीव सिंगला व अखिलेश यादव, एसई राधेश्याम शर्मा, जोनल टैक्सेशन अधिकारी लक्ष्मण दास सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## दीपावली पर खरीददारी करने की बाजारों में उमड़ रही भीड़



एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। दीपावली को लेकर शहरवासी विभिन्न आइटमों की खरीद में जुटे हुए हैं। करवाचौथ पर्व पर कारोबारियों का कारोबार अच्छा हुआ है। उसके बाद खरीददार भी बढ़े हैं और वे अपनी जरुरत का सामान शहर के मुख्य सदर बाजार व आस-पास के बाजारों से भी खरीद रहे हैं। ग्राहकों ने चाइनीज उत्पादों को एक तरह से बिल्कुल नकार दिया है। स्वदेशी उत्पादों से बाजार अटा पड़ा है। गिफ्ट आइटमों, घरेलू साज-सज्जा से संबंधित उत्पाद, परिधानों और इलेक्ट्रिक लडि ों की बिक्री भी खूब हो रही है। स्वदेशी उत्पादों की खरीददारी अधिक हो रही है। चाइनीज उत्पाद बाजारों से गायब हैं। कहीं भूले-भटके चाइनीज की इलेक्ट्रिक लडि ां मिल भी रही हैं तो उन्हें खरीददार नहीं खरीद रहे हैं। प्रधान डाकघर के पीछे जनता मार्किट स्वदेशी इलेक्ट्रिक लडि ों से अटा पड़ा है। हालांकि गत वर्ष की अपेक्षा इस बार विभिन्न आइटमों की दरों में वृद्धि भी हुई है, लेकिन खरीददार इस पर अधिक ध्यान नहीं दे रहे हैं। चाइनीज लडि ों के मुकाबले स्वदेशी लडि ों के दाम अधिक हैं, इस सबके बावजूद भी शहरवासी स्वदेशी लडि ों को लेना ही पसंद कर रहे हैं। बाजारों में पेंटिंग्स, मग, आर्टिफिशियल ज्वैलरी आदि की भी खूब बिक्री हो रही है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। ऐसा ही हाल एमजी रोड स्थित मॉल्स में भी है, वहां पर भी खरीददार अपनी जरुरत का सामान खरीदने में जुटे हैं।

## गौतस्करी मामले में युवक गिरफ्तार

एमके अरोड़ा,भरोसा मित्र

गाड़ी सहित 28 गौवंश किए बरामद

गुरुग्राम। पुलिस ने एक युवक को गौतस्करी करने के मामले में गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से गाड़ी व 28 गौवंश बरामद किए गए हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 6/7 नवम्बर की रात्रि को कॉउ-प्रोटेक्शन-टास्क-फोर्स को एक सूचना एक गौकशी के लिए गौवंशो को एक ट्रक में भरकर केएमपी से होते हुए नूंह (मेवात) ले जाया जा रहा है। सूचना पाकर पुलिस टीम द्वारा नजदीक पंचगांव केएमपी एक्सप्रेस-वे पर नाका लगाया। गौवंशो से भरा एक ट्रक आया जिसको पुलिस टीम ने रुकने का इशारा किया तो ट्रक चालक तेज गति से ट्रक भागकर ले गया। पुलिस टीम द्वारा गौ-रक्षकों की मदद से उस ट्रक का पीछा किया तो ट्रक में सवार एक व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया व ट्रक चालक नफीस को काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा गौ-रक्षकों की सहयोग से काबू किए गए ट्रक से 8 गाय व 18 सांड सहित कुल 26 गौवंश मिले, जिनमें से एक गाय व एक सांड मरा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा गौ-रक्षकों की सहायता से बरामद की गई सभी गायों को मानेसर गऊशाला भेजा गया व उपरोक्त वारदात के सम्बन्ध में गौ-रक्षकों द्वारा दी गई शिकायत पर थाना बिलासपुर में मामला दर्ज कर आरोपी नफीस को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वारदात के सम्बन्ध में गौ-तस्करों व पुलिस के बीच मुठभेड करके गोली चलाने की खबरे सामने आई है। उपरोक्त मामले में किसी भी तरह से कोई गोली नही चलाई गई है। गौ-तस्करों व पुलिस के बीच गोली चलने वाली खबरें व पोस्ट बेबुनियाद, असत्य, गलत व भ्रामक है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा सोशल मीडिया को नियमित रूप से मॉनिटर किया जाता है। गुरुग्राम पुलिस द्वारा गलत व भ्रामक खबरे/सूचना वायरल करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही भी की जाएगी।

## जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम को विधायक ने दी 2 लाख की सहयोग राशि

भरोसा मित्र डेस्क



गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन गुरुग्राम को हरियाणा सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम में पत्रकारों का अपना एक क्लब होने से यहां बेहतर स्थान उपलब्ध होगा। उन्होंने भवन के रेनोवेशन के लिए एसोसिएशन को 2 लाख रुपये की राशि का चेक भेंट किया। विधायक के साथ उनके निजी सचिव आरपी सिंह, मीडिया कॉर्डिनेटर अमित गोयल, सहायक कपिल अग्रवाल भी मौजूद रहे। विधायक सुधीर सिंगला ने एसोसिएशन के प्रधान संजय यादव, उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा, संयुक्त सचिव देवेंद्र भारद्वाज, प्रवक्ता संजय कुमार मेहरा के साथ एसोसिएशन के सदस्यों राजेश यादव, अभिषेक अग्रवाल, योगेश कुमार, प्रवीन कुमार, जितेंद्र शर्मा, आदित्य राज, हनु सैनी, प्रवीन वत्स, संजय चौहान, कुमार प्रवीन, मनोज गोयल गुडियानिया, उमेश गर्ग, राजू चित्रा, मोनू सैनी, आकाश खुराना को विधायक सुधीर सिंगला ने 2 लाख रुपये की सहयोग राशि चेक सौंपा। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा सरकार पत्रकारों के हितों के लिए बेहतरीन कार्य कर रही है। पत्रकारों की सेवानिवृति के बाद उन्हें 10 हजार रुपये पेंशन देने की शुरुआत मनोहर सरकार ने ही की। अब इस पेंशन की राशि में 5000 रुपये बढ़ोतरी करके 15 हजार रुपये कर दिया गया है। आयुष्मान भारत योजना में भी पत्रकारों को शामिल किया गया है। दस लाख रुपये तक का जीवन बीमा सरकार की ओर से कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है। आजादी आंदोलन से लेकर अब तक पत्रकारों ने अपनी कलम के माध्यम से ना केवल मजबूती से लड़ाई लड़ी, बल्कि सरकार की योजनाओं को भी जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की है। विधायक ने कहा कि पत्रकारिता एक पेशा नहीं, एक मिशन है। इस मिशन को सभी पत्रकार बखूबी निभाएं, ताकि समाज को इसका लाभ मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने पत्रकारों को उचित मान और सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने जर्नलिस्ट एसोसिएशन गुरुग्राम को 2 लाख रुपये की राशि का चेंक भेंट करते हुए सरकार द्वारा अलॉट किए गए भवन की शुभकामनाएं दीं।

## मताधिकार की पात्रता पूरी करने वाले अवश्य बनवाए अपना वोट : डीसी

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



विशेष कैंप का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव।

गुरुग्राम। भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जिला में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला की शिक्षण संस्थाओं, सार्वजनिक स्थलों व औद्योगिक इकाईयों में भी विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने मंगलवार को मारुति के गुरुग्राम स्थित प्लांट में जारी विशेष कैंप का निरीक्षण किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने कैंप का निरीक्षण करते हुए मारुति के कामगारों से अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत कराने की अपील की। साथ ही परिवार में 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके बच्चों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मताधिकार का विशेष महत्व होता है। मताधिकार की पात्रता पूरी करने वाले सभी को अपना मत अवश्य बनवाना चाहिए। लोकतंत्र में हर एक वोट की अपनी ताकत होती है, जिसमें हम सभी को बढ़चढ़ भाग लेना चाहिए तथा समाज के सभी वर्गों को भी इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार त्रुटि रहित फोटो युक्त मतदाता सूची तैयार करना बेहद जरूरी है।

जिसके लिए जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोडऩे व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए विशेष अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि आमजन को चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें साथ ही यदि किसी परिवार में किसी सदस्य का निधन हो गया है तो वे वोटर लिस्ट से उनका वोट कटवाएं। जिससे त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में आसानी होगी।

## एडीसी ने की निपुण हरियाणा मिशन के तहत जिला में आयोजित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र



गुरुग्राम। निपुण हरियाणा मिशन में गुरूग्राम जिला विगत माह पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने शिक्षा विभाग की टीम को बधाई देते हुए इस कार्यक्रम की गतिविधियों का और अधिक प्रसार करने पर जोर दिया है। लघु सचिवालय के सभागार में आज जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की ओर से मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक विषय पर जिलास्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि अक्तूबर माह में निपुण हरियाणा मिशन प्रोग्राम में गुरूग्राम जिला अव्वल नंबर पर रहा है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिए हमें स्कूलों में बच्चों की पढ़ाई और उनके विकास पर और अधिक काम करना होगा। तीन साल पहले शुरू किए गए इस मिशन के बारे में उन्होंने बताया कि पहली से तीसरी कक्षा तक के बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें तीन से नौ साल तक की आयु के बच्चों को खेल-खेल में पढ़ाया जाता है। खासतौर से हिंदी, अंग्रेजी और गणित विषय पर अधिक ध्यान दिया गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिला के राजकीय विद्यालयों के 1400 से अधिक बच्चे निपुण हरियाणा मिशन से जुड़े हुए हैं। एडीसी ने बताया कि तीन से चार, चार से पांच और पांच से छह साल तक की आयु के बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए तीन वर्गों में बालवाटिकाएं चलाई जा रही हैं। जिनमें बच्चों को आसान तरीकों से तीनों विषय पढ़ाए जाते हैं।

# सांस्कृतिक महोत्सव में दिखे हरियाणवी संस्कृति के रंग

## कार्यक्रमों में भाग लेकर हम जीतते ही नहीं बल्कि बहुत कुछ सीखते हैं : चहल,कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं का रहा दबदबा

**प्रथम विजेता समूह कार्यक्रम को मिलेंगे दस हजार रुपए की इनामी राशि**

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । मेवात जिले में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक महोत्सव कार्यक्रम का राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नजदीक गांधी पार्क नूंह में शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्यातिथि जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल रहे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर बीईओ नूंह जगदीश यादव रहे। कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित करके की गई। मंच संचालन शाह आलम, सुशीला देवी, नितिका ने किया। जिला सांस्कृतिक कार्यक्रम की नोडल अधिकारी कुसुम मलिक ने सभी का स्वागत किया । जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने उपस्थित बाल कलाकारों को सम्बोधित करते हुए कहा की आज का समय बहुत तेजी से बदल रहा है, विद्यार्थीयों के लिए बहुत से अवसर खुले हुए है। बच्चों को सांस्कृतिक महोत्सव एक विशेष मंच है, जो अपनी प्रतिभा को आगे लाने का मंच प्रदान करता है। जो विद्यालय शिक्षा विभाग द्वारा हर साल करवाया जाता है, इससे बच्चों को अपने टैलेंट दिखाने का एक अच्छा मौका मिलता है। पिछले सालों में भी जिले से कई टीमों ने राज्य स्तर पर अपना वर्चस्व स्थापित किया था। आज टीमों में बहुत जोश और उत्साह है। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिताओं में भागीदारी से या तो हम सीखते हैं, या फिर जीतते हैं। जो टीमें अच्छा करेंगी वो प्रथम आकर राज्य में नूंह का नाम आगे लेकर जायेंगी, लेकिन जो जिला स्तर पर भाग ले रही लेकिन किसी कारण विजयी ना रही है वो निराश ना हो वो यहां से बहुत कुछ सीख कर जायेंगी। इसके साथ सभी प्रतिभागी टीमों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान हरियाणवी संस्कृति की छटा देखने को देखने को मिली। प्रतिभागी टीमों के नृत्य और गाने को देखकर दर्शकों ने खूब तालियां बजाई। मैं हरियाणे की छोरी, धूम मची हरियाणे की, ईसा एंडी मेरा हरियाणा, मेरी छन छन बोले तागड़ी जैसे लोकप्रिय गानों पर दर्शकों को झूमने पर मजबूर किया। बाल कलाकार ड्रेस में बहुत ही सुंदर लग रहे है जो आपस में सेल्फी लेते नजर आए। खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश यादव ने अपने व्यक्तव में कहा कि आज बच्चों के नृत्य और कौशल को देखकर लग रहा की हर बच्चे अलग होता है जो किसी ना किसी प्रतिभा के साथ जन्म लेता है , संस्कृतिक कार्यक्रम उनको निखारने का काम करता है। समूह नृत्य में राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह दो की टीम प्रथम, द्वितीय स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका की टीम द्वितीय रही।

तीसरे स्थान पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिंगनवा की टीम रही। नाटक प्रस्तुति में राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय पुन्हाना प्रथम, राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय नगीना दो की टीम द्वितीय, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पिंगनवा तृतीय रहा। इस दौरान जिला विज्ञान विशेषज्ञ रामकिशन आर्य, विद्यालय प्राचार्य रविंदर जैन, नवोदय विद्यालय प्राचार्य टीपी सिंह, प्राचार्य सतप्रकाश सिंह रहे, प्राचार्य अब्दुल नफे, सुषमा वधवा, बसरूदीन खान, दिनेश गोयल, डॉ पूनम यादव, सुनिल, दिनेश , कपिल , नीलम मलिक, अशोक कुमार , दीपक मेवाती आदि रहे।



### पहले दिन 60 टीमों ने भाग लिया

सांस्कृतिक कार्यक्रम की समन्वयक कुसुम मलिक ने बताया की प्रतियोगिता के पहले दिन 60 टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह और जोश देखने लायक रहा। जो टीम जिला स्तर पर प्रथम रही है वो इस माह में होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगी। सभी विजेता टीमों की पारितोषिक राशि उनके बैंक खातों में सीधे भेजी जायेगी। कार्यक्रम में आज इवेंट को शामिल किया गया, जिसमें समूह नृत्य, एकल नृत्य, रागनी, नाटक को शामिल किया गया है। पहले दिन कक्षा नौवीं से बारहवीं के वर्ग को शामिल किया गया था। कल दूसरे दिन कक्षा पांच से आठ के बाल कलाकारों का आयोजन किया जायेगा। जूरी टीम द्वारा साथ की साथ परिणाम घोषित किया जिसमें रागनी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पुन्हाना का छात्र प्रथम, आरोही मॉडल स्कूल मौहम्मद नगर का बच्चा द्वितीय रहा। तीसरे स्थान पर राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगीना टू की टीम रही। एकल नृत्य में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फिरोजपुर झिरका की टीम प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अडबर की टीम द्वितीय रही। तीसरे स्थान पर राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नूंह दो की टीम रही।

## खबर फटाफट

### तावडू में बढते प्रदूषण को लेकर नपा ने कराई फागिंग



**तावडू ।** शहर व क्षेत्र में प्रदूषण को लेकर नगरपालिका प्रशासन ने कमर कस ली है। पालिका प्रशासन ने शहर में फागिंग का कार्य शुरू करा दिया है। इस फागिंग से शहरवासियों को बढते प्रदूषण से फैल रही बीमारियों में राहत मिलेगी।

पालिका प्रशासन ने मंगलवार को वार्ड नंबर 1 में स्थित मोर पंख विश्राम गृह सहित कुछ स्थानों पर फागिंग कार्य शुरू करा दिया है। लोगों का मानना है कि क्षेत्र में बढ रहे प्रदूषण से लोग बीमारियों की चपेट में हैं। वहीं नगरपालिका प्रशासन द्वारा कराई जा रही फागिंग से शहरवासी राहत महसूस करेंगे।

### बाल गृह से एक बालिका फरार

**तावडू ।** उपमंडल के गांव घुसबैठी में स्थित दीपालय बाल गृह से एक बालिका फरार हो गई। बाल गृह इंचार्ज ने शक जाहिर किया कि उसी के गांव का एक लडक़ा उसे लेकर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। दीपालय चिल्ड्रन होम इंचार्ज कासिम ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 10 जुलाई को एक बालिका दीपालय बाल गृह में सीडब्ल्यूसी आदेशानुसार आई थी। बालिका जब घर से भागी थी, तब उसके पिता ने थाना पिनंवा में एफआईआर दर्ज कराई थी। बालिका के बाल गृह आने के पश्चात काउंसलिंग की गई। जिसमें बालिका ने अपने माता-पिता के पास जाने की इच्छा जताई। उसके बाद गत 24 जुलाई को सीडीसी आदेश अनुसार बालिका को उसके माता-पिता को सौंप दिया। वह घर जाने के कुछ समय बाद एक लडक़े के साथ फरार हो गई। जिस पर पिंगवा पुलिस द्वारा बालिका को फिर से दीपालय बाल गृह में गत 22 सितंबर को सीडब्ल्यूसी के आदेश अनुसार आई थी। जिस पर उन्हें बालिका की काउंसलिंग की गई। गत 3 नवंबर की प्रात÷ 5 बजे के लगभग बालिका बालगृह से फरार हो गई। बाल गृह के स्टाफ ने बालिका की चारों तरफ जांच पड़ताल की जिस पर छत के ऊपर बीड़ी सिगरेट गुटका और पाइप मिला। जिसके माध्यम से बालिका को छत के ऊपर चढ़ाया गया। दीवारों पर चढने व उतारने के निशान पाए गए, बालिका की खूब छानबीन की गई। लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। उन्हें शक है कि वह इस लडक़े के साथ फरार हो गई है। पुलिस ने कासिम की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### सास-ससुर पर मारपीट का आरोप

**तावडू।** उपमंडल के गांव बिस्सर अकबरपुर निवासी एक विवाहिता ने अपने ससुर व सास पर मारपीट कर चोटिल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित विवाहिता की शिकायत पर नामजद 2 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव बिस्सर अकबरपुर निवासी विवाहिता ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 31 अक्टूबर को सांय 4 बजे के लगभग वह अपने ससुराल में थी। उसका ससुर श्यामवीर व सास लक्ष्मी भी घर पर थी और सास कहने लगी कि उसके घर में आने पर उनका नुकसान हो रहा है और ताने देने लगी। उसने ताने देने से मना किया तो उसकी सास ने चुन्नी से गर्दन दबा दी। वह गिर गई और हाथ की कोहनी पर चोट आई। वहीं उसके ससुर ने उसे थप्पड मुक्के मारे थे। उसने फोन करके पिता को बुला लिया और सरकारी हस्पताल तावडू में ईलाज करवाया। डाक्टरों ने उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**तावडू।** उपमंडल के गांव शिकारपुर में घर के बाहर खडी बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव शिकारपुर निवासी खालिद हुसैन ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि गत 1 नवंबर को सांय 8 बजे के लगभग उसने अपनी बाइक को अपने घर के सामने गली में ताला लगाकर खड़ा कर वह अंदर चला गया। कुछ समय बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसकी बाईक वहां पर नहीं थी। उसने अपनी बाइक की काफी छानबीन की, लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने बाइक मालिक की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### सफाई व्यवस्था नहीं होने से बढ़ा माहामारी का खतरा

**गुरुग्राम।** नगर निगम के सफाई कर्मचारी पिछ्ले 28 दिनो से हड़ताल पर होने के कारण संपूर्ण गुरुग्राम की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, जगह-जगह गंदगी एवं कूड़े के ढेर पड़े हैं । युवा समाजसेवी विकास शर्मा पटेल नगर ने बताया कि हर मोहल्ले, हर गली तथा हर वार्ड के बद से बदतर हालत हो गए हैं मिलेनियम सिटी कहलाने वाला गुरुग्राम कूड़ाग्राम बन गया है आप शहर के किसी भी कोने मैं चले जाओ आपको हर गली मोहल्ले मैं कूड़े के पहाड़ बने नजर आएंगे, सदर बाजार का बुरा हाल है, सब्जी मंडी नजदीक गुरुद्वारा यहां तो कूड़े का यह हाल है कि उधर से निकलना बड़ा



मुश्किल है, कूड़े से सड़क जाम है सब्जी मंडी का रास्ता जाम है सब्जी दुकानदारों का कहना है कि दिनभर यहां बैठना बड़ा ही मुश्किल हो रहा है हर छोटी बड़ी सभी कालोनियां गंदगी से सटी पड़ी है, बीमारियां फैल रही है, महामारी फैलने का खतरा है। गुरुग्राम की बैहतरी के लिए निगम चुनावो में आने वाले सभी भावी पार्षद उम्मीदवारों एवं सभी जनप्रतिनिधियों से मै कहना चाहूंगा की इस संकट की घड़ी में अपने गुरुग्राम को दूषित हवा तथा इस माहामारी से बचाने के लिए वे सभी अपने-अपने वार्ड में आपस में मिलजुल कर सफाई की व्यवस्था करें तो इस समस्या का समाधान हो सकता है, एक पंथ दो काज, इससे भावी पार्षदों का जन आधार बढ़ेगा तथा जनता में उनकी पैठ भी बनेगी और वार्ड की सफाई भी हो जाएगी । तथा इस विकट समस्या का समाधान भी हो जाएगा, साथ ही सरकार तथा नगर निगम को भी इस और जल्दी से जल्दी ध्यान देकर इस समस्या का समाधान करना होगा ।

## बाजरे की कडबी में लगी आग



**तावडू ।** निकटवर्ती खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग 3 एकड बाजरे की कडबी में लगी। जिसे फायर बिग्रेड की गाडी ने काबू किया। यह जानकारी फायर बिग्रेड के कर्मचारी दीपक ने दी।

उन्होंने बताया कि मंगलवार को निकटवर्ती खेत में अचानक कडबी में आग लग गई। जिसकी सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। फायर बिग्रेड ने मौके पर पहुंचे आग पर काबू किया। यह आग इस्लम पुत्र मौहम्मद खां के 3 एकड बारे की कडबी में लगी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही स्टाफ सहित मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।

## 100 विद्यार्थी शैक्षिक भ्रमण के लिए रवाना

**दल में ग्यारहवी कक्षा में आर्ट्स और कॉमर्स के विद्यार्थियों को किया शामिल**

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों की ग्यारहवीं कक्षा में आर्ट्स एवं वाणिज्य संकाय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को ज्ञानवर्धक जानकारियां देने के लिए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पर्यटन स्थलों का भ्रमण करवाया जा रहा है। इस भ्रमण पर विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियो को मौका दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने बताया कि इस भ्रमण यात्रा के लिए जिले के





अलग-अलग सरकारी स्कूलों के 100 छात्र एवं छात्राओं को 04 दिवसीय शैक्षिणिक भ्रमण के दल को जिला शिक्षा अधिकारी परमजीत चहल ने हरी झंडी देकर रवाना किया। इस भ्रमण में विद्यार्थियों को अमृतसर में स्वर्ण मंदिर, जलियांवाला बाग, वाघा बॉर्डर तथा वापसी में धार्मिक नगरी कुरुक्षेत्र के विभिन्न तीर्थ स्थलों का भ्रमण करवाया जाएगा। चहल ने कहा कि किताब में पढ़ने व किसी स्थल को देखने में काफी फर्क होता है, देखने के बाद वहां की यादें जेहन में बैठ जाती है और उसको भुलाया नहीं जा सकता है जबकि किताब में पढ़ी बातें हम भूल भी जाते हैं। शिक्षा विभाग की यह एक अच्छी पहल है। इससे हम सभी को काफी कुछ सीखने को मिलेगा।

भ्रमण कार्यक्रम नोडल अधिकारी ई एम खान ने बताया की इस 100 बच्चों के दल में सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थीयों को शामिल किया गया, जिन्होंने दसवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। भ्रमण के दौरान सारा खर्च शिक्षा विभाग द्वारा ही वहन किया जाएगा। वही भ्रमण के दौरान सरोज यादव, सविता, गीता, वेद प्रकाश, सुरेश, सुनिल कुमार, सचिन, आकिल हुसैन, शकील अहमद, दल के साथ मौजूद रहेंगे।

## एक माह से गायब व्यक्ति को कोई सुराग नहीं लगा

**कनीना।** लगभग एक माह पहले घर से गायब हुए व्यक्ति का आज तक कोई सुराग नहीं लगाने से परेशान परिजनों ने पुलिस में शिकायत देकर ढूंढने की गुहार लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार जेल सिंह पुत्र गोपी चंद निवासी बागोत जो 28 सितंबर को घर से गया था जो आज तक वापसी लौटकर नहीं आया परिजनों ने यह भी बताया कि इसकी शिकायत पुलिस को देखकर मामले से अवगत कराया थाञ लेकिन लगभग एक महीने से ऊपर का टाइम हो गया अभी तक जिले सिंह का कोई खैर खबर नहीं मिली वही पुलिस से जब इस बारे में बात की गई तो उसने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया हुआ है और विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है

## बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरुक करना मुख्य उद्देश्यः एसपी

**जिला में ट्रैफिक नियमों से संबंधित 9 नवम्बर को डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन नूंह में तीसरे स्तर की परीक्षा में बैठेंगे करीब 375 बच्चे**

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । पुलिस महानिदेशक हरियाणा एवं पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल शत्रुजीत कपूर के दिशा-निदेशों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सड़क सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया जा रहा है ।

नूंह पुलिस द्वारा जिला नूंह में 27 अक्टूबर 2023 को द्वितीय चरण की यह प्रतियोगिता कराई जा चुकी है।

जिला नूंह में इस प्रतियोगिता परीक्षा के तीसरे स्तर की परीक्षा के आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। 27 अक्तूबर को इस क्विज कम्पीटीशन के दूसरे स्तर की परीक्षा का ब्लाक लेवल पर आयोजन करवाया जा चुका है । दूसरे स्तर की परीक्षा 4 लेवल पर हुई थी । दूसरे लेवल में कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थी, लेवल 2 में कक्षा 6 से 8, लेवल 3 में कक्षा 9 वीं से 12 वी व लेवल 4 कॉलेज के बच्चों ने भाग लिया था। दूसरे स्तर की परीक्षा में सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के करीब 3 हजार बच्चों ने भाग लिया था । जिसमें से 375 बच्चों ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी । जो अब तीसरे स्तर की परीक्षा में भाग लेंगे । परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को इनाम वितरण किया जाएगा । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस तरह की प्रशोनत्तरी प्रतियोगिता का मकसद विद्यार्थियों को प्रारम्भ से ही यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना तथा उनकी पालना करने के लिए प्रेरित करना है क्योंकि बचपन से सीखा हुआ सबक जिन्दगी भर याद रहता है। इसी उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा शिक्षा विभाग के साथ मिलकर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है ।

## बूराका कॉलोनी में बने डंपिंग यार्ड बना सफेद हाथी

**इस समय इस समय पालिका जमीन के अलावा कई एकड़ जमीन में कूड़ा एकत्र हो चुका है**

**नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र**

तावडू । शहर के बाईपास पर स्थित बूराका कॉलोनी में वर्षों पूर्व नगर पालिका प्रशासन द्वारा कूड़े को खाद में बदलने के लिए डंपिंग यार्ड बनाकर उसके सांचे अलग-अलग बनाए गए थे। लेकिन सही तरीके से ने बनाए जाने के कारण यह डंपिंग यार्ड नकारा साबित हो रहा है। इस समय इस समय पालिका जमीन के अलावा कई एकड़ जमीन में कूड़ा एकत्र हो चुका है। लेकिन बेबस सफाई कर्मचारी किसानों व भूमि मालिकों की गालियां सुनकर प्रशासन के समक्ष रखते हैं। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं होती। जिसके चलते क्षेत्र में दुर्गंध व कूड़े में



आग लगने के कारण भीषण प्रदूषण नगर के चारों ओर फैल रहा है। लेकिन पालिका प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। जिससे लोगों में भारी भरकम रोष पनप रहा है।

वही गांव शिकारपुर से मौजूदा सरपंच अजहरुद्दीन, पंच फकरू दीन, शौकत, मदरसा संचालक हाफीज, ताहिर, अब्दुल मजीद, तारीफ हुसैन, आबिद हुसैन आदि ने बताया कि डंपिंग यार्ड के समीप फैले हुए कूड़े से व उसमें आग लगा देने से शहर व क्षेत्र का वातावरण पूरी तरह प्रदूषित हो रहा है। लोग सफाई कर्मचारियों को उनकी जमीन पर कूड़ा ने डालने के लिए धमकाते हैं। लेकिन बेबस सफाई कर्मचारी कूड़े को डालते डालते सडक़ तक पहुंच गए हैं। यह कूड़ा कई एकड़ में एकत्र हो गया है जिसमें आग लगी होने के कारण एक तरफ तो पहले ही प्रदूषण मार क्षेत्र झेल रहा हैं। वही इस कूड़े में लगी आग से जहरीली हवा से क्षेत्रवासी बीमारियों की चपेट में हैं। लोगों का आरोप था कि यह डंपिंग यार्ड सही तरीके से नहीं बनाया गया। जिस कारण यह सुचारू रूप से कार्य नहीं कर पा रहा है और पहाड़ी पर वह आसपास क्षेत्र में कूड़े के अंबार लगे हुए हैं। जिस पर मक्खी मच्छरों का साम्राज्य बना हुआ है। जिनकी चपेट में आकर लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इस डंपिंग यार्ड का रास्ता भी टेंडर में था। लेकिन आज तक वह नहीं बन पाया। लोगों ने बताया कि जब भी कोई अधिकारी इस डंपिंग यार्ड की जांच करने के लिए आता है तो इसको साफ कर दिखावे का रूप धारण कर दिया जाता है। जबकि आज तक यहां कूड़े के अंबर के अलावा कुछ कार्य नहीं हो रहा।

**योजना** | जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड कर जीतें 10 हजार से एक करोड़ का इनाम : उपायुक्त

## जीएसटी बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है योजना का उद्देश्य

**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । यदि आप अपने रोजमर्रा की जरूरतों के लिए खरीदे गए सामान के बिल के माध्यम से इनाम जीतना चाहते हैं तो सरकार की यह योजना आपके काम की है। सरकार की ओर से लागू की गई 'मेरा बिल-मेरा अधिकार' योजना के तहत आमजन 200 रुपए या इससे अधिक का जीएसटी बिल पोर्टल पर अपलोड कर एक करोड़ रुपए का इनाम जीत सकते हैं। योजना का उद्देश्य टैक्स चोरी को रोकना और आम लोगों को जीएसटी बिल लेने के लिए प्रोत्साहित करना है।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जानकारी देते हुए उपभोक्ताओं से आह्वान किया कि वे दुकानदार से खरीदे गए सामान का बिल अवश्य प्राप्त करें। उन्होंने व्यापारियों से भी आह्वान किया कि वे ग्राहकों को बिल अवश्य दें। उन्होंने बताया कि सरकार ने ग्राहकों को प्रोत्साहित करने और जीएसटी बिलों में बढ़ोतरी के लिए के लिए मेरा बिल मेरा अधिकार योजना लागू की है। इस योजना के तहत जीएसटी बिल अपलोड करने वाले नागरिकों को जीतने पर एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा। मेरा बिल-मेरा अधिकार योजना के तहत लोगों को एक करोड़ इनाम के साथ कई और इनाम भी मिलेंगे। इस योजना में हर महीने सरकार 800 लोगों को चुनेगी। ये 800 लोग वे होंगे जो हर महीने अपना जीएसटी बिल अपलोड करेंगे। इन 800 लोगों को 10 हजार रुपये का इनाम



मिलेगा। इन 800 लोगों के अलावा सरकार द्वारा 10 ऐसे लोगों का चयन किया जाएगा जिन्हें इनाम स्वरूप 10 लाख रुपए की राशि मिलेगी। उन्होंने बताया कि एक करोड़ रुपये की राशि का लाभ 2 लोगों को मिलेगा।

वहीं उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली कन्याओं के विवाह के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना शुरू की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीबी रेखा के नीचे आने वाले अनुसुचित जाति व विधवाओं की कन्याओं के विवाह में वित्तीय सहायता प्रदान करना है। यह योजना उन कन्याओं की मदद करेगी, जिनके परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है। जिला नूंह में इस वित्त वर्ष में अब तक 321 लाभपात्रों को एक करोड़ 57 लाख 91 हजार रुपए का लाभ दिया जा चुका है।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत हरियाणा सरकार द्वारा लाभार्थी लड़कियों को उनकी शादी पर 41 हजार रुपए से 71 हजार रुपए तक की वित्तीय सहायता राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक हरियाणा का स्थाई निवासी होना चाहिए तथा परिवार पहचान-पत्र के अनुसार उसकी आय 1.80 लाख रुपए से आय कम होनी चाहिए। पीपीपी में उसका बैंक खाता व जाति वेरीफाई हो। उन्होंने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए लड़की की शादी का पंजीकरण होना चाहिए। यदि वधू के परिवार की आय 1.80 लाख रुपये से कम या बराबर है या फिर वर या वधू में से कोई एक दिव्यांग है व परिवार की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम या बराबर है तो उसे शगुन के रूप में 41 हजार रुपये प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा यदि वर या वधू दोनों दिव्यांग हैं व उनके परिवार की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम या बराबर है, तो उसे 51 हजार रुपये शगुन राशि मिलेगी।

उन्होंने बताया कि यदि विधवाओं व निराश्रित महिलाओं की बेटियां या फिर अनाथ लड़की, जिनकी पारिवारिक आय 1.80 लाख रुपये से कम है, तो उसे शगुन राशि के रूप में 51 हजार रुपये मिलेंगे। उन्होंने बताया कि यदि प्रार्थी एससी, डीएनटी, टपरीवास जाति से हैं और उनके परिवार की सालाना आय 1.80 लाख रुपये से कम है तो उसे शगुन राशि के रूप में 71 हजार रुपये मिलेंगे।

### एक यूजर महीने में 25 बिल कर सकता है अपलोड

उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का लाभ केवल उन ही व्यापारियों को मिलेगा जो तिमाही आधार पर जीएसटी बिल अपलोड करेंगे। इसके लिए व्यापारियों को मेरा बिल मेरा अधिकार के एप पर अपना जीएसटी बिल अपलोड करना होगा। इसके अलावा वे वेबडॉटमेराबिलडॉटजीएसटीडॉटजीओवीडॉटआईएन पर भी जाकर जीएसटी बिल अपलोड कर सकते हैं। व्यापारियों को इस योजना का लाभ उठाने के लिए कम से कम 200 रुपए का जीएसटी बिल अपलोड करना होगा। योजना का लाभ पाने के लिए मेरा बिल-मेरा अधिकार के एप को डाउनलोड करना होगा । इस योजना में एक यूजर महीने में केवल 25 जीएसटी बिल अपलोड कर सकता है। इस योजना का लाभ पाने के लिए जीएसटीआईएन इनवाइस नंबर, बिल का अमाउंट टैक्स अमाउंट और दिनांक आदि की जानकारी दर्ज करनी होगी। इसके अलावा जो भी व्यक्ति इस योजना का लाभ पाता है उसे अपना पैन नंबर, आधार नंबर बैंक अकाउंट की जानकारी मेरा बिल-मेरा अधिकार के एप पर अपलोड करनी होगी।

## प्राइमरी से पांचवी तक कक्षाएं बंद करने के दिए आदेश



**आस मोहम्मद, भरोसा मित्र**

नूंह । उपायुक्त एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष धीरेंद्र खड़गटा ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) व आसपास के क्षेत्रों में हवा की गुणवत्ता खराब होने की स्थिति में जिला नूंह में नर्सरी से पांचवीं कक्षा तक के सभी प्राइवेट व सरकारी स्कूलों में भौतिक रूप से कक्षाएं न लगाने के आदेश पारित किए हैं। उपायुक्त ने वायुमंडल में बढ़ रहे प्रदूषण से बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए हैं। उपायुक्त ने आदेशों में बताया कि जिला में प्री स्कूल, प्री प्राइमरी व प्राइमरी कक्षाओं में पढने वाले विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए स्कूल प्रबंधक, अध्यापक ऑनलाइन पढ़ाई जारी रखें तथा बच्चों की स्कूलों में कक्षाएं न लगाएं। इसके लिए विद्यार्थियों को ऑनलाइन कक्षाओं के लिए संसाधन जुटाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने बताया कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में लगातार बढ़ोतरी होने से ग्रैप के स्टेज 4 की स्थिति आ गई है। इससे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव का अंदेशा बना हुआ हैं। ऐसे में प्राइमरी स्कूलों में पढ़ाई ऑफलाइन की बजाय अब ऑनलाइन करने का निर्णय लिया गया हैं। यह आदेश जिला के सभी निजी व सरकारी शिक्षण संस्थाओं में 7 नवंबर से आगामी आदेशों तक प्रभावी रहेंगे।

## खबर फटाफट

### झूठी शिकायत देने पर की कार्रवाई

**नारनौल।** पुलिस में झूठी शिकायतें देने वाले लोगों पर पुलिस धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई कर रही है। पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल द्वारा सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रबंधोंको को झूठी शिकायत दर्ज करवाने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ 182 आईपीसी की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। जिनके तहत थाना निजामपुर पुलिस ने झूठी एमएलआर कटवाकर झूठी शिकायत देने पर एक व्यक्ति के खिलाफ धारा 182 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 16 अक्टूबर 2023 को मेघोत बिन्जा निवासी एक व्यक्ति ने थाना निजामपुर में मारपीट की शिकायत दी थी। शिकायत पर पुलिस ने जांच की, जांच में पाया कि व्यक्ति ने झूठी एमएलआर कटवाकर झूठी शिकायत दी थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसके खिलाफ धारा 182 आईपीसी के तहत कार्रवाई की है। झूठी सूचना/शिकायत देने वाले के खिलाफ आईपीसी की धारा 182 के तहत कार्रवाई की जाती है। धारा 182 के तहत झूठी सूचना/जानकारी/शिकायत देने पर सजा का प्रावधान है। जांच में साबित हो जाता है कि शिकायतकर्ता द्वारा झूठी शिकायत दी गई तो धारा 182 के तहत उसके खिलाफ कार्रवाई होती है। इसमें 6 महीने की सजा और जुर्माना भी हो सकता है।

### चोरी के मामले में तीन और गिरफ्तार

**नारनौल।** अग्रवाल सभा भवन में भगवद गीता पाठ में आरती के समय गले से सोने की चेन चोरी करने के मामले में थाना शहर नारनौल की पुलिस टीम ने तीन ओर महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनकी पहचान नई बस्ती, नजदीक चामुंडा मंदिर मेरठ निवासी लीला देवी, जमुना देवी और सुनीता के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा इनको न्यायालय ने पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। इस मामले में पुलिस द्वारा पहले तीन महिला आरोपितों सुमन वासी मेरठ, सुमन वासी टीपी नगर मेरठ और नीतू वासी टीपी नगर मेरठ को गिरफ्तार किया था।

पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशांत वासी नई मंडी नारनौल ने थाना शहर नारनौल में सोने की चेन चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई, जिसमे उसने बताया कि दिनांक 18 सितंबर से 24 सितंबर तक अग्रवाल सभा भवन में भगवद गीता का पाठ किया जा रहा था, दिनांक 21 सितंबर को शाम के समय ज्यादा भीड़ हो गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि भीड़ में अज्ञात औरतों ने आरती के समय 6-7 सोने की चेन चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन ओर महिला आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिन्हे न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### अवैध हथियार रखने का आरोपी रिमांड पर

**नारनौल।** जिला पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देशानुसार अवैध हथियार रखने के शौकीन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने एक आरोपी राजेश उर्फ खनिया वासी नया गांव (नियाजलीपुर) को गिरफ्तार किया है। आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया गया। सीआईए नारनौल की टीम ने थाना निजामपुर के क्षेत्र में दिनांक 16 मई को नयागांव निजामपुर के स्कूल पास से गुप्त सूचना के आधार पर रैड कर देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए थे। सीआईए नारनौल की टीम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली थी कि नयागांव निजामपुर में स्कूल के पास एक युवक खड़ा है, जिसके पास अवैध हथियार है।

अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपी को मौके से अवैध हथियार के साथ पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर सीआईए नारनौल की टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रैड की, वहां पर खड़ा एक युवक पुलिस टीम को देखकर स्कूल की दीवार कूदकर भाग गया, कूदते समय जेब से अवैध हथियार निकलकर गिर गया, जिसको चैक करने देसी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। आरोपी के खिलाफ थाना निजामपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में सीआईए ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### जुआ खेलते 4 को दबोचा

**नारनौल।** सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने जुआ खेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कल पम्प हाउस नारनौल नहर के पास से ताश के पत्तों के साथ जुआ खेलते 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनसे ताश के पत्ते व जुए में लगाई गई राशि बरामद की गई। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस अधीक्षक नितिश अग्रवाल ने जिला महेंद्रगढ़ में जिला पुलिस को जुआ खेलने/सट्टेबाजी करने वालों के खिलाफ सभी थाना, चौकी, सीआईए टीमों के इंचार्ज को कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिसके तहत सीआईए नारनौल की टीम ने गस्त पड़ताल करते हुए गुप्त सूचना के आधार पर पम्प हाउस से ताश के पत्तों से जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपितों के खिलाफ थाना शहर नारनौल में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपितों के पास जुआ ताश के पत्ते व जुआ में प्रयोग की जाने वाले भारतीय करेंसी के अलग-अलग कीमत के नोट जो कुल राशि 30,460 रुपये सहित काबू करके आरोपियों को मौका से गिरफ्तार किया गया।

सीआईए नारनौल की टीम को सूचना मिली कि सोमवीर वासी मोहल्ला नई सराय सैन चौक नारनौल, मिथुन वासी खोडमा, देवराज वासी महौल्ला पुरानी सराय नारनौल व रजत वासी बलाहा कलां हाल आबाद मीराजी मोहल्ला नारनौल, पम्प हाउस नारनौल नहर के पास बैठकर ताश के पत्तो पर पैसे दाव पर लगाकर जुआ खेल रहे हैं। अगर तुरंत रैड की जाए तो आरोपियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा जा सकता है। सीआईए की टीम ने बतलाए हुए स्थान पर रैड करके मौके से जुआ खेलते 4 लोगों को ताश के पत्तों और नकदी सहित पकड़ लिया।

### फोन व नकदी चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

**नारनौल।** मकान में घुसकर फोन व नकदी चोरी करने के मामले में थाना सदर नारनौल की पुलिस टीम ने आरोपी अजीत वासी भपालपुरा थाना पचेरी कलां, झुंझुनूं राजस्थान को गिरफ्तार किया है, पूछताछ में पुलिस ने आरोपी के पास से दो फोन बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपी को गहली क्षेत्र से गिरफ्तार किया और पूछताछ में फोन बरामद किए गए। आरोपी को आज न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है। शिकायतकर्ता सुबेसिंह वासी मुकुंदपुरा ने थाना सदर नारनौल में चोरी की शिकायत दी, जिसमें उसने बताया कि रात के समय के उसके घर से दो मोबाइल और नकदी चोरी हो गई। शिकायतकर्ता ने अज्ञात के खिलाफ चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपी का पता लगाकर उसको गिरफ्तार कर लिया और उससे मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं।

# नारनौल में गुलाबी ठंड का असर शुरू

## न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस

**इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र**

नारनौल। नारनौल क्षेत्र में एक बार फिर से गुलाबी ठंड ने अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। सुबह के समय शहर का न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस का जबकि अधिकतम तापमान 32.4 डिग्री सेल्सियस चल रहा है। हालांकि अभी भी न्यूनतम तापमान सामान्य से 3 डिग्री अधिक बना हुआ है लेकिन लोगों को सुबह के समय ठंड का एहसास होने लग गया। वहीं दूसरी ओर आज नारनौल शहर में आसपास के क्षेत्र के लोगों को स्मॉग से थोड़ी राहत भी मिली। शहर में आज एयर क्वालिटी इंडेक्स 270 दर्ज किया गया, जबकि गत दिवस यह 340 था।



नवंबर माह की शुरुआत में जहां लोगों को प्रदूषण से परेशानी हो रही है। वहीं दूसरी ओर अब तापमान में गिरावट भी दर्ज होने लग गई है। नारनौल शहर में आज न्यूनतम तापमान 15.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सोमवार को यह 16 डिग्री सेल्सियस था। वहीं शहर का अधिकतम तापमान 34 से 35 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। हालांकि अभी भी न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक चल रहा है। जिसके कारण किसानों की रबी की फसल के उत्पादन में प्रभाव पड़ सकता है।

मौसम विभाग की राजकीय कॉलेज में स्थित वेधशाला के इंचार्ज एवं पर्यावरणविद डॉक्टर चंद्र मोहन के अनुसार अभी फिलहाल स्मॉग में फौरी तौर पर राहत मिल रही है। दीपावली पर फिर से स्मॉग छाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि इस दौरान एक 9 नवंबर को एक पश्चिमी विक्षोभ भी आएगा। जिससे बादल छाएंगे।

### स्मॉग से मिली आज थोड़ी राहत

शहर में आसपास के लोगों को आज स्मॉग से थोड़ी राहत मिली है यही कारण है कि एयर क्वालिटी इंडेक्स में भी आज गिरावट दर्ज की गई है। आज मंगलवार को नारनौल शहर का एयर क्वालिटी इंडेक्स 270 रहा। वही सुबह से सूर्य देव के भी चमकदार दर्शन हो रहे हैं। हालांकि अभी भी एयर क्वालिटी इंडेक्स अनहेल्दी जोन में आ रहा है, लेकिन लोगों को इससे कुछ राहत अवश्य मिली है।

# 20-21 नवंबर को आईटीआई में होगा युवा महोत्सव-2023

### युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए अब 11 तक आईटीआई में करवा सकते हैं पंजीकरण

**इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र**

नारनौल।लोक कला, लोक नृत्य तथा लोक संगीत को बढ़ावा देने के लिए आगामी 20 एवं 21 नवंबर को स्थानीय आईटीआई में जिला युवा महोत्सव-2023 का आयोजन किया जाएगा। इस युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए इच्छुक लाभार्थी अब 11 नवंबर तक आईटीआई नारनौल में पंजीकरण करवा सकते हैं। पहले इसकी अंतिम तिथि 7 नवंबर थी।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने बताया कि राज्य सरकार लगातार हरियाणा की लोक कला, लोक नृत्य, लोक संगीत व लोक संस्कृति को बढ़ावा दे रही है। इस कार्यक्रम में विजेताओं को राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेने का मौका मिलेगा।

उपायुक्त ने बताया कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग की ओर से आयोजित यह कार्यक्रम लघु सचिवालय के नजदीक स्थित सभागार में 20 एवं 21 नवंबर को होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए पंजीकरण करवाने की तिथि 7 नवंबर से बढ़कर अब 11 नवंबर कर दी गई है। डीसी ने बताया कि इसमें भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच होनी चाहिए व प्रतिभागी के पास परिवार पहचान पत्र होना चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को 750 रुपए से 15 हजार रुपए तक के 48 पुरस्कार दिए जाएंगे।

# नीलो खेड़ी की टीम ने किया दौरा

### टीम में ट्रेनर रामचंद्र पुनिया एवं पिन्की ने उपस्थित लोगों को पंचायती राज एवं विकास से संम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराई

**ब्यूरो भरोसा, मित्र**

कनीना। हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान नीलोखेड़ी की टीम ने जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में कनीना ब्लॉक का दौरा कर रामबास गांव के विकास कार्यो की जानकारी ली एवं ग्राम का मार्गदर्शन भी किया। टीम में ट्रेनर रामचंद्र पुनिया एवं पिन्की ने उपस्थित लोगों को पंचायती राज एवं विकास से संम्बन्धित जानकारी उपलब्ध कराई। ट्रेनर रामचंद्र आरसी पूनिया ने कहा कि गांव में विकास कार्यों के लिए हो रहे प्रयासों को देखकर अच्छा लगा 7 खासकर वेस्ट टू बेस्ट का उदाहरण देते हुए कहा की युवाओं के प्रयास से ग्राम पंचायत ने जो खाली पड़ी जगह पर बाग बनाया है यह बहुत ही सराहनीय कदम है।



हरियाणा सरकार से की जा रही ग्राम पंचायत योजना का उद्देश्य गांव का समुचित विकास करना है। ट्रेनर ने सलाह भी दी की ग्राम के सभी लोगों की भागीदारी से गांव के विकास एवं निर्माण कार्य को किया जाए। जो पंचायत जो प्लान बनाकर भेजते हैं उन्हें एफएफसी की ग्रांट जारी होती। ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत अपनी ग्राम पंचायत का प्लान तैयार करें ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड अवश्य करें। ट्रेनर पिंकी ने कहा कि केवल गली और नाली का निर्माण ही विकास नहीं है आप सतत विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से गांव में कार्य करें। पंचायत पांच वर्षो का लक्ष्य बनाकर निरंतर विकास कार्यों के लिए प्रयासरत रहे। ग्राम विकास की परिकल्पना का दायरा बेहद व्यापक है। हरियाणा और भारत सरकार की योजनाओं के माध्यम से पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि गांव का समग्र विकास करा सकते हैं। इंद्रधनुष ग्राम योजना भी समग्र ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम साबित हुआ है। पिंकी ने उपस्थित ग्रामीणों से आह्वान करते हुए अनुरोध भी किया की ग्राम पंचायत में पेयजल की बर्बादी को रोकने के लिए भी अभियान चलाएं ताकि पेयजल की बर्बादी ना हो। हर घर तक पेयजल पहुंचाएं एवं अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इस दौरान सरपंच प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ अधिवक्ता कुलदीप यादव वरिष्ठ अधिवक्ता रामनिवास शर्मा, ग्राम सचिव दिनेश कुमार, सतीश कुमार, अनिल कुमार, राजपाल, जितेंद्र, संजीव कुमार, नंबरदार वेदप्रकाश, रमेश चौकीदार, मनोज, अमित, लालाराम, राकेश, राजेंद्र यादव, इंद्रजीत, यशवंती सरपंच इसराना, पंच मोहित कुमार सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# डीसी ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

### ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए

**ब्यूरो, भरोसा मित्र**

महेंद्रगढ़। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज यहां महेंद्रगढ़ के प्रशासनिक भवन में लगे कैंप कार्यालय में 78 लोगों की समस्या सुनी। इनमें से ज्यादातर का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष को अधिकारियों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यहां पर मिलने वाली हर शिकायत को अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर दूर करें। शिकायतों के बारे में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों से जानकारी लेते रहे ताकि अविलंब समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायत का मौका मुआयना करने के बाद उसकी रिपोर्ट मुझे भिजवाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि सामूहिक रूप से कार्य के लिए आने वाले नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। अगर अधिकारी लोगों के साथ कनेक्ट रहेंगे तो उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द दूर कर पाएंगे। अगर हम उनके कार्य जल्द से जल्द करेंगे तो कार्यालयों में भी अनावश्यक भीड़ नहीं आएगी।



इस मौके पर जमीनी विवाद से संबंधित समस्याएं, रास्तों व नालियों की समस्याएं, बीपीएल राशन कार्डो से संबंधित व कब्जे संबंधित,पेंशन बनवाने संबंधित समस्याएं सुनी। इन सभी को जल्द से जल्द दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम हर्षित कुमार, बीडीपीओ निशा तंवर,एसएमओ विकास, मत्स्य अधिकारी सोमदत्त,डीसी पीए सुनील, एसईपीओ प्रवीण, एसईपीओ कृष्णपाल,कृषि विभाग से गजानंद, अल्प बचत विभाग से विजेंद्र सिंह, परिवाद लिपिक रामपाल सिंह के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने मनाई जल दिवाली

**इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र**

नारनौ। आवासीय एवं शहरी कार्य मंत्रालय भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत राष्ट्रीय शहरी आजीवविका मिशन के संयुक्त तत्वाधान में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा नसीबपुर स्थित वाटर ट्रीटमैंट प्लांट पर स्वयं सहायता समूह के साथ जल दिवाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अधीक्षक अभियंता एसपी जोशी ने शिरकत की।

यह जानकारी देते हुए कार्यकारी अभियंता रमेश चंद्र गौड़ ने बताया कि जल दिवाली उत्सव अमृत योजना के तहत पूरे भारतवर्ष में 7 से 9 नवंबर तक मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में नगर परिषद के साथ संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वाटर ट्रीटमैंट प्लांट का भ्रमण करवाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज नसीबपुर स्थित वाटर ट्रीटमैंट प्लांट पर कार्यक्रम का अयोजन कर महिलाओं को पेयजल की प्रोसेसिंग की तकनीकी जानकारी भी प्रदान की। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की 35 महिलाओं का स्वागत कर वाटर ट्रीटमैंट प्लांट पर त्रिवेणी लगाई गई व वाटर ट्रीटमैंट प्लांट पर अन्य प्रकार के पौधे भी लगाए गए। अधीक्षक अभियंता ने बताया कि पेड़ पौधों की वजह से ही हमें पानी मिलता है। वाटर ट्रीटमैंट प्लांट पर नहरी पानी को शुद्ध करके ही उपभोक्ता तक भेजा जाता है इसलिए पेयजल की बर्बादी को रोकने के साथ-साथ हमें जल को अशुद्ध होने से भी बचाना जरूरी है। महिलाओं के लिए जल, जल के लिए महिलाओं टैग लाइन के साथ निभाएं सामुहिक भागीदारी।

वहीं उपमंडल अभियंता अशोक कुमार डागर ने पानी बचाने के तरीके बताए व वाटर ट्रीटमैंट प्लांट की तकनीकी जानकारी प्रदान की। उपमंडल अभियंता अजय यादव ने वाटर ट्रीटमैंट प्लांट का भ्रमण करवाया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि यहां से पानी को शुद्ध करके ही सप्लाई किया जाता है।

# जन विश्वास रैली बदलेगी महेंद्रगढ़ की राजनीति : यादव

## पिछले 9 साल सिर्फ काम पर ध्यान दिया, लोगों ने फूल-मालाओं से किया स्वागत

### दौगडा रैली को लेकर विधायक ने अटेली खंड के अनेक गांवों का दौरा किया, डा. अभय सिंह यादव मेरे प्रेरणा स्रोत : जिला प्रमुख

**इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र**

नारनौ। नांगल चौधरी के विधायक डा. अभय सिंह यादव ने 10 दिसंबर 2023 रविवार को दौंगड़ा अहीर में आयोजित होने वाली जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए नांगल चौधरी व नारनौल के बाद आज अटेली विधानसभा क्षेत्र के 16 गांवों का दौरा किया। इस अवसर पर उनके साथ महेंद्रगढ़ के जिला प्रमुख डॉक्टर राकेश कुमार भी उपस्थित थे। उन्होंने ग्रामीणों को निमंत्रण देते हुए कहा कि डॉ अभय सिंह यादव ने महेंद्रगढ़ जिले की काया पलट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने क्षेत्र की प्यासी धरती की प्यास बुझाने के लिए नहरी पानी में व्यापक सुधार किया है। इसके कारण आज अटेली हलके के राजस्थान बोर्डर तक के गांवों में नहर का पानी पहुंच रहा है। वहीं बेरोजगारी की समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने लॉजिस्टिक हब लगवाने का प्रयास किया है। वही पर्यटन के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने ढोसी की पहाड़ी पर रोपवे की व्यवस्था की जा रही है।



जिला प्रमुख ने कहा कि इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या स्वास्थ्य सेवाओं की कमी थी। इसको पूरा करने के लिए डॉक्टर अभय सिंह यादव ने गांव कोरियावास में एक बहुत ब? मेडिकल कॉलेज का निर्माण अंतिम चरण में है। जो आने वाले समय में इस इलाके के लिए वरदान साबित होगा। जिला प्रमुख ने कहा कि डॉक्टर अभय सिंह यादव उनके प्रेरणा स्त्रोत हैं और उन्हीं के पद चिन्हन पर चलकर वे भी जिला महेंद्रगढ़ का संपूर्ण विकास करवाने का प्रयास करेंगे। जिला प्रमुख ने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि वह दौंगड़ा अहीर रैली में ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर डॉक्टर अभय सिंह यादव के हाथ मजबूत करें।

डॉक्टर यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दक्षिण हरियाणा की प्यासी धरती की प्यास बुझाने के लिए उन्होंने 143 करोड रुपए का नहरी पानी का एक प्रोजेक्ट बनवाया जो आज धरातल पर है। जिसके कारण यहां के करीब 200 गांवों के अर्थव्यवस्था बदल गई है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नहरी पानी को दोहन और कृष्णावती नदियों की बेड में पानी डलवाने से पानी के स्तर में और अधिक सुधार होगा।

उन्होंने कहा कि पिछले 9 साल उन्होंने सिर्फ काम पर ध्यान दिया। अब वे जिला महेंद्रगढ़ की राजनीति को नई दिशा देने के लिए एक जन विश्वास रैली का आयोजन करने जा रहे हैं। लोगों ने डॉक्टर अभय सिंह यादव को डीजे के साथ मोटरसाइकिल का काफिला निकालकर फूल मालाओं की बरसात करते हुए जोरदार स्वागत किया।

डॉक्टर यादव ने मंगलवार को गांव खेड़ी, नवादी, रामपुरा, कांटी, बिहाली, सैदपुर, निरपुर, नांगल, पृथ्वीपुरा, राजपुरा, फत्तनी, ताजपुर, भीलवाड़ा, कुंजपुरा, श्यामपुरा व मिर्जापुर बछौद गांवों का दौरा किया।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान उनके साथ नांगल चौधरी पंचायत समिति अध्यक्ष कर्मपाल यादव, शमशेर जिला पार्षद मुरली प्रधान, सुरेश यादव रिटायर्ड डिप्टी डीए, सुभाष यादव एडवोकेट, हरिराम एडीओ, नारनौल नगर पालिका के उप प्रधान संजीव यादव, कपिल पार्षद के अलावा अनेक गांवों के सरपंच व पूर्व सरपंच के अलावा सम्मानित लोग उपस्थित थे।

# आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन 10 को

**नारनौल।** आयुष मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार हरियाणा आयुष विभाग की ओर से 10 नवंबर को कुलताजपुर राजकीय माध्यमिक विद्यालय में धनवंतरी त्रयोदशी को अष्टम आयुर्वेद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इसमें आमजन को आयुर्वेद के सिद्धान्तों के साथ जीने और आयुर्वेद को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करने के साथ आयुर्वेद फार वन हैल्थ की थीम पर हर दिन आयुर्वेद, सबके लिए आयुर्वेद को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर रोगों से बचने के बारे में जागरूक किया जाएगा। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अजीत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुष विभाग की ओर से कुलताजपुर में जिला स्तरीय निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसमें जोड़ो का दर्द, मधुमेह, रक्तचाप, चर्म रोग, रक्त प्रदर, श्वेत प्रदर एवं अन्य सभी रोगों का निशुल्क औषधियों से उपचार करते हुए योग एवं प्राणायाम की विधियां भी बताई जाएंगी। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर भी बल देता है। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आयुर्वेदोक्त दिनचर्या, ऋतुचर्या, रात्रिचर्या,आहार- विहार, योगासन, प्राणायाम इत्यादि को अपने दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य के लिए दुर्व्यसनों, दुर्गुणों से मुक्ति, सदवृत्त व आचार रसायन का पालन करना चाहिए ।

**हक के लिए** अटेली खंड के सफाई कर्मी अपनी मांगों को लेकर खंड कार्यालय में 28 वें दिन भी हड़ताल रही जारी

# गांवों में सफाई व्यवस्था में चरमराई

### खंड के प्रधान ईश्वर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है

**ब्यूरो, भरोसा मित्र**

मंडी अटेली । स्थायी रोजगार की मांग व एक समान वेतन तथा नई कर्मचारियों की भर्ती सहित अन्य मांगों को लेकर खंड अटेली के परिसर में सभी सफाई कर्मी 28वें दिन मंगलवार को हड़ताल पर बैठे रहे। अटेली खंड के ग्रामीण सफाई कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर खंड के प्रधान ईश्वर सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जनता के स्वास्थ्य के प्रति गंभीर नहीं है। त्योहारी सीजन में शहर में चारों तरफ गंदगी के ढेर लगने से बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई है। लेकिन प्रदेश सरकार हमारे मुख्य मांगों पर कोई ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश सरकार वाल्मीकि बिरादरी के लोगों का मुख्य कार्य सफाई करना है और सरकार ने सफाई के सभी कार्यों को ठेकेदारी में देकर इन गरीब सफाई कर्मचारियों को ठेकेदारों का गुलाम बनाने का काम किया है। प्रदेश सरकार हमारा वोट बैंक तथा गंदगी साफ करने की मशीन से ज्यादा कुछ नहीं समझती है। इस मौके पर उप प्रधान उषा देवी, बाबूलाल, विनोद कुमार, अरविंद, मनोज, लक्ष्मण,राजकुमार, नरेश, सुनीता, ललिता इत्यादि सफाई कर्मी उपस्थित रहे।



### जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर

सफाई कर्मियों के 28 दिनों से चल रही हड़ताल के कारण गांवों में सफाई व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है। जगह-जगह गंदगी के ढेर बीमारियों को न्यौता दे रहे है। सबसे कम संसाधनों के बीच लोगों की गंदगी साफ करने वाले सफाई कर्मी यौद्धा अपनी मांगों को लेकर लोकतांत्रिक तरीकों से धरना प्रदर्शन पर है लेकिन सरकार कोई ध्यान नहीं है।

# एसडीएम ने किया औचक निरीक्षण



**ब्यूरो, भरोसा मित्र**

कनीना। कस्बे में चल रहे विकास कार्यो को लेकर कनीना एसडीएम सुरेंद्र सिंह ने अपनी टीम के साथ दौरा कर विकास कार्यो की बारीकी से जांच की। जिसमें कुछ छोटी मोटी खामियां मिली। जिसको लेकर ठेकेदार को अवगत कराया।

मिली जानकारी के अनुसार पिछले पांच वर्ष से कस्बा कनीना में विकास के कार्यो की एक ईंट भी नहीं लगी थी। जिसको लेकर कस्बा वासी दर-दर की ठोकरे खाने पर विवश हो रहे थे वहीं नगरपालिका का कार्यकाल कंप्लीट होने के बाद नगर पालिका की पावर एडमिनिस्ट्रेटर एसडीएम सुरेंद्र सिंह के हाथों में आई और उन्होंने लोगों की समस्या पर अमल करते हुए कस्बे में विकास कार्यों की झड़ी लगा दी। जिसमें उन्होंने पहला कार्य अटेली रोड से लेकर उप नागरिक अस्पताल तक सीसी रोड बनाया। वहीं दूसरी तरफ लोगों की मांग को देखते हुए उप नागरिक अस्पताल से लेकर कनीना मंडी तक सडक़ बनाने का कार्य शुरू कराया। जिसकी आज मौके पर जाकर जांच की तथा कुछ छोटी-मोटी कमियों को लेकर रोड बनाने वाली एजेंसी को अवगत कराया। कुछ जगह सडक़ में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा डाली गई पाइप कहीं लीक होने के कारण जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को मौके पर बुला उसे तुरंत ठीक करने के निर्देश भी दिए।

8 page 6_01.qxd 11/7/2023 10:06 PM Page 1



## खबर फटाफट

### पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध

**रेवाड़ी।** जिलाधीश एवं डीसी राहुल हुड्डा की ओर से बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए रेवाड़ी जिला में पटाखों के भंडारण, बिक्री व इस्तेमाल (ग्रीन पटाखों को छोड़कर) पर रोक के आदेश जिला में 1 नवंबर से प्रभावी हो चुके हैं जो 31 जनवरी 2024 तक प्रभावी रहेंगे। जिलाधीश की ओर से जारी आदेशों में फ्लिपकार्ट, अमेज़ॅन आदि ई- कॉमर्स कम्पनियां पटाखों के किसी भी ऑनलाइन ऑर्डर को स्वीकार नहीं करने की मनाही की गई है। जिला में पटाखों के उत्पादन, भण्डारण तथा बिक्री को लेकर विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 सीआरपीसी की धारा 144 के तहत ये आदेश जारी किए गए हैं। जिलाधीश द्वारा जारी आदेश में नियमों की पालना एसडीएम, थाना प्रभारी, नगर परिषद के अधिकारीगण, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी तथा तहसीलदार अपने-अपने कार्यक्षेत्र में एक-दूसरे से तालमेल करके सख्ती से करवाएंगे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिदिन की पालना रिपोर्ट उपायुक्त कार्यालय में नियमित रूप से भेजेंगे। जारी आदेशों में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारियों को भी हिदायत दी गई है कि वे नियमित रूप से वायु की गुणवत्ता पर निगरानी रखेंगे।
डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय की हिदायतानुसार जिला रेवाड़ी में कम प्रदूषण फैलाने वाले ग्रीन पटाखें ही लाईसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से बेचे जा सकते हैं। अन्य पटाखों तथा लड़ियों के उत्पादन, बिक्री तथा प्रयोग पर पूर्णत~ प्रतिबंध लगा दिया गया है। ये पटाखें भी केवल दीपावली पर्व के दिन सांय 8 बजे से रात्रि 10 बजे तक व क्रिसमस व नववर्ष के अवसर पर भी निर्धारित समयावधि तक ही चलाने की अनुमति होगी। जिलाधीश के इन आदेशों का उल्लंघन करते पाए जाने पर दण्ड प्रक्रिया अधिनियम तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 की विभिन्न धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही करके दण्डित किया जाएगा। यह आदेश रेवाड़ी जिला में 31 जनवरी 2024 तक प्रभावी रहेंगे।

### जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए तिथि बढ़ाई

**रेवाड़ी।** डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के माध्यम से जिले के युवाओं को सांस्कृतिक गतिविधियों से जोडऩे एवं उनकी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से मीरपुर (रेवाड़ी) स्थित इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में 30वें जिला स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन 20 व 21 नवंबर को किया जाएगा, जिसके लिए पंजीकरण कराने की अंतिम तिथि बढ़ाकर 11 नवंबर कर दी गई है। उन्होंने कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिला युवा महोत्सव बारे सभी खंडों में जागरूकता अभियान चलाकर अधिक से अधिक प्रतिभागियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।
डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि जिला युवा महोत्सव विलुप्त होती लोक कला को संजोने का हरियाणा सरकार का बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने बताया कि 20 व 21 नवंबर को रेवाड़ी सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में जिला युवा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में 750 रुपए से लेकर 15000 रुपए तक के 48 नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए जिला युवा समन्वयक अधिकारी एवं प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क किया जा सकता है। ई-मेल आईडी पर आवेदन पत्र भेजकर भी पंजीकरण कराया जा सकता है। जिला युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रतिभागी की आयु 15 से 29 वर्ष के बीच तथा परिवार पहचान पत्र अनिवार्य है। जिला युवा महोत्सव के दौरान लोक नृत्य, लोकगीत, कहानी लेखन, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, फोटोग्राफी आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय युवा महोत्सव उपरांत 5 से 7 दिसंबर तक राज्य स्तरीय युवा महोत्सव तथा स्वामी विवेकानंद के जन्म दिवस के अवसर पर अगले वर्ष 12 से 16 जनवरी तक राष्ट्र स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

### ट्रांसफार्मर से क्वायल व तार चोरी

**रेवाड़ी।** जिले के गांव निगानियावास से गत रात्रि चोर 25 केवीए के बिजली ट्रांसफार्मर से क्वाइल व तेल चोरी कर ले गए। विभाग के एसडीओ रविंदर कुमार की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।
पुलिस को दी शिकायत में धारुहेड़ा विद्युत निगम के एसडीओ रविंद्र कुमार ने बताया कि विभाग की ओर से गांव निगानियावास में ग्रामीण सूबे सिंह के निवास के पास 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाया गया है। गत रात्रि चोर ट्रांसफार्मर से कॉपर व तेल चोरी कर ले गए। ग्रामीण सूबे सिंह सुबह जब उठा तो ट्रांसफार्मर के नीचे तेल बिखरा मिला। सूचना पाकर निगम की टीम मौके पर पहुंची तो ट्रांसफार्मर से क्वायल तथा तेल चोरी मिला। चोरी किए गए सामान की कीमत करीब 70 हजार रुपये बताई जा रही है। एसडीओ की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

### इंश्योरेंस कंपनी पर लगाया 50 हजार का जुर्माना

**रेवाड़ी।** कोरोना मरीज को क्लेम नहीं देने पर उपभोक्ता फोरम ने इंश्योरेंस कंपनी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। साथ ही क्लेम की राशि नौ फीसदी ब्याज सहित लौटाने के आदेश जारी किए हैं। दो माह के भीतर अगर राशि नहीं लौटाई गई तो कंपनी को 12 फीसदी ब्याज के साथ राशि देनी होगी।
रेवाड़ी के अधिवक्ता हेमंत लूथरा ने बताया कि शहर के मौहल्ला तेजपुरा निवासी सुनैना मेहता को 13 मई 2021 को कोरोना हो गया था। जिसके चलते सुनैना शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती हो गई थीं। यहां दस दिन भर्ती रहने के बाद 23 मई को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। सुनैना ने एचडीएफसी एग्रो हैल्थ का जनरल इंश्योरेंस कराया हुआ था। दस दिन उपचार की राशि दो लाख 20 हजार रुपये का बिल जब क्लेम के लिए डाला गया तो कंपनी ने इसे देने से इंकार कर दिया। इसके उपरांत सुनैना ने स्वयं अपने स्तर पर अस्पताल का बिल अदा किया तथा इसकी शिकायत कंपनी के अधिकारियों से की, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। जिसके उपरांत 17 मार्च 2022 को सुनैना ने अपने एडवोकेट हेमंत लूथरा के माध्यम से उपभोक्ता फोरम में केस दायर कर दिया।
एडवोकेट लूथरा ने बताया कि कंज्यूमर फोरम ने तमाम कागजात और सबूत दिखाने के बाद इंश्योरेंस कंपनी की गलती करार दी। जिस पर इंश्योरेंस कंपनी पर 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कंपनी की ओर से तर्क दिया गया कि ईलाज का बिल काफी महंगा है। मरीज प्राइवेट वार्ड में भर्ती रही। एडवोकेट ने बताया कि कंज्यूमर फोरम ने टिप्पणी करते हुए कहा कि कोविड जैसी बीमारी से पीड़ित मरीज को अलग वार्ड में रखना जरुरी है। फोरम ने अपना निर्णय सुनाते हुए इंश्योरेंस कंपनी को डिस्चार्ज समरी के बनाए बिल दो लाख 51 हजार रुपये नौ फीसदी ब्याज सहित 11 हजार रुपये वाद खर्च और 50 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही कंपनी को आदेश दिए हैं कि दो माह के अंदर यह राशि सुनैना को दी जाए। अगर दो माह के भीतर ये राशि कंपनी ने नहीं दी तो 12 फीसदी के ब्याज सहित देनी होगी।

# सरकार ने हकदारों तक पहुंचाया हक :ओमप्रकाश

## सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने रेवाड़ी विस क्षेत्र के ग्रामीणों से किया जनसंवाद

**बिना टेंशन बन रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन, कालूवास में हाथों हाथ चालू करवाई 14 बुजुर्गों की पेंशन**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की मौजूदा मनोहर सरकार ने विभिन्न प्रकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का लाभ असली हकदार तक पहुंचाने का काम किया है। परिवार पहचान पत्र हरियाणा में विभिन्न प्रकार की सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। वृद्धावस्था सम्मान भत्ता योजना के तहत पात्र बुजुर्गों की बिना किसी टेंशन के सामाजिक सुरक्षा पेंशन बन रही है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव मंगलवार को 'जनसंवाद' कार्यक्रमों के तहत दूसरे दिन रेवाड़ी विधानसभा क्षेत्र के गांवों कालूवास, काकोडिया़, खिजूरी व निखरी में ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी शिकायतें व समस्याएं सुन रहे थे। ओमप्रकाश यादव जनसंवाद के दौरान ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए रूबरू हुए और उनकी वृद्धावस्था पेंशन, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव कालूवास में मौके पर 5 गुलाबी कार्ड, 15 बीपीएल कार्ड बनाने सहित 14 बुजुर्गो की पेंशन चालू करवाई। जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने पगडिय़ों व फूल मालाओं से सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत अभिनंदन किया।
ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मनोहर सरकार की ओर से प्रदेश में लागू किए गए परिवार पहचान पत्र ने प्रदेश के वृद्धजनों को पेंशन चालू कराने के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने के झंझट से छुटकारा दिलाने का कार्य किया है। परिवार पहचान पत्र के अनुसार जिनकी उम्र 60 साल हो गई है और जिनकी पति-पत्नी की सालाना इनकम 3 लाख रुपए से कम हैं, उनका डाटा क्रीड की तरफ से सोशल जस्टिस डिपार्टमेंट को भेज दिया जाता है। उन्होंने बुजुर्गों से आह्वान किया कि वे वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के लिए किसी भी विभागों के कार्यालय में चक्कर ना लगाएं। सम्मान भत्ता के पात्र होते ही विभाग के कर्मचारी स्वयं आपके पास आएंगे।
प्रदेश के सडक़ तंत्र की मजबूती बनी देश के विकास का आधार ~ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि मनोहर लाल की लीडरशिप में प्रदेश में आधारभूत ढांचागत विकास सुदृढ़ हुआ है और प्रदेश के सडक़ तंत्र की मजबूती पूरे देश के विकास का आधार बनी है। उन्होंने कहा कि देश में स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा, कृषि, सडक़, बिजली, पानी, किसान कल्याण, रक्षा क्षेत्र, महिला सशक्तिकरण सहित अन्य क्षेत्रों में सुधार देखने को मिला है। हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है। जन संवाद कार्यक्रम जन-जन की आवाज बन चुका है। जहां जन संवाद कार्यक्रम आयोजित होता है, उसमें स्थानीय लोग तो शामिल होते ही हैं बल्कि आस-पास के गांवों व शहरों के लोग भी अपनी बात मुख्यमंत्री के समक्ष रखने के लिए पहुंचते हैं। सरकार की ओर से जनसंवाद कार्यक्रम धरातल पर सरकारी की योजनाओं के क्रियान्वयन और लोगों से सीधे फीडबैक लेने के लिए शुरू किया गया है। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान स्टेट कोर्डिनेटर पीपीपी सतीश खोला, सुनील यादव, एसडीएम रेवाड़ी होशियार सिंह, मंत्री ओम प्रकाश यादव के मीडिया सलाहकार राजेश यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति व भाजपा पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री अनूप धानक आज रेवाड़ी में



**रेवाड़ी।** जिला के नागरिकों की शिकायतों का निवारण करने के लिए जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 8 नवंबर को दोपहर 12 बजे बाल भवन रेवाड़ी स्थित ऑडिटोरियम में श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक की अध्यक्षता में आयोजित होगी। सीटीएम जयप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में 15 परिवादों की सुनवाई की जाएगी। नगराधीश ने बताया कि बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 13 नए परिवाद सहित पिछ्ली बैठक में लंबित 2 परिवाद निपटारे के लिए रखे जाएंगे, जिनकी सुनवाई श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री अनूप धानक द्वारा की जाएगी। परिवाद कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद रेवाड़ी, बीडीपीओ खोल, बीडीपीओ डहीना, बीडीपीओ जाटूसाना, बीडीपीओ रेवाड़ी, उपनिदेशक पशुपालन रेवाड़ी, कार्यकारी अभियंता डीएचबीवीएन धारूहेड़ा, कार्यकारी अभियंता डीएचबीवीएन कोसली, पुलिस अधीक्षक रेवाड़ी, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेवाड़ी, जिला शिक्षा अधिकारी रेवाड़ी से संबंधित हैं।

# हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसो. के जिलाध्यक्ष बने संदीप यादव

**एसोसिएशन की बैठक में संगठन से जुड़े अनेक मुद्दों पर भी किया गया विचार-विमर्श**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मीटिंग सेक्टर पांच स्थित निजी स्कूल में प्रदेश अध्यक्ष रामपाल यादव की अध्यक्षता व जवाहर लाल दुल्हन संरक्षक हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की मौजूदगी में आयोजित की गई। जिसमें जिला अध्यक्ष का कार्यकाल पूरा होने पर शिक्षाविद संदीप यादव को एसोसिएशन का जिला प्रधान चुन लिया गया।
मीटिंग में हरियाणा प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के पूर्व जिला अध्यक्ष योगेश तिवारी और कमेटी की सभी सम्मानित सदस्य व सभी ब्लॉक अध्यक्ष भी मौजूद रहे। मीटिंग का एजेंडा वर्तमान जिला अध्यक्ष योगेश तिवारी का कार्यकाल पूरा होने पर नए जिला अध्यक्ष को नियुक्त करने की प्रक्रिया को पूरा करना था। मीटिंग में विचार विमर्श के बाद संदीप यादव डायरेक्टर पाथफाइंडर ग्लोबल स्कूल कोसली को हरियाणा प्राइवेट स्कूल संगठन का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जिस पर सभी ने सहमति जताई और जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर शुभकामनाएं दी।
जिलाध्यक्ष के चयन उपरांत में बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। जिसमें सर्वप्रथम गैरकानूनी रूप से चल रहे कोचिंग सेंटर, स्कूल बसों की पासिंग व उसकी समय सीमा 15 साल करवाना व रेवाड़ी सहोदया के साथ मिलकर बच्चों, शिक्षक, शिक्षा व खेल की गुणवत्ता पर काम करने का निर्णय लिया तथा बच्चों का सर्वांगीण विकास पर जोर दिया गया। संदीप यादव ने कहा कि उनका प्रयास रहेगा की सभी विद्यालयों को साथ लेकर चलें तथा पूरे जिले का एक कॉमन कोड ऑफ कंडक्ट बने। जिससे शिक्षा विभाग व प्राइवेट स्कूलों के बीच किसी प्रकार का मतभेद न हो। उन्होंने सभी का अभिवादन करते हुए उनको यह जिम्मेदारी देने के लिए सबका धन्यवाद किया। सभी ने शिक्षा और स्कूल के प्रति उनकी इस सोच को सराहा। इस अवसर पर सभी ब्लॉक अध्यक्ष व जिला कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर की बैट्री चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के दिशा-निर्देश में कार्य करते हुए थाना बावल पुलिस ने ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान गांव साबन निवासी रोहित कुमार पुत्र ओमकार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बैटरी को बरामद कर लिया है।
जांचकर्ता ने बताया कि गांव आसरा का माजरा निवासी जगदीश ने अपनी शिकायत में बताया की गत चार नवंबर की शाम को उसने अपने ट्रैक्टर को प्लाट अन्दर खड़ा करके अपने प्लाट का गेट बंद कर दिया था। जब उसने सुबह उठकर ट्रैक्टर को देखा तो ट्रैक्टर में बैटरी नहीं थी। ट्रैक्टर की बैटरी को किसी ने चोरी कर लिया है। जिस पर थाना बावल पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए चोरी के आरोपी गांव साबन निवासी रोहित कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# जरुरतमंदों की सहायता कर मनाएं खुशियों का पर्व दीपावली




**वीर भगतसिंह युवा दल की ओर से इस दीपावली पर कुछ अच्छा कर दिखाएं कार्यक्रम आयोजित**

ब्यूरो, भरोसा मित्र

रेवाड़ी। वीर भगत सिंह युवा दल की ओर से इस दीपावली पर कुछ अच्छा कर दिखाएं कार्यक्रम का आयोजन सर्कुलर रोड़ स्थित जैन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ पूनम यादव, प्राचार्य सुरेश शर्मा व युवा दल के प्रधान दिनेश कपूर ने कहा कि दीपावली का त्यौहार अंधेरे पर उजाले की जीत का पर्व है। इस पर्व को विशेष बनाने के लिए जो पैसे पटाखे चलाने के लिए रखे हैं उनसे किसी जरूरतमंद को सर्दी के आवश्यक कपड़े, जूते, पढऩे की पुस्तकें खरीद कर उसकी मदद कर दिवाली का असली आनंद ले सकते हैं। जरुरतमंदों को दवाई खरीदकर, किसी का टूटा चश्मना ठीक कराकर व भूखों को भोजन कराकर सच्ची खुशी प्राप्त कर सकते हैं। जिनका धन दूसरों की सेवा में खर्च होता है, मां लक्ष्मी उन पर निश्चय ही प्रसन्न होती है। दल उप प्रधान प्रवीण ठाकुर ने दीपावली पर धुएं वाले पटाखों का प्रयोग न करने का आह्वान किया। इस दौरान विद्यार्थियों से उनके व्यक्तित्व संबंधी प्रश्न किए। मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। मंच संचालन प्रवक्ता पंकज कुमार ने किया। युवा दल की ओर से स्कूल को शहीद-ए-आज़म, भारत माता, राम दरबार व लक्ष्मी माता के चित्र भेंट किए गए। इस मौके पर प्रवक्ता आशीष कुमार, मीनू शर्मा, पूजा यादव, सरिता शर्मा, मीना यादव, बीना कुमारी, मोंटी यादव, सुनीता, जितेंद्र कुमार, दीपा, कमला अरोड़ा, पूनम यादव, मनीषा जैन, ईशा यादव, योगेश कुमार व दिव्यांश आदि मौजूद थे।

# हकेवि में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित

ब्यूरो, भरोसा मित्र



महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ एवं डॉ. अंबेडकर उत्कृष्टता केंद्र द्वारा राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कुलपति ने आयोजन में सम्मिलित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए उन्हें बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन संघर्ष से प्रेरणा लेकर जीवन को सफल बनाने के लिए प्रेरित किया।
विश्वविद्यालय परिसर में इस कार्यक्रम के अंतर्गत फुले अंबेडकर सांस्कृतिक मेला टीम, टोहाना द्वारा विभिन्न बहुजन महापुरुषों के जीवन संघर्ष तथा उपलब्धियों पर केंद्रित पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. अंतरेश कुमार ने डॉ. अंबेडकर के संघर्षो से प्रतिभागियों को अवगत कराया और समाज को सफल एवं सार्थक बनाने में बाबा साहेब की भूमिका से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सात नवंबर को राजबाडा हाई स्कूल (छत्रपति शिवाजी स्कूल, मुम्बई) में प्रथम कक्षा में दाखिला लिया था। आयोजन में फुले अंबेडकर सांस्कृतिक मेला टीम की ओर से कुलवंत, अमरजीत, विनोद, ईलु, संजय पोस्टर प्रदर्शनी में प्रतिभागिता की। इस अवसर पर हकेवि के प्रो. पवन कुमार मौर्य, प्रो. सुनील कुमार, डॉ. शाहजहां, डॉ. दिनेश, डॉ. जितेंद्र, डॉ. मुलका मारुति, डॉ. मुरलीधर, डॉ. सुरेंद्र, डॉ. रविंद्र, डॉ. कामराज, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ. मनोज, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. नीरज कर्ण सिंह सहित शोधार्थी अक्षय, सचिन, विजयपाल, जितेन सिंह, पीयूष कुमार, विकास कुमार, ब्रिजेश ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में विभिन्न विभागों के शिक्षक, विद्यार्थी व शोधार्थी उपस्थित रहे।

# शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित



ब्यूरो, भरोसा मित्र

कनीना। राजकीय महाविद्यालय कनीना में राष्ट्रीय स्वयंसेवा योजना के तत्वाधान में मंगलवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो वाइस चांसलर केंद्रीय विश्वविद्यालय हरियाणा डा. सुषमा यादव उपस्थित रही। उन्होंने बताया कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं। इससे लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने बताया एनएसएस यूनिट द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन कर युवाओं को उनके कर्तव्य के प्रति जागरूक करने का काम किया। इससे दिल की बीमारी तथा दिल के दौरे के खतरे को कम किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर संदीप ककरालिया ने बताया कि रक्तदान शिविर में 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों के अलावा कई आम लोग भी शामिल हुए। शिविर में रक्तदान करने वालों के लिए दूध,केले आदि जलपान की व्यवस्था की गई। उन्होंने बताया पूरी प्रक्रिया पर नजर रखने तथा रक्त एकत्रित करने के लिए पांच डॉक्टरों की टीम नियुक्त किया गया। जिला रेडक्रास सोसाइटी से सुनील कुमार, मनोज कौशिक, डॉक्टर तमन्ना शर्मा, दीपक वशिष्ठ आदि उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सुरेंद्र सिंह यादव ने सभी स्वयसेवक का धन्यवाद किया। इस मौके पर डा. विनोद यादव, प्रो हरिओम, प्रो. भारती यादव, प्रो. घनश्याम, डा. यतेंद्र राव, प्रो. मंजू, प्रो. मनीषा, प्रो. ननिता आदि मौजूद थे।

### गन्ना के भाव में 14 रुपये प्रति कुंतल की बढ़ोतरी ऊंच के मुंह में जीरा समान

**रेवाड़ी।** स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने भाजपा खट्टर सरकार द्वारा गन्ना के भाव में मात्र 14 रूपये प्रति क्विंटल की बढोतरी करके 380 रूपये प्रति क्विंटल करने को ऊंट के मुंह में जीरा बताया।
विद्रोही ने कहा कि भाजपा सरकार ने गत वर्ष के गन्ना रेट 372 रूपये प्रति क्विंटल को 386 रूपये प्रति क्विंटल करके मात्र 3.90 प्रतिशत की बढोतरी करके किसानों के साथ क्रूर मजाक किया है। विगत एक साल में किसान की लागत काफी बढ़ चुकी है, वहीं महंगाई भी बढी है। हरियाणा में भाजपा-जजपा खट्टर सरकार लम्बे-चौड़े दमगज्जे तो मारती है, लेकिन वास्तव में किसान हित में कुछ नहीं करती। भाजपा किसान आय दोगुना करने का जुमला उछालकर किसानों को ठगती है, लेकिन किसान फसलों के भाव में मामूली बढोतरी करती है। जिससे किसानों पर कृषि ऋण बोझ बढ़ता जा रहा है। आज हरियाणा के किसानों पर कर्ज बोझ काफी बढ़ रहा है। प्रदेश में प्रति किसान परिवार पर आज औसतन 182922 रूपये का बैंक कृषि कर्ज है जबकि देशभर में यह औसतन प्रति किसान परिवार 78 हजार रूपये है।

**राहत भी आफत भी** | पंच पर्वों की शुरुआत से पूर्व पीतल नगरी के बाजार हुए गुलजार

# अतिक्रमण व जाम से आमजन बेहाल

**बाजार की अव्यवस्था आम लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही, यातायात के दबाव के चलते जाम ने पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले लिया है**

ब्यूरो, भरोसा मित्र



रेवाड़ी। दीपावली सहित पंच पर्वो की शुरुआत से पूर्व ही बाजार गुलजार हो गए हैं। किंतु बाजार की अव्यवस्था आम लोगों के लिए सिरदर्द साबित हो रही है। अतिक्रमणकारियों के साथ-साथ यातायात के दबाव के चलते जाम ने पूरे शहर को अपनी गिरफ्त में ले लिया है। विशेकर अति व्यस्तम मोती चौक बाजार से राहगिरों का निकलना भी मुश्किल हो गया है।
त्योहारी सीजन शुरु होते ही पीतल नगरी के बाजार गुलजार हो गए हैं। ऑनलाइन शॉपिंग के बाजार में लगातार हो रही बढ़ोतरी के बावजूद लोगों का स्थानीय दुकानदारों व बाजारों पर विश्वास किस तरह बरकरार है, इसका अंदाजा शहर में उमडऩे वाली भीड़ से सहज ही लगाया जा सकता है। हालांकि दीपावली का पर्व अभी पांच दिन दूर है, लेकिन बाजारों में इसकी रौनक अभी से ही दिखने लगी है। दिवाली पर घरों को सजाने वाले विभिन्न उत्पाद बाजार में दिखाई देने लगी है, वहीं दुकानदारों ने भी दिवाली की तैयारियों को लेकर कमर पूरी तरह कस ली है। धनतेरस के पर्व को देखते हुए बर्तनों तथा ज्वैलरी शोरूम संचालक पूरी तरह तैयार हैं।
दीपों के पर्व को लेकर दुकानदार व व्यापारी तो उत्साहित है, लेकिन बाजार में खरीददारी करने पहुंच रहे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाजार की अव्यवस्था का आलम यह है कि कई बार तो यहां से पैदल निकलना भी दुभर हो जाता है। शहर के मुख्य मोती चौक बाजार की बात की जाए तो यहां अतिक्रमणकारी दुकानदार तथा अवैध रूप से जहां मर्जी खड़े होकर अपनी दुकानदारी करने वाले रेहड़ी चालकों की मनमर्जी के आगे नगर परिषद की भी शांत रहने को मजबूर है। शहर के अनेक बाजारों का यह आलम है कि लोगों का पैदल चलना भी दुश्वर हो रहा है। ऐसे में आने वाले चार-पांच दिनों में लोगों को और भी दिक्कतें झेलनी पड़ सकती है।
शहर के व्यस्त बाजारों में पहुंच रहे चौपहिया और तिपहिया वाहन भी जाम को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। जिन बाजारों में दोपहिया वाहन को निकलने में परेशानी होती है, वहां चौपहिया व तिपहिया वाहन भी पहुंच रहे हैं।
जिससे जाम की स्थिति और बदत्तर हो रही है। यह हालात किसी एक बाजार की नहीं, अपितु कमोबेश अधिकांश बाजारों में यही स्थिति बनी हुई है। अब देखना है कि जिला प्रशासन इस समस्या से आमजन को मुक्ति दिलाने की क्या युक्ति सुझाते हैं।

# खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : अमित मणि

ब्यूरो, भरोसा मित्र

महेंद्रगढ़ । हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग व पोषण जीवविज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में जीव विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में रोजगार के अवसर विषय पर केंद्रित विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने किया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि खाद्य क्षेत्र एक उभरता हुआ उद्योग क्षेत्र है और इसमें रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। विशेष रूप से इसके वैज्ञानिक पक्षों के स्तर पर विशेषज्ञों की माँग निरंतर बनी हुई है और इस क्षेत्र में उद्यमिता विकास के अवसरों को देखते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रयास किए जा सकते हैं।
विश्वविद्यालय के शोध एवं विकास प्रकोष्ठ की निदेशक प्रो. नीलम सांगवान ने दोनों ही विभाागों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार में नए अवसरों को जानने-समझने में मदद मिलेगी। आयोजन में विशेषज्ञ वक्ता केरी टेस्ट एंड न्यूट्रिशन के दक्षिण-पश्चिम क्षेत्र के वाणिज्यिक निदेशक अमित मणि ने अपने संबोधन में योग्यता और कौशल के आधार पर विभिन्न खाद्यप्रसंस्करण क्षेत्र में जीव विज्ञान के विद्यार्थियों को शामिल करने की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। सवाल-जवाब सत्र के दौरान विशेषज्ञ ने संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों की शंकाओं का भी समाधान किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं सूक्ष्मजीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र सिंह, पोषण जीवविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. कांति प्रकाश शर्मा, कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं सूक्ष्मजीवविज्ञान के सहायक आचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार सैनी तथा पोषण जीवविज्ञान विभाग की सहायक आचार्य डा. अनीता कुमारी ने आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक कौशल/पृष्ठभूमि का उपयोग करके विभिन्न खाद्य उद्योगों में रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक करना था।

## खबर फटाफट

### सूरजकुंड में दी जा रही कानूनी जानकारी




**फरीदाबाद।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद श्री यशवीर सिंह राठौड़ के दिशा निर्देशानुसार मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुकिर्ती गोयल की अध्यक्षता में प्रथम दिवाली उत्सव मेला सूरजकुंड में लगाया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लगाया गया। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने कहा कि दिवाली फेस्टिवल में लगाई गई स्टॉल जो कि मेले की खूबसूरती बना हुआ है। यहां दिवाली उत्सव मेला पर लोग दिवाली त्यौहार पर जमकर खरीदारी के साथ-साथ कानून की जानकारी भी हासिल कर रहे हैं।सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में लोग खुब जानकारी हासिल कर रहे हैं। सीजेएम सुकिर्ती गोयल ने बताया कि किस प्रकार सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार फ्री लीगल एड प्राप्त की जा सकती है। इसके साथ-साथ यदि कोई व्यक्ति अपनी समस्या का समाधान घर बैठे करना चाहता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हेल्पलाइन नंबर 0129 22 61898 पर या टोल फ्री नंबर 1800 180 2057 पर कॉल करके अपनी समस्या का समाधान करवा सकता है। इसके अलावा दिवाली उत्सव में आने वाले लोगों को यह भी बताया जा रहा है कि वे किस प्रकार मुफ्त कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्रीमती सुकृति गोयल ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सूरजकुंड में फरवरी माह में लगने वाले सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट्स मेला में भी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हर साल की तरह हरियाणा लीगल सर्विसेज अथॉरिटी पंचकूला का स्टॉल लगाया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के स्टॉल पर पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता राजेंद्र गौतम व पैरा लीगल वालंटियर चंद्रशेखर वे शांति स्वरूप भंडाणा उपस्थित है। वे लोगों को जानकारी दे रहे हैं।

### नए एक्सईएन से परिचय बैठक



**फरीदाबाद ।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद की सैक्टर-06 स्तिथ बल्लभगढ़ डिवीजन पर नीरज दलाल एक्सईएन के तबादले हो जाने के बाद नव नियुक्त पदासीन हुए संजय कुमार मंगला एक्सईएन के पदभार संभालने पर हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन की बल्लभगढ़ यूनिट के पदाधिकारियों ने अपने नए एक्सईएन से परिचय बैठक (इंट्रोडक्शन मीटिंग) कर शुभकामनाएं दीं । परिचय बैठक के इस मौके पर बल्लभगढ़ यूनिट के प्रधान मदन गोपाल शर्मा के साथ साथ यूनिट के सेक्रेटरी सुरेन्दर शर्मा व डिवीजन बल्लभगढ़ के प्रधान मुकेश शर्मा, धीर सिंह बुखारपुरिया, सियाराम, राजबीर शर्मा, हरीश कुमार, पन्ना लाल, सुधीर कौशिक, सत्यप्रकाश चौहान, सुभाष आदि कर्मचारी नेताओं ने एक्सईएन संजय कुमार मंगला के साथ इस मीटिंग में शामिल रहते हुए आगामी समय मे बल्लभगढ़ डिवीजन के आधीन लाम्बित बिजली कर्मचारियों की समस्याओं को जल्द से जल्द निपटान करने का आव्हान किया ।

### वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए आवेदन की अंतिम तारीख 15 तक

**फरीदाबाद ।** डीसी कम जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि सिख समाज के लोग हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव के वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवा सकते हैं। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि आवेदन की अंतिम तारीख को बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दिया गया है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए कम से कम आयु 18 साल और केशधारी सिख होना जरूरी है। डीसी ने आगे बताया कि हरियाणा सिख गुरुद्वारा कमेटी के चुनाव के लिए वोटर लिस्ट तैयार की जा रही है। वोटर लिस्ट में नाम शामिल करवाने के लिए अंतिम तारीख पहले 31अक्टूबर थी, जिसे अब बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दिया गया है। इच्छुक व्यक्ति वोटर लिस्ट में शामिल होने के लिए अपने नजदीक गुरुद्वारा या एसडीएम कार्यालय से फार्म ले सकता है।

### विद्यार्थी को लाइफ में सिन्सियर होना बहुत जरूरी: नेहा



**पलवल।** क्यूब हाइवेज रूट्स फाउंडेशन एवं दिल्ली आगरा टोल रोड प्राइवेट लिमिटेड ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत आरोही मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल गदपुरी में मंगलवार को छात्रवृत्ति कार्यक्रम का आयोजन कर पलवल एवं आस-पास के जिलों के सरकारी विद्यालयों के 37 मेधावी छात्र-छात्राओं को आगे के अध्यन हेतु प्रत्येक को 10 हजार रुपए की छात्रवत्ति भेंट की। इस कार्यक्रम में उपायुक्त नेहा सिंह बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने अधिकारियों के हाथो से पुरस्कृत होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस किया।

उपायुक्त नेहा सिंह ने सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए क्यूब हाइवेज रूट्स फाउंडेशन द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने छात्रों एवं अभिभावकों को छात्रवृत्ति की धनराशि का सदुपयोग करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि लाइफ में सिन्सियर होना बहुत जरूरी है। अपने क्षेत्र के कार्य को हमेशा बेहतर तरीके से करें। अपने एटिट्यूड को हमेशा पॉजीटिव रखें और जीवन की हरेक परेशानी का सामना करने के लिए तैयार रहें। शिक्षा के माध्यम से जीवन में किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। एक बार समय गुजरा हुआ समय कभी लौटकर नहीं आता है। इसलिए विद्यार्थी अपने समय को व्यर्थ न करके हमेशा इसका सदुपयोग करें। इसके साथ-साथ उन्होंने क्यूब हाइवे रूट्स फाउंडेशन को सरकारी विद्यालयों के मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति हेतु चयनित करने के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि जीवन में मेहनत और प्रयत्न से ही सफलता मिलती है।

# भ्रष्टाचार के तले दबा 12 करोड़ का एलईडी घोटाला

## इन लाइटों को लगाने के बाद ठेकेदार की जिम्मेदारी पांच साल तक रख रखाव की भी थी

**निगम के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत के कारण हर साल लाइटों की मैंटीनेंस का ठेका अलग से दिया जाता है**

सात्विक देव , भरोसा मित्र

फरीदाबाद । नगर निगम क्षेत्र में लगी करीब 60 प्रतिशत लाइटें बंद पड़ी हुई हैं । करीब चार साल पहले नगर निगम ने बिजली बचाने के लिए स्ट्रीट लाइटों में लगी हैलोजन की जगह एलईडी लाइटें लगाने का 12 करोड़ रुपये का ठेका दिया था। इन लाइटों को लगाने के बाद ठेकेदार की जिम्मेदारी पांच साल तक रख रखाव की भी थी। यानी खराब होने पर लाइटों को बदलने की जिम्मेदारी ठेकेदार की है। लेकिन निगम के अधिकारियों और ठेकेदार की मिलीभगत के कारण हर साल लाइटों की मैंटीनेंस का ठेका अलग से दिया जाता है। जबकि निगम के पास लाइटों को बदलने के संसाधन और कर्मचारी मौजूद हैं। एलईडी उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार को सिर्फ खराब लाइटों के बदले नई लाइटें देने की जिम्मेदारी दी गई थी।





अब मैंटेनेंस का ठेका खत्म हो जाने के बाद खराब लाइटों को बदलने का काम भी बंद हो गया है। एलईडी लाइट ठेके में घोटाला किए जाने की बात उजागर होने पर जांच भी शुरू की गई थी।

बिजली बचाने के लिए वर्ष 2018 में निगम ने एलईडी लाइटें लगाने के लिए 12 करोड़ रुपये के टैंडर जारी किये थे। ठेकेदार को फायदा पहुंचाने के लिए निगम ने मरम्मत के तीन ठेके अलग से दिए थे। जबकि पांच साल तक रख रखाव की जिम्मेदारी एलईडी उपलब्ध करवाने वाले ठेकेदार की है। तत्कालीन निगम आयुक्त मौहम्मद शाइन को एलईडी ठेके में घोटाला किए जाने का संदेह हो गया था। जिसकी उन्होंने आला अधिकारियों से शिकायत भी की थी। मामले की जांच स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक समीरपाल सरो को सौंपी गई थी। उन्होंने एलईडी टेंडर घोटाले की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी थी। इस दौरान निगम आयुक्त मौहम्मद शाइन का तबादला हो गया। जिसके बाद नगर निगम के अधिकारियों ने एलईडी घोटाला को भी दबा दिया। स्थानीय निकाय विभाग के स्तर पर इस मामलें में कहां तक जांच पड़ताल की गई है। यह बात अभी तक उजागर नहीं हो पाई है।

### ठेकेदार को पहुंचाया फायदा

शहर के ज्यादातर हिस्सों में स्ट्रीट लाइटें खराब तो कुछ स्थानों पर लाइटें हैं ही नहीं। शाम ढलते ही गड्ढे अंधेरे में दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं। मरम्मत का ठेका खत्म होने के बाद एलईडी लाइटों को बदलने का काम भी ठप पड़ा है। निगम के ऐप 311 पर शिकायतों का बिना स्ट्रीट लाइट ठीक किये समाधान हो रहा है। जबकि सवाल यह है कि जब एलईडी की पांच साल रख रखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की है तो निगम अधिकारियों द्वारा उन्हीं से खराब लाइटों को क्यों नहीं बदलवाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ नगर निगम के पास खंबों पर लगी एलईडी लाइटों को बदलने के लिए गाड़ियां, अन्य संसाधन और कर्मचारी भी मौजूद हैं। निगम चाहे तो खुद खराब एलईडी लाइटों को बदलने का काम कर सकता है। निगम की इस लापरवाही का एलईडी लाइटें उपलब्ध कराने वाले ठेकेदार को पूरा फायदा मिल रहा है।

### उतारने का भी दिया था ठेका

निगम द्वारा शहर में पहले से लगी पुरानी हैलोजन लाइटों को उतारने का ठेका 80 लाख रुपये में दिया था। क्योंकि इनके जगह एलईडी लाइटें लगानी थी। हालांकि अभी शहर के अनेक हिस्सों में पुरानी स्ट्रीट लाइटें लगी हुई हैं। उतारी गई स्ट्रीट लाइटों का क्या हुआ, इसका जवाब किसी के पास नहीं हैं। वहीं निगम ने मरम्मत के ठेके देने के नाम पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च किए थे। लेकिन मरम्मत के नाम पर कुछ नहीं किया गया। शहर के ज्यादातर स्ट्रीट लाइटों को जलाने और बुझाने के लिए स्वीच तक नहीं है। दो तारों को जोडकर जुगाड़ से स्ट्रीट लाइटें जलाई और बुझाई जाती हैं। मरम्मत के ठेकेदार खराब लाइटों को बदलने के लिए निगम के संसाधनों का ही इस्तेमाल करते रहे हैं।

### 10 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता की शपथ दिलाई

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने आज मंगलवार को 10 विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान की है। नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 5 के अधीन भारत के नागरिक के रूप में रजिस्ट्री कृत करने अथवा धारा 6 के अधीन उसे देशीकरण संबंधी प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिए उसके द्वारा प्रयोग की जाने वाली शक्तियों के तहत यह नागरिकता जिलाधीश विक्रम सिंह ने प्रदान की है।

आज विदेशी नागरिकों को जिलाधीश विक्रम सिंह ने भारतीय नागरिकता की शपथ दिला कर भारतीय नागरिकता लेने वालों में पाकिस्तान से रुकमा, अर्जुन, प्रेम दास, मदन लाल, भूरान, पूजा, हनुमान, राम कली, दयालु, ओम प्रकाश शामिल है।

आपको बता दें पूरे देश में 13 जिलाधीशों को ही भारत सरकार ने यह विदेशी नागरिकों को भारतीय नागरिकता प्रदान करने की शक्ति प्रदान की गई है। इनमें फरीदाबाद का जिलाधीश भी शामिल है। केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता अधिनियम 1955 की धारा 16 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान देश के अल्पसंख्यक समुदायों के किसी भी व्यक्ति इनमें हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई को भारतीय नागरिकता देने का अधिकार जिलाधीश को भारतीय नागरिकता अधिकार देने का अधिकार प्रदान किया गया है।

## जींद में प्रदेश स्तर पर मनेगी सैन महाराज जयंती

सात्विक देव , भरोसा मित्र

फरीदाबाद । प्रदेश के प्रत्येक जिले से सैन समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भेंट कर 4 दिसंबर को जींद में राज्यस्तरीय सैन जयंती मनाए जाने और उसमें मुख्यातिथि के रूप में पधारने के लिए निमंत्रण दिया।

उल्लेखनीय है कि जींद जिले में 4 दिसंबर को हरियाणा प्रदेश में आजादी के बाद पहली बार सैन जयंती सरकार द्वारा मनाई जा रही है। यह जानकारी देते हुए प्रदेश युवा सैन समाज के कुलदीप सैन ने बताया कि मुख्यमंत्री ने सभी सैन बंधुओं का अनुरोध स्वीकार कर लिया और कहा कि सैन जयंती पर वह अवश्य आएंगे। उन्होंने कहा कि श्री सैन महाराज सर्व समाज के कल्याण के लिए पूरे भारतवर्ष में भ्रमण करते थे तथा हर समाज के कल्याण के लिए सैन जी महाराज हमेशा तत्पर रहते थे।

मुख्यमंत्री से मिलने वालों में कैशकला बोर्ड, हरियाणा के पूर्व चेयरमैन सुरेश सैन, पूर्व वाईस चेयरमैन यशपाल ठाकुर, प्रदेश सैन समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सैन, उपाध्यक्ष सुखबीर सैन, सचिव राजू सैन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रत्येक जिले से, भिवानी से जगदीश जायलवाल सैन, सुरेश सैन, चरखी दादरी से, रणधीर सिंह सैन, पलवल से महेश सैन, गुरूग्राम से महेश सैन, कुरूक्षेत्र से संजीव सैन, पंचकुला से धर्मवीर सिंह सैन, रिवाड़ी से रमेश सैन, कैथल से गौरव सैन, रोहतक से जयभगवान सैन, फतेहाबाद से नरेश सैन, सिरसा से संजय सैन, ध्यान सिंह सैन, जींद से प्रधान हरि सिंह सैन, अम्बाला से जसमेर सिंह सैन, करनाल से चमेल सिंह सैन, हिसार से विनोद सैन आदि गणमान्य लोग मीटिंग में शामिल हुए।

## दिवाली मेला उत्सव : ग्रीन दिवाली मनाने का दिया संदेश

सात्विक देव , भरोसा मित्र

फरीदाबाद । सूरजकुंड मेला परिसर में आगामी 10 नवंबर तक आयोजित सूरजकुंड मेला परिसर में प्रथम दिवाली उत्सव के पांचवे दिन मुख्य चौपाल पर कैंडल सजावट तथा पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों जैसे मॉडर्न बीपी, पब्लिक स्कूल फरीदाबाद, सैफरन पब्लिक स्कूल फरीदाबाद तथा एम.एस.वी.एन स्कूल फरीदाबाद के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया व अपनी सुन्दर कला का प्रदर्शन किया। स्कूली विद्यार्थियों ने पोस्टर के माध्यम से देश-विदेश में चल रहे विभिन्न



सामयिकी को दर्शाया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों के माध्यम से पर्यटकों को विभिन्न सकारात्मक संदेश दिए। स्कूली बच्चों ने दिवाली महोत्सव व सहित अन्य विभिन्न दृश्यों को पोस्टर के माध्यम से कागजों पर उतारा। तथा कैंडल सजावट प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार से मोमबत्तियों की सजावट की जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।प्रतियोगिता के बाद अपनी कला का बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया तथा उनकी हौसला अफजाई की गयी।

### पुरस्कार प्राप्त करने वाले स्कूल

सूरजकुंड दिवाली उत्सव में मोमबत्ती सजावट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कारमॉडर्न बीपी, पब्लिक स्कूल फरीदाबाद, द्वितीय पुरस्कार सुप्रिया शर्मा, रंजन सैफरन पब्लिक स्कूल फरीदाबाद तथा तीसरा पुरस्कार वैष्णवी, एम.एस.वी.एन स्कूल फरीदाबाद के छात्र छात्राओं ने प्राप्त किया।

## स्पोर्ट्स मीट में देखने को मिले शानदार मुकाबले

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल, एसपीएस इंटरनेशनल में तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट में दूसरे दिन भी खिलाड़ियों ने बहाया खूब पसीना7 ज्ञात रहे की एसपीएस इंटरनेशनल की इस दूसरी स्पोर्ट्स मीट का शुभारंभ ओलंपिक मेडलिस्ट एवं पद्मश्री अवार्ड से सम्मानित पहलवान योगेश्वर दत्त ने किया था7 इस स्पोर्ट्स मीट में पलवल एवं आसपास के जिलों के करीब 55 स्कूलों के 1500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया है7 दूसरे दिन की प्रतियोगिता में तैराकी, खो-खो, वॉलीबॉल, कबड्डी, एथलेटिक्स, ताइक्वांडो और योगा के दिलचस्प मुकाबला देखने को मिले7 विद्यालय के संस्थापक सुरेश भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों में असीमित प्रतिभाएं छुपी हुई हैं जीने इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से सामने लाकर और तराशा जा सकता है ताकि भविष्य में यही विद्यार्थी न केवल अपने क्षेत्र का बल्कि अंतरराष्टीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर अपने देश का भी नाम रोशन कर सकते हैं7 उन्होंने बताया



कि एसपीएस इंटरनेशनल प्रतिवर्ष तीन दिवसीय स्पोर्ट्स मीट का आयोजन करवाता है जिसमें पलवल एवं आसपास के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं7 एसपीएस इंटरनेशनल केवल अपने विद्यालय के छात्रों का ही नहीं बल्कि क्षेत्र के सभी विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित कर उनके प्रदर्शन को बेहतर करने के मार्ग पर अग्रसर है। हाल ही में उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा समाज को संगठित करने का संदेश लेकर एक 10 किलोमीटर की मैराथन का भी सफल आयोजन किया था जिसमें 6000 से ज्यादा प्रतिभागियों ने दौड़ लगाई थी जो कि पूरे पलवल ही नहीं बल्कि आसपास के क्षेत्र में भी चर्चा का विषय बनी थी7विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर संतुष्टि थापर ने बताया कि एसपीएस इंटरनेशनल की इस स्पोर्ट्स मे स्कूली खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बनता है तथा उन्होंने स्पोर्ट्स मीट की तुलना एक मिनी ओलंपिक से की और साथ ही उन्होंने कहा कि अब वो दिन भी दूर नहीं जब हमारे पलवल के बच्चे ओलंपिक में ज्यादा से ज्यादा पदक लाकर न केवल अपने जिले का बल्कि अपने देश का नाम भी रोशन करेंगे7अंडर-19(गर्ल्स) वॉलीबॉल के मुकाबले में डीपीएस बल्लबगढ़ एवं आदर्श विद्या मंदिर स्कूल कोसी के छात्र फाइनल में पहुंचे वहीं खो-खो में तीन राउंड जीतने के बाद एस पी एस इंटरनेशनल एवं त्यागी मॉडर्न स्कूल होडल की टीम फाइनल में पहुंची7 अंडर-14 रिले रेस में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर एसपीएस इंटरनेशनल की टीम ने कब्जा जमाया वहीं तीसरे स्थान पर मॉडर्न स्कूल फरीदाबाद रहा7 लड़को की अंडर-17 रिले रेस में मॉडर्न स्कूल फरीदाबाद पहले स्थान पर ,दूसरे स्थान पर मॉडर्न पब्लिक स्कूल फरीदाबाद एवं तीसरे स्थान पर एस एन डी स्कूल रहा7 लड़कों की अंडर-19 की रिले रेस के फाइनल मुकाबले में कुल 7 स्कूल पहुंचे हैं जिसका फाइनल मुकाबला कल होगा7 योगा, कबड्डी और तैराकी में भी कमाल के मुकाबले देखे गए7 तीन दिवसीय प्रतियोगिता का समापन 8 नवंबर को होगा जिसके माध्यम से एसपीएसआई कप के असल हकदार का फैसला होगा 7 ज्ञात रहे की इस प्रतियोगिता के मुख्य आकर्षण एसपीएसआई कप के लिए ही तीन दिन तक सभी खिलाड़ी एसपीएस के मैदान में अपना पसीना बहा रहे हैं ।

### बाल श्रम को लेकर की समीक्षा बैठक

**फरीदाबाद।** राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एससीपीसीआर) के सदस्य श्री गणेश कुमार और महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा सुमन देवी सदस्य एससीपीसीआर ने सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में सुबह 10 बजे से 2 बजे के बीच बाल श्रम को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और फरीदाबाद व पलवल में बाल श्रम को लेकर यहाँ की व्यवस्थाओं की बारीकियों से जांच की गई। श्री गणेश ने बाल श्रम पर बोलते हुए कहा कि बल श्रम के अनेकों प्रकार है, जिसमें उन्होंने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी प्रकार का श्रम नही करवाया जा सकता और 15 वर्ष से 18 वर्ष की आयु के बच्चों से बाल श्रम की मनाही है। बाल श्रम होटलों व ढाबों, फैक्ट्रियों, भीख मांगने, कलाकार जागरण पार्टी, कबाड़ बीनने, नशे के कार्यो में संलिप्त करने, भट्टे पर ईट बनाने, मछ्ली पालन, ड्रग्स पैडलर, वर्कशाप व साधुओं के साथ सेवा के नाम पर बाल श्रम करवाया जाता हैं। श्रीमति सुमन देवी ने कहा कि आगामी 20 नवंबर 2023 से 10 दिसंबर 2023 तक सभी विभाग टास्क फोर्स गठित करके बाल श्रम को रोकने का प्रयास करेंगे ।

## कड़ी मेहनत से जीवन में हर मुकाम हासिल कर सकते हैं : जसलीन कौर

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल, दिल्ली पब्लिक स्कूल पलवल में सपैकटर्म कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम में विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जमकर समां बांधा।इस कार्यक्रम में 20 देशों की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। जिससे कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों व अभिभावकों ने जमकर सराहना की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी जसलीन कौर थी।- यह कार्यक्रम वसुधैव कुटुम्बकम% के मुख्य उद्देश्य के लिए समर्पित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ए एस पी मिस जसलीन कौर ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एस पी लाल विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के शुरूआत स्वागत गीत पेश कर की गई। कार्यक्रम में 20 देशों की संस्कृति को प्रस्तुत किया गया। ए एस पी जसलीन कौर ने अपना अनुभव बताते हुए छात्रों को संबोधित किया तथा छात्रों द्वारा पूछे गए कई प्रश्नों का उत्तर भी दिया तथा प्रतिभाशाली छात्रों को उन्नति की दिशा



में बढ़ने की प्रेरणा दी। स्कूल के प्रधानाचार्य हरीश सचदेवा ने विद्यालय की प्रगति की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विद्यालय प्रो वाइस चैयरमेन एस पी लाल ने छात्रों तथा अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को अपना लक्ष्य बना कर आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम की प्रशंसा की तथा कहा कि यह विद्यालय इसी तरह उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता रहे। विद्यालय की उपप्रधानाचार्या नीलम सांधा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा छात्रों को उन के जीवन से प्रेरित होने के लिए प्रेरणा दी। विद्यालय की मुख्याध्यापिका सुचारिता ने मुख्य अतिथि तथा सभी अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम

विधायक ने पलवल के खंड बडौली के पांच गांवों में किया जन-संवाद

# युवा योग्यता के आधार पर प्राप्त कर रहे सरकारी नौकरी : गुप्ता

**विधायक नरेंद्र गुप्ता ने गांव नगलिया में ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए राशन डिपो को मौके पर ही खुलवाकर राशन वितरित करवाया**

भगत सिंह तेवतिया, भरोसा मित्र

पलवल, हरियाणा प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में युवा योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी प्राप्त कर रहे हैं। आज के समय में युवाओं का पढाई की ओर रूझान अधिक बढा है। यह वक्तव्य मंगलवार को बडौली खंड के नगलिया गांव में जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने व्यक्त किए। इस मौके पर उनके साथ विधायक दीपक मंगला भी मौजूद रहे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने गांव नगलिया में ग्रामीणों की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए राशन डिपो को मौके पर ही खुलवाकर राशन वितरित करवाया। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने नगलिया गांव के पश्चात खंड बडौली क्षेत्र के गांव कुलेना, हसापुर, बलई और प्रहलादपुर में भी ग्रामीणों के साथ संवाद कर समस्याएं सुनकर मौके पर मौजूद विभागों के अधिकारियों को लोगों की समस्याएं दूर करने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने गांव बलई में नॉलेज सेंटर के निर्माण में अनियमितता के लिए पंचायत विभाग के उपमंडल अधिकारी व सचिव को लताड लगाते हुए कहा कि वे नॉलेज सेंटर के निर्माण में प्रयोग की गई सामग्री के नमूने लेकर उसकी जांच करवाएं और निर्धारित समयावधि के अंदर-अंदर निर्माण कार्य को पूर्ण करवाना सुनिश्चित करें। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों को घर द्वार पर सरकार की सेवा-सुविधाएं प्रदान करने के लिए खादर क्षेत्र के सभी गांवों में लोगों




के परिवार पहचान-पत्र, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पैंशन आदि संबंधी दस्तावेजों को पूर्ण करवाने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से शिविर लगाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को गांव हसापुर में स्कूली जमीन पर कब्जा धारको से जमीन को मुक्त करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकार ने पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का कार्य किया है। लोगों को पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन घर बैठे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व परियोजनाओं की सुविधाएं मिल रही है। विधायक नरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि सरकार गरीब के साथ है और हर वर्ग की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू कर रही है। सरकार ने प्रदेश और देश में पिछले नौ वर्षों में व्यवस्था परिवर्तन करने का काम किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं और उनके नेतृत्व में सरकार के मंत्री, सांसद गण, विधायक गण प्रदेश के सभी गांवों और शहरों के वार्डो में लोगों के बीच पहुंचकर जन संवाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं को सुन रहे है और मौके पर ही उनका निवारण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश के लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ स्वास्थ्य व शिक्षा सहित बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्प है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गरीब परिवारों को बेहतर ईलाज के लिए आयुष्मान योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश में चिरायु योजना को क्रियांवित किया है। आयुष्मान चिरायु योजना को क्रियान्वित करके गरीब परिवारों को पांच लाख रुपए की धनराशि तक का मुफ्त में सालाना इलाज करवाया जा रहा है। इस योजना के तहत गरीब परिवार जिनकी सालाना आमदनी 1 लाख 80 हजार रुपए से कम है वह परिवार पैनल के निजी हस्पतालों में एक वर्ष में पांच लाख रुपए तक का मुफ्त ईलाज करवा सकते हैं। इसके अलावा जिन परिवारों की सालाना आय तीन लाख रुपए तक है वे 1 हजार 500 रुपए वार्षिक अदा करके इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायतों ने अपने-अपने मांगपत्र भी विधायक नरेंद्र गुप्ता को सौंपे। इनमें मुख्य रूप से गांवों की गलियों के निर्माण, चौपाल निर्माण व नवीनीकरण, पेयजल आपूर्ति, बिजली की लाइनों को ठीक करवाने, रास्तों को पक्का करवाने आदि कार्य शामिल रहे। विधायक दीपक मंगला ने विधायक नरेंद्र गुप्ता का पलवल विधानसभा क्षेत्र के जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर स्वागत व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि योजना के तहत किस्त किसानों के सीधे खाते में आ रही है। किसानों को इस किस्त से खाद बीज की खरीद में सहायता मिल रही है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का फीडबैक मौके पर जाकर लिया जा रहा है। प्रदेश की जनता के साथ मुख्यमंत्री मनोहर लाल स्वयं भी जन संवाद कर रहे हैं, ताकि लोगों की समस्त समस्याओं का निदान हो सके। जनसंवाद कार्यक्रमों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक नरेंद्र गुप्ता व विधायक दीपक मंगला सहित सभी अतिथियों का फूलमालाएं पहनाकर व पगडी बांधकर भव्य स्वागत किया।इस अवसर पर डीएसपी दिनेश कुमार, तहसीलदार प्रेम प्रकाश, बीडीपीओ प्रवीन कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी मामराज रावत, पलवल निगरानी समिति के पूर्व चेयरमैन मुकेश सिंगला, बीजेपी के जिला सचिव हरीश कुलेना, चांदहट मंडल अध्यक्ष जोगिंद्र सिंह, जिला पार्षद चरण सिंह, नगलिया के सरपंच प्रतिनिधि जसविंदर, हसापुर के सरपंच मांगेराम खडगसिंह, प्रहलादपुर के सरपंच पदम सिंह, बलई के सरपंच नरेश कुमार, कुलेना की सरपंच संगीता, गजेंद्र, श्यामलाल, जगदीश, यशपाल कमरावली सहित गांवों के पंच-सरपंच, विभागों के अधिकारी और ग्रामीण मौजूद रहे।

# मैक्सवेल का तूफान, उड़ गया अफगानिस्तान

नई दिल्ली, एजेंसी।

वानखेड़े में अफगानिस्तान और ऑस्ट्रेलिया विश्व कप मैच के दौरान क्रिकेट फैंस ने मंगलवार को एक क्रिकेटर का अविश्वसनीय साहस देखा। ग्लेन मैक्सवेल की 201 रन की अविजित पारी। चोट लगी, दो-दो बार फीजियो आए, रन लेने में दिक्कत आ रही थी पर मैक्सवेल न रुके ना थके। 8वें विकेट के लिए 202 रन की साझेदारी की और 292 का टारगेट हासिल कर लिया। मैक्सवेल की इस साहसिक पारी से ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान को 3 विकेट से हराया। टीम ने 91 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से मैक्सवेल ने कमिंस के साथ 8वें विकेट के लिए नाबाद 201 रन की रिकॉर्ड साझेदारी करके सबसे बे ा रन चेज किया। वानखेड़े स्टेडियम में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी, टीम ने 50 ओवर में 5 विकेट पर 291 रन बनाए। ओपनर इब्राहिम जादरान ने 129 रन की नॉटआउट पारी खेली। 292 रन का टारगेट ऑस्ट्रेलिया ने 46.5 ओवर में 7 विकेट खोकर हासिल कर लिया। टीम से ग्लेन मैक्सवेल ने सेंचुरी लगाई।





ग्लेन मैक्सवेल की 201 रन की अविजित पारी

## सेमीफाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

अफगानिस्तान को हराकर ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में क्वालिफाई कर लिया, वहीं अफगानिस्तान के क्वालिफाई करने की उम्मीदें अब बेहद कम हो गईं। ऑस्ट्रेलिया के 8 मैचों में 6 जीत से 12 पॉइंट्स हैं और टीम पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर है। जबकि अफगानिस्तान के 8 मैचों में 4 जीत से 8 पॉइंट्स हैं और टीम छठे नंबर पर ही बरकरार है। ऑस्ट्रेलिया के अलावा साउथ अफ्रीका और भारत भी सेमीफाइनल में क्वालिफाई कर चुके हैं। जबकि नंबर-4 की पोजिशन पर क्वालिफाई करने के लिए अब अफगानिस्तान के अलावा न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और नीदरलैंड में रेस है। 292 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी कंगारू टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने दूसरे ही ओवर में 4 रन के स्कोर पर ट्रैविस हेड का विकेट गंवा दिया। यहां से मिचेल मार्श और डेविड वॉर्नर ने पारी संभाली। मार्श तेज खेल रहे थे लेकिन छठे ओवर में वह भी नवीन-उल-हक का शिकार हो गए। 9वें ओवर में तेज गेंदबाज अजमतुल्लाह ओमरजई ने लगातार गेंदों पर डेविड वॉर्नर को बोल्ड और जोश इंग्लिस को स्लिप में कैच करा दिया।



## खबर फटाफट

### वर्षा ने जीता मिस फ्रेशर का खिताब



**बहादुरगढ़** ( प्रेम शर्मा ): एम डी कॉलेज ऑफ एजुकेशन के तत्वाधान में नए आगन्तुक छात्र .छात्राओं के स्वागत में बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक रामनिवास छिल्लर कॉलेज के निर्देशक एडवोकेट प्रवीण छिल्लर तथा प्रबन्धक मण्डल के सदस्य डॉ सीमा छिल्लर डॉ पूनम छिल्लर समस्त प्रवक्तागण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभार भ विद्या की देवी माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में बी एड प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्रों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम को प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने रामायण की चौपाई समूह गान समूह नृत्य एकल नृत्य व शायरी इत्यादि को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मिस फ्रेशर का खिताब वर्षा ने जीता।महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुरबाला पैकरे ने सभी भावी अध्यापको का स्वागत किया तथा उनके उ÷वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी ताकि छात्र राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभा सके। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुमित कुमार उर्मिला मोहित अंजू व रीना ने अहम भूमिका निभाई।

### कार ने ई रिक्शा को मारी टक्कर दो सवारियां घायल

**बहादुरगढ़** ( प्रेम शर्मा ): नजफगढ़ रोड स्थित बालाजी मंदिर के पास एक कार चालक ने ई.रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में ई.रिक्शा चालक सहित 2 सवारियां घायल हो गई। पुलिस ने महिला सवारी की शिकायत पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता बैंक कॉलोनी निवासी श्रुति ने बताया कि सोमवार को वह ई.रिक्शा में सवार होकर गंगा इंटरनेशनल स्कूल में अपने ब'चे को लेने जा रही थी। उसके साथ एक महिला सवारी भी बैठी थीए जिसका वह नाम नहीं जानती। जब वे बालाजी मंदिर के पास पहुंचे तो एक कार चालक ने ई.रिक्शा में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में वे तीनों घायल हो गए। आरोपी गाड़ी चालक अपनी कार मौके पर छोड़कर भाग गया। राहगीरों ने उसे संभाला और उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### दीपावली पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

**बहादुरगढ़** ( प्रेम शर्मा ): दीपावली 12 नवंबर को है। बाजारों में रौनक बढने लगी है। जहां दुकानों पर रंग.बिरंगी लाइटें सज गई हैं वहीं सड़क किनारे दुकानों के आगे दीपावली पर्व को लेकर घरों में सजावट के सामानों की अस्थायी दुकानें भी लग गई है। अनेक महिलाओं.पुरुषों ने इन दुकानों पर रंग.बिरंगी फुलझडियांए गुलदस्ते व अन्य सजावटी सामान की खरीदारी भी शुरू हो गई है। शहर के रेलवे रोडए मेन बाजारए नाहरा.नाहरी रोडए दिल्ली.रोहतक रोडए झज्जर रोड समेत अनेक जगहों पर भीड़ बढने लगी है। रेलवे रोड के दुकानदार मनोज व शफीक ने बताया कि अभी ग्राहक 'यादा नहीं आ रहे। जैसे ही 5 पर्वों की लड़ी शुरू होगी तो उस दौरान एकाएक बाजार में घरों की साज सजावट करने के लिए सामान की खरीददारी भी जोर पकड़ेगी। दीपावली पर्व 12 नवंबर को है ऐसे में घरोंए दुकानोंए प्रतिष्ठानों की साज सज्जा से लेकर गिफ्ट आइटम तक बेचने वाले दुकानदारों की अस्थायी दुकानें सड़क किनारे सज गई हैं।

### दीपावली मिलन समारोह में बुजुर्गों को किया सम्मानित



**पलवल।(भरोसा मित्र):** चौधरी हीरालाल मेमोरियल एजुकेशनल एवं कल्चर सोसायटी छज्जूनगर की ओर से ऐतिहासिक दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के करीब 400 पेंशनधारक महिला-पुरुषों को, आसपास के दस गांवों की सिरदारी (पंच-सरपंच), ब्लॉक समिति व जिला परिषद के सदस्यों को मिठाई व शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सोसायटी के चेयरमैन धर्मवीर सिंह चौहान ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रुप में पलवल के विधायक दीपक मंगला मौजूद रहे। कार्यक्रम में सीएमओ एनके गर्ग व डीडीपीओ ऊपमा अरोड़ा मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार के कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा बढ़ता है, इसके लिए छज्जूनगर गांव के सरपंच पति चौधरी धर्मवीर चौहान बधाई के पात्र है। विधायक ने गांव के सभी बुजुर्गों व पेंशनधारकों को मिठाई व शॉल भेंट कर जोरदार स्वागत किया।

#### प्रधान धर्मवीर चौहान ने एक ईको गाड़ी गांव छज्जूनगर को भेंट की

रोटरी क्लब पलवल सिटी की ओर से प्रधान धर्मवीर चौहान व उनकी टीम ने एक ईको गाड़ी गांव छज्जूनगर को सौंपी, जो गांव की बहन-बेटियों को गांव से पलवल पढ़ने के लिए लाने-ले-जाने व गांव में किसी भी महिला को कोई परेशानी आने पर अस्पताल ले जाने का काम करेगी। गाड़ी की सेवा ग्रामीणों के लिए बिल्कुल मुफ्त रहेगी। धर्मवीर चौहान ने कहा कि उन्हें गांव के बुजुर्गों व महिलाओं का इतना आर्शिवाद प्राप्त है कि पहली बार गांव में सरपंची का चुनाव लड़े तो उन्हें चुनाव जीता दिया। स्कूल के चेयरमैन सागर चौहान व प्रिंसिपल ब्रहमदत्त ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने से मन को खुशी मिलती है। चेयरमैन धर्मवीर चौहान ने कहा कि पहले भी वे बुजुर्गों का इसी प्रकार सम्मान करते रहे है और आगे भी करते रहेंगे। कार्यक्रम में छज्जूनगर सहित आप पास के करीब दस गांवों की सिरदारी के अलावा महिला-पुरुष भी पहुंचे। कार्यक्रम में पहुंचे सभी का मिठाईयां भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के अंत में भंडारे का भी आयोजन किया गया, माईक पर बार-बार यह सुनाई दे रहा था कि कोई बिना प्रसाद लिए हुए और सम्मान के न चला जाए।

## बिजली मंत्री के दारू वाले बयान पर आप नेता ने सरकार को घेरा

# प्रदेश के लोगों को दारुबाज कहकर उनका मजाक उड़ा रहे सरकार के मंत्री : अशोक तंवर

भरोसा मित्र ब्यूरो



चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के चुनाव प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर ने महंगे बिजली बिल आने पर बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के दारू छोड़कर बिजली बिल भरना शुरू कर दो के बयान को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि बिजली मंत्री महंगे बिजली बिल आने पर प्रदेश की जनता को राहत देने की बजाय उनको दारुबाज कहकर उनका बजाक उड़ा रहे हैं। खट्टर सरकार ने प्रदेश की जनता को शराबी बताकर घोर अपमान किया है। आने वाले समय में प्रदेश लोग बिजली मंत्री को इसका जवाब जरूर देंगे।उन्होंने कहा कि पूरा हरियाणा बिजली संकट से जूझ रहा है और महंगे बिजली बिलों से हर हरियाणा वासी त्रस्त है। उन्होंने कहा कि कैथल में एक बुजुर्ग जो पेंशन से गुजारा करते हैं। एक कमरे का टूटा हुआ मकान है और मकान में एक पंखा और एक बल्ब है। उसका बिजली बिल 4 लाख से ज्यादा का आया। यदि आम आदमी पार्टी की सरकार होती तो बिजली बिल ही नहीं आता। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी बिजली मंत्री रणजीत चौटाल हरियाणा के 5700 से ज्यादा गांव में 24 घंटे में बिजली देने की कह चुके हैं, लेकिन बिजली मंत्री अपने खुद के गांव में तो 24 घंटे बिजली दे नहीं सकते पूरे हरियाणा को क्या देंगे। बिजली मंत्री के खुद के गांव में 8 से 10 घंटे बिजली के कट लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में गरीब लोगों के लिए बिजली का बिल भरना किसी आफत से कम नहीं है। आम लोगों का 50 हजार से एक लाख रुपए तक का बिल आ रहा है। जबकि दिल्ली और पंजाब में 24 घंटे बिजली मुफ्त मिल रही है, हरियाणा में महंगी बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी ने सरकार बनते ही बकाया बिजली बिलों को माफ कर दिया था। जब पंजाब और दिल्ली में बिजली के बिल माफ हो सकते हैं तो हरियाणा में क्यों नहीं।

### स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को चूना लगा रही गठबंधन सरकार

उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार पहले महंगी बिजली और अब स्मार्ट मीटर के नाम पर लोगों को चूना लगा रही है। स्मार्ट मीटर का उपभोक्ताओं को कोई फायदा नहीं हो रहा है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद अब लोगों के कई गुना बिजली के बिल आ रहे हैं। स्मार्ट मीटर से प्रदेश के गरीब और जरूरतमंद लोगों का शोषण हो रहा है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के तुरंत बाद पंजाब की तर्ज पर बकाया बिजली के बिल माफ किए जाएंगे।

## राज्यपाल से मिला ऑटो चालक मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल, मांगों का ज्ञापन सौंपा

**गुरुग्राम।** हरियाणा ऑटो चालक संघ सम्बंधित भारतीय मजदूर संघ का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से गुरुग्राम स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाऊस में मुलाकात की और 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में भारतीय प्राईवेट ट्रांसपोर्ट मजदूर महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष योगेश शर्मा, महामंत्री रवि शंकर अलूरी, हरियाणा ऑटो चालक संघ के उपाध्यक्ष सुनील राघव, कोषाध्यक्ष नवीन कुमार, हरियाणा ऑटो चालक संघ के पूर्व उपाध्यक्ष गोपाल दास, पश्चिम बंगाल से गौतम दास, श्रीनगर से मौहम्मद जावेद और मौहम्मद यूनीस, दिल्ली से आशाराम भी शामिल हुए। इस अवसर पर प्रतिनिधिमण्डल ने शॉल औढाकर राज्यपाल का गुरूग्राम पहुंचने पर अभिनन्दन किया।

## तिरंगे पर कंपनी का लोगो देख गुस्सा हुए गावस्कर

कोलकाता, एजेंसी।



कमेंटेटर और पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने कहा कि तिरंगे पर कंपनी का ऐड देखकर वह विचलित हो गए। उन्होंने कहा कि अगर अगली बार कुछ ऐसा देखे तो पुलिस को झंडे को जब्त करने के साथ ही उन लोगों के खिलाफ भी एक्शन होना चाहिए, जो तिरंगे पर किसी तरह का ऐड करते हैं। विश्व कप की ब्रॉडकास्ट कंपनी के लिए कमेंट्री कर रहे गावस्कर ने ईडन गार्डन में भारत और साउथ अफ्रीका मैच के बाद कहा था कि श्रेयस अय्यर से सवाल पूछना चाहते थे, पर वह उनसे सवाल नहीं कर पाए, क्योंकि वह तिरंगे पर कंपनी का नाम देखकर विचलित हो गए। जब अय्यर इंटरव्यू देने के लिए आए, तब गावस्कर की नजर उनके पास से गुजरे एक तिरंगे पर पड़ी, जिस पर कंपनी का नाम लिखा हुआ था। गावस्कर ने कहा कि मैं सब कुछ भूलकर उन्हें देख रहा था, और उन्हें संकेत देने की कोशिश कर रहा था।

## नगर परिषद पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य बने भाजपा के पार्षद विशाल गर्ग

प्रेम शर्मा, भरोसा मित्र

बहादुरगढ़ । नगर परिषद की पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य का चुनाव मंगलवार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस चुनाव में नगर परिषद की चेयरपर्सन और भाजपा समर्थित उ मीदवार प्रवीण को पार्षद विशाल गर्ग ने हराकर चुनाव जीत लिया। बीजेपी के ही पार्षद विशाल गर्ग को कांग्रेसए इनेलो और भाजपा के बागी पार्षदों का साथ मिला। जिसकी बदौलत ×2 में से 19 वोट विशाल गर्ग को मिले। नगर परिषद की पेमेंट अप्रूवल कमेटी के नवनिर्वाचित सदस्य विशाल गर्ग का कहना है कि अब शहर के गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्यों का ही भुगतान किया जाएगा। विकास कार्यों में गुणवत्ता पर किसी भी तरह का समझौता अब नहीं होगा। उन्होंने तमाम राजनीतिक पार्टियों से जुड़े साथी पार्षदों का आभार भी व्यक्त किया। झज्जर जिले के डीएमसी जगनिवास ने बताया कि इस चुनाव में भाजपा के पार्षद प्रवीण और विशाल गर्ग पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य पद के लिए आमने.सामने थे। इस चुनाव में विशाल गर्ग को 19 वोट मिले जब की प्रवीण कुमार को महज 1× वोट ही मिल सके। डीएमसी जगनिवास का कहना है कि अब शहर के विकास कार्य को तेजी मिलेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही शहर की टूटी हुई सड़कों की हालत सुधरेगी। इतना ही नहीं उन्होंने दीपावली से पहले शहर को रोशन करने के लिए नई स्ट्रीट लाइटें भी खरीदने की बात कही। विशाल गर्ग भले ही भाजपा के सिंबल पर चुनाव लड़कर पार्षद बने हो लेकिन बहादुरगढ़ नगर परिषद की भाजपा चेयरपर्सन सरोज राठी से उनकी विकास कार्यों को लेकर नहीं बन रही थी। इतना ही नहीं कांग्रेस इनेलो और निर्दलीय पार्षदों को भी अपने वार्डों में विकास कार्य करवाने को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसीलिए सभी ने मिलकर पेमेंट अप्रूवल कमेटी के सदस्य के रूप में विशाल गर्ग को जिताया है ।

## राष्ट्रीय खेलों में चांदपुर के संजीत कुंडू ने जीता सोना

प्रेम शर्मा, भरोसा मित्र



बहादुरगढ़ । 7वें राष्ट्रीय खेलों में गांव चांदपुर के संजीत कुंडू ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए प्रतिद्वंदियों को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लाला दीवान चंद कुश्ती एवं योग केन्द्र गांव में उनका जोरदार अभिनंदन किया गया। संजीत के गुरु आर्य विरेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों में 86 किलोग्राम भार वर्ग के फ्री स्टाइल वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने बताया कि संजीत ने पहले भी 86 किलोग्राम में सीनियर एशियाई कुश्ती में कांस्य पदक जीता था और 2015 में एशिया कैडेट कुश्ती में भी स्वर्ण पदक जीता था। विजेता पहलवान का अखाड़ा में पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन किया गया। संजीत ने पहली कुश्ती में फर्ज हुसैन मध्य प्रदेश को 1 .0 से हराया दूसरी कुश्ती में राकेश को 10 .0 से हराया सेमीफाइनल में अशोक राज कर्नाटक को 10 जीरो से हराया और फाइनल में संदीप मान पंजाबी को 11.0 से हराकर सभी पहलवानों को टेक्निकल आधार पर हराया। संजीत भारतीय नौसेना में सीनियर पीण्टीण् ऑफिसर के पद पर कार्यरत है और वहां कुश्ती कोच कुलदीप सहरावत के मार्गदर्शन में अब कुश्ती का अ यास भारतीय नौसेना में कर रहा है। अखाड़े में पहुंचने पर गुरु आर्य वीरेंद्र सिंह एविजेंद्र कोच, राकेश अहलावतएप्रदीप पहलवान समाजसेवी भूपेंद्र अहलावतए आशीष जून आर्य अनेन्द्र आर्य प्रमोद और मास्टर करतार सिंह ने नोटों की माला पहनकर स मान किया और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और खेलो के साथ जुडने के लिए उत्साहित किया।

**नमन** शहीद महेंद्र सिंह का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

# चार महीने के पुत्र रिसव ने दी मुखाग्नी

- शहीद के अंतिम संस्कार में केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर व पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार और क्षेत्र के हजारों लोग हुए शामिल

भरोसा मित्र ब्यूरो

पलवल। जिला के गांव गढी पटटी निवासी शहीद महेंद्र सिंह का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। शहीद महेंद्र सिंह राजस्थान के अलवर में तैनात थे।,जिनका अचानक हृदयगति रुकने से निधन हो गया। शहीद महेंद्र सिंह का पार्थिव शरीर को सोमवार को जिला अस्पताल में पहुंच गया था, जहां से मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग से गढी पटटी तक बाईक रैली और सैंकडों वाहनों के काफिल के साथ हजारों लोग वीर सपूत शहीद महेंद्र सिंह के पार्थिव शरीर के साथ गढी रोड स्थित उनके निवास तक पहुंचे।जहां शहीद के परिवार जनों ने शहीद के अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजली अर्पित की। इस मौके पर केद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर,पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार,क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर के साथ उपमंडल अधिकारी रणवीर सिंह ने मौके पर पहुंच कर शहीद को श्रद्धांजलि दी।होडल के गांव गढ़ी पट्टी में सैनिक महेंद्र सिंह के शहीद होने की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसर गया। उनके पार्थिव शरीर आते ही उनके निवास पर हजारों की संख्या में महिला पुरुष एकत्रित हो गए ।शहीद के शव को देखते ही महिला पुरुषों की आखें नम हो गईं। गढी पटटी वीर सपूत के अंतिम दर्शनों के लिए सुबह से ही उनके निवास पर महिला पुरुषों का हजूम उमड पडा। सेना के जवानों ने शहीद को मातम धुन के साथ अंतिम विदाई दी। जिसके बाद पूरा आसमान भारत माता की जय,वंदे मारतम, शहीद महेंद्र सिंह अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा,महेंद्र तेरा नाम रहेगा के जयकारों से गूंज उठा। सेना के जवानों ने शहीद महेंद्र सिंह की वर्दी और तिरंगा को शहीद की पत्नी व भाई को सौंपा। सबसे पहले सेना के अधिकारी मेजर एन.पी.सिंह ने सबसे पहले शहीद को पुप्प चक्र भेंट कर उन्हें श्रद्धांजली दी। उसके बाद शहीद की पत्नी आरती ने अपने पुत्र ऋषभ 3 माह,पुत्री योगिता,कनक व वाणी, उनकी माता मोहनबती,भाई महेश कुमार,बहन सुमन व श्यामबती ने पुष्पांजली अर्पित की उन्हें अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर,विधायक जगदीश नायर,पूर्व मंत्री चौ. हर्षकुमार, देवेंद्र सौरोत,देवेश कुमार, डा. नवीन रोहिल्ला,मोनू कालड़ा, एसडीएम रणवीर सिंह, डीएसपी सज्जन सिंह, तहसीलदार संजीव नागर, सहित विभिन्न सामाजिक, रानजैतिक व शैक्षणिक संस्थाओं के पदाधिकारियों व ग्रामीण महिला पुरुषों ने शहीद को श्रद्धांजली अर्पित की। शहीद के भाई महेश कुमार ने उनके 3 माह के बेटे ऋषभ को गोद में लेकर दी मुखागनी। गढी पटटी निवासी शहीद नायक महेंद्र सिंह सन 2013 में सेना में 322 आर्टलरी मीडियम रेजीमेंट में भर्ती हुए थे। जोकि राजस्थान के अलवर में तैनात थे। शहीद महेंद्र सिंह के अंतिम विदाई देने के लिए आसपास के गावों के हजारों महिला पुरुषों का हुजूम उमड पडा। वहीं क्षेत्र के विधायक जगदीश नायर ने भी मौके पर पहुंच कर शहीद को श्रद्धांजलि दी



### जिले में सबसे ज्यादा जवान आर्मी में दे रहे सेवा

बता दें कि गढी पटटी से पलवल जिले में सबसे अधिक 354 युवक सेना में तैनात होकर देश की रक्षा कर रहे हैं। इससे पहले गढी पटटी निवासी लांस नायक राजवीर सिंह सन 1999 में कारगिल में अपनी शहादत देकर बलिदानी हो चुके हैं। इस मौके पर शहीद को श्रद्धांजलि देने पहुंचे केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल ने कहा की आज इन शहीदों की वजह से ही हमारे देश की सीमाएं सुरक्षित है।गांव गढ़ी पट्टी में जिला पलवल में सबसे जायदा जवान आर्मी में हैं और पहले भी इस गांव के वीर सपूत राजवीर सिंह ने कारगिल की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी है और महेंदर सिंह ने भी देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। उन्होंने कहा की जो भी सरकार से मदद होगी वो शहीद महेंदर सिंह के परिवार की मदद कराएंगे और उन्होंने कहा की इस गांव में शहीद महेंदर सिंह के नाम पर खेल स्टेडियम बनवाया जाएगा। वहीं इस मौके पर पूर्व मंत्री चौधरी हर्ष कुमार ने भी कहा की आज गांव के साथ साथ क्षेत्र के लोगों को भी शहीद महेंदर सिंह पर गर्व है की उसने देश की सेवा करते हुए अपने प्राणों को न्योछावर किए है। इस गांव के नौजवान देश की सेवा करने में सबसे आगे हैं क्यों की इस गांव के लगभग 350 नौजवान फौज में भर्ती होकर देश की सेवा कर रहे हैं।

## बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन विश्व कप से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी।



श्रीलंका के एंजेलो मैथ्यूज और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन से जुड़े टाइम आउट विवाद के ठीक एक दिन बाद, शाकिब को चोट के कारण वर्ल्ड कप से बाहर हो गए है। शाकिब के बाएं हाथ की उंगली में फ्रैक्चर हो गया है। बांग्लादेश का आखिरी विश्व कप मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 12 नवंबर को पुणे में है। हालांकि बांग्लादेश पहले ही विश्व कप के सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका है, फिर भी वे 2025 चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। विश्व कप में लीग स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में जो टीमें टॉप-8 में रहेंगी, वह पाकिस्तान की मेजबानी में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी खेलेंगी। बांग्लादेश टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने मंगलवार को बताया कि, श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को शाकिब को उनकी पारी की शुरुआत में उंगली में चोट लगी थी। लेकिन उन्होंने टेपिंग और पेन किलर दवाओं के साथ बल्लेबाजी करना जारी रखा। 82 रन के साथ बांग्लादेश की जीत में उनका अहम योगदान रहा।

### टाइमआउट कॉन्ट्रोवर्सी में फंसे शाकिब

बांग्लादेश टीम के कप्तान शाकिब श्रीलंका के खिलाफ सोमवार को हुए वर्ल्ड कप मुकाबले में कॉन्ट्रोवर्सी का शिकार हो गए। श्रीलंका की पारी के 25वें ओवर में सदीरा समरविक्रमा का विकेट गिरने के बाद एंजेलो मैथ्यूज ग्राउंड पर आए। वे बैटिंग के लिए तैयार हो रहे थे, तभी उनके हेलमेट का स्ट्रैप टूट गया। ऐसे में उन्होंने दूसरा हेलमेट मंगाया। जब तक ड्रेसिंग रूम से हेलमेट आता और मैथ्यूज खेलने उतरते, 2 मिनट का समय निकल गया था।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रेस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।